सूर्योदय 6:36 सूर्यास्त 5:33

आज का तापमान

शिमला	11.0 न्यू	21.0 अधि
धर्मशाला	12.5 न्यू	23.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74,459.53
निफ्टी	23,053.10

सोना 1,41, 000 चांदी 1,84, 000

भारतेन्दु शिखर

हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू व उत्तराखंड में प्रसारित

आरएनआई नं. HPHIN/2000/02437 | शिमला | रविवार, 1 नवंबर 2026 | 16 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 28, अंक 186, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | info@bhartendushikhar.com | 8894677702

न्यूज शॉर्ट्स

बेंगलुरु: होटल के स्विमिंग पूल में करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत

एजेंसी, बेंगलुरु। बेंगलुरु के 5-स्टार कॉनराड होटल के स्विमिंग पूल में करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम होटल की तीसरी मंजिल पर बने पूल में हुई। मृतकों की पहचान 57 वर्षीय जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन थाइस और 45 वर्षीय स्लोवाकियाई नागरिक जुराज होर्वाट के रूप में हुई है। अलेक्जेंडर लुफ्थांसा एयरलाइंस में क्रू मेंबर, जबकि जुराज आईबीएम में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। दोनों को बचाने की कोशिश में 41 वर्षीय अमेरिकी नागरिक मैथ्यू डीसेंटिस और पूल अटेंडेंट राहुल तिवारी घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है और हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल ने पूल को मेंटेनेंस के लिए बंद कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के खिलाफ लामबंद हुए 24 विधायक

एजेंसी, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद असंतोष सामने आया है। पार्टी के 24 विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट हुए हैं। इनमें 18 विधायकों ने शुक्रवार को श्रीनगर में विधायक कैसर जमशेद लोन के आवास पर बैठक की, जबकि छह विधायक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को मंत्रिमंडल में शामिल किए गए चार नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। साथ ही मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग उठाई। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने के आरोप लगाए गए हैं।

आंध्र प्रदेश में स्कूल के अंदर 10वीं की छात्राओं पर चेनसॉ से हमला

एजेंसी, अनंतपुर। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार सुबह स्कूल की कक्षा के अंदर 10वीं की छात्रा पर पावर चेनसॉ से हमला किया गया। हमले में छात्रा का दायां हाथ कट गया और चेहरे, गर्दन व कान पर गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने पहुंची दूसरी छात्रा भी घायल हो गई। एक छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आरोपी हेमंत उर्फ डुम्मू पीड़िता का रिश्तेदार है। स्कूल में मरम्मत कार्य चलने के कारण सुरक्षा गार्डों ने उसे मजदूर समझकर प्रवेश दे दिया था। वारदात के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने धर्मावरम रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

यूपीआई से मिलेगी बुर्ज खलीफा की टिकट

एजेंसी, नई दिल्ली। विदेश घूमने जाने वाले भारतीयों के लिए अच्छी है। अब दुबई के बुर्ज खलीफा और सिंगापुर के यूनिवर्सल स्टूडियोज जैसी मशहूर जगहों के टिकट बुक करने के लिए इंटरनेशनल क्रेडिट/डेबिट कार्ड या इंटरनेशनल पेमेंट गेटवे के झंझट खत्म हो गई है। यएई में ऑनलाइन पेमेंट और ई-कॉमर्स के लिए यूपीआई की सुविधा देने वाला बुर्ज खलीफा पहला बड़ा टूरिस्ट स्पॉट बन गया है। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि एनपीसीआई की इंटरनेशनल ब्रांच ने दोनों जगहों पर यूपीआई से पेमेंट करने की सुविधा शुरू कर दी है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाया एकजुटता का संकल्प

प्रधानमंत्री ने एकता नगर को दी 400 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी, अहमदाबाद/नर्मदा। नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इससे पहले वे सुबह 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। यहां उन्होंने 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने रेन फॉरेस्ट और वामन वृक्ष वाटिका का दौरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकता नगर में 400 करोड़ रुपए ज्यादा की विकास योजनाओं की शुरूआत की। इनमें सीवेज और जल शोधन संयंत्र, प्रकाश व्यवस्था, नर्मदा घाट के विकास, आईआरसीटीसी होटल और रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में पर्यटकों के लिए रेन फॉरेस्ट' प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। एकता नगर में विकसित यह रेन फॉरेस्ट प्रोजेक्ट प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और टिकाऊ पर्यटन का अनूठा संगम है। यहां



भारत के पश्चिमी घाट, हिमालय और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के वर्षावनों में पाई जाने वाली विभिन्न सदाबहार वनस्पतियों की प्रजातियां लगाई गई हैं। इसके माध्यम से पर्यटकों को वन पारिस्थितिकी, जैव विविधता, वन संरक्षण और स्थानीय वनस्पतियों के महत्व को जानने-समझने का अवसर मिलेगा।

परियोजना में प्रकृति के करीब रहने और मनोरंजन के लिए कई आकर्षण विकसित किए गए हैं। इनमें करीब 220 मीटर लंबा ग्लास डेक स्काईवॉक ब्रिज प्रमुख है। इस पर चलते हुए पर्यटक रेन फॉरेस्ट की प्राकृतिक सुंदरता को एक अलग नजरिए से देख सकेंगे। इसके अलावा 5 से 8 मीटर ऊंचाई वाला झरना, गोलाकार तालाब और उसे जोड़ने वाले पुल परिसर की खूबसूरती बढ़ाएंगे।

प्राकृतिक पत्थरों से बना 20 फीट ऊंचा और 40 फीट चौड़ा प्रवेश द्वार भी आकर्षण का केंद्र होगा। नर्मदा के पत्थरों और ईंट-चूने से तैयार वॉकिंग ट्रेल्स, वृक्षों की कतारें तथा रेन फॉरेस्ट की विभिन्न परतों को दर्शाता थीम आधारित लैंडस्केप पर्यटकों को अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

एकता नगर में 9.49 करोड़ के 'रेन फॉरेस्ट' प्रोजेक्ट का लोकार्पण

वागड़िया चेकपोस्ट के निकट नए गोरा ब्रिज के पास 9.49 करोड़ रुपये की लागत से 47 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किए गए इस 'रेन फॉरेस्ट' प्रोजेक्ट को प्रधानमंत्री ने जनता को समर्पित किया। लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के प्रमुख आकर्षण 220 मीटर लंबे ग्लास डेक स्काईवॉक ब्रिज से गुजरकर रेन फॉरेस्ट का नजारा देखा। उन्होंने यहां लगाए गए विभिन्न पौधों और वृक्षों के बारे में नर्मदा निगम के अध्यक्ष मुकेश पुरी तथा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित अरोड़ा से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी उनके साथ मौजूद रहे।

2024 के लोकसभा चुनाव अवैध: राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर के जरिए 13.3 करोड़ यानी 15 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें से कई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। उस चुनाव में जीत का अंतर सिर्फ 3 फीसदी वोट था। राहुल शनिवार को दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर चल रही मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। पूर्व स्पीकर मीरा कुमार स्पीकर बनीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग लाए। इस कार्यक्रम में कांग्रेस सहित 19 दल के नेता शामिल हुए। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। राहुल ने कहा- हम एक चेतावनी दे रहे हैं चीजें बदल रही हैं। यहां एक नया पॉलिटिकल हथियार तैयार हो रहा है। हम कोई दुश्मन नहीं है, लेकिन हम देश और संविधान की आवाज को उठाएंगे, उसकी रक्षा करेंगे। देश की जनता हमारी ताकत हैं। यह एक परीक्षा है सरकार की।



चैटजीपीटी पर हथियारों की जानकारी देने पर सख्ती, हिंसक चैट भी होगी बंद

एजेंसी, नई दिल्ली। चैटजीपीटी से अब हथियारों और सिक्योरिटी सिस्टम से जुड़ी जानकारियां नहीं मिलेंगी। कंपनी ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह टीनेजर्स के लिए हथियारों और सुरक्षा प्रणालियों से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियों पर सख्त प्रतिबंध लगाएगी। यह नियम तब भी लागू होगा जब उपयोगकर्ता का सवाल देखने में सामान्य या बिना किसी हिंसक इरादे वाला लगे। दुनिया में हिंसा को रोकने के उद्देश्य से कंपनी यह नए सुरक्षा उपाय लागू कर रही है।

ओपनएआई के नए सुरक्षा नियम सभी यूजर्स पर लागू होंगे। यदि कोई यूजर बातचीत के दौरान लगातार हिंसा या किसी को नुकसान पहुंचाने जैसी बातों पर केंद्रितरहता है, तो चैटजीपीटी उस चैट सेशन को अपने-आप बंद कर देगा। कंपनी ने यह भी बताया है कि यदि कोई यूजर बार-बार इस तरह की हिंसक बातें दोहराता है, तो उसका अकाउंट अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

कुछ हफ्तों में लागू होंगे नए सुरक्षा फीचर्स

ओपनएआई ने बताया कि ये नए सेफ्टी फीचर्स अगले कुछ हफ्तों में चरणबद्ध तरीके से रोलआउट होना शुरू हो जाएंगे। कंपनी इन सुरक्षा उपायों का लगातार आकलन करेगी और जरूरत के हिसाब से इन्हें आगे भी अपडेट करती रहेगी।

पीएम ने बुलेट ट्रेन के नॉर्थ कॉरिडोर को दी मंजूरी

एजेंसी, वाराणसी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन से तीन ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ किया। इनमें वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर, वाराणसी-प्रयागराज रामबाग और बनारस-राजातालाब ट्रेन सेवाएं शामिल हैं। इस अवसर पर रेल मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि वंदे भारत स्लीपर से यात्री रात में वाराणसी से सफर शुरू कर सुबह दिल्ली पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रेन का किराया भी सामान्य रखा गया है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बुलेट ट्रेन के नॉर्थ कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इसमें वाराणसी, अयोध्या और आगरा सहित कई शहर शामिल होंगे। प्रस्तावित कॉरिडोर के तहत वाराणसी से दिल्ली का सफर 3 घंटे 33 मिनट में पूरा होने की बात कही गई है।

एयर मार्शल आशुतोष नए वायुसेना प्रमुख

एजेंसी, नई दिल्ली। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने आज (31 अक्तूबर) भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख का पदभार संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह ली। अमर प्रीत सिंह 25 महीने के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए। पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को अब तक तीन आधिकारिक विदाई दी गई हैं। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम भी शामिल है। पद पर उन्हें आखिरी दिन शनिवार को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित का सैन्य करियर लगभग चार दशकों का रहा है, जिसमें उन्होंने कई अहम अभियानगत, कमान संभालने से जुड़े और स्टाफ के पदों पर सेवाएं दी है।

पेट्रोल के निर्यात पर एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य, डीजल-एटीएफ पर बढ़ाया शुल्क

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात शुल्क में बदलाव किया है। सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली ड्यूटी को घटाकर शून्य कर दिया है, जबकि डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क बढ़ा दिया है। नई दरें 31 अक्तूबर से अगले 15 दिनों के लिए लागू होंगी।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स 10.50 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, डीजल पर सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर सहित विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 8.50 रुपये से बढ़ाकर 11.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। दूसरी ओर, पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 2.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। हालांकि, घरेलू बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध पेट्रोल और



- नई दरें 15 दिनों तक लागू रहेंगी, घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की शुल्क दरों में बदलाव नहीं

डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

सरकार ने यह कदम पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने और निर्यात पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उठाया है।

अलास्का एयर ग्रुप में लगभग 200 कर्मियों की छंटनी

एजेंसी, नई दिल्ली। अलास्का एयर ग्रुप ने घटते मुनाफे और बढ़ते खर्चों के बीच नॉन-कॉन्ट्रैक्ट स्तर के लगभग 200 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ बेन मिनिकुची ने कहा कि अगर यही परिस्थितियां बनी रहीं, तो एयरलाइन को इस साल 700 मिलियन डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। बेन मिनिकुची ने कर्मचारियों को भेजे एक मेमो में बताया कि मौजूदा वित्तीय संकट यदि जारी रहता है, तो महामारी के दौर को छोड़कर वर्ष 2003 के बाद यह कंपनी का पहला एडजस्टेड प्री-टैक्स घाटा होगा। एविऐशन सेक्टर में फ्यूल की बढ़ती कीमतें और दुनियाभर में तनाव के बीच चुनौतियां कंपनी के फाइनेंशियल बैलेंस को सीधे प्रभावित कर रही है।

यूपी के हर जिले में खुलेंगे सरदार पटेल स्किल एंड एंप्लॉयमेंट जोन: सीएम योगी

एजेंसी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में सरदार पटेल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट जोन विकसित करने की घोषणा की। शनिवार को लोकभवन में योजना का शुभारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि पहले चरण में गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी और गोतमबुद्धनगर में केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद सभी 18 मंडल मुख्यालयों और फिर प्रदेश के प्रत्येक जिले में इनका विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों पर युवाओं का पंजीकरण, उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण तथा रोजगार उपलब्ध करवाने की व्यवस्था एक ही छत के नीचे होगी। विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं को संबंधित देश की



भाषा और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके लिए विभिन्न औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के साथ समझौते किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हाईस्कूल पास युवाओं से लेकर अधिक उम्र के रोजगार इच्छुक लोग भी इन केंद्रों का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक ब्याजमुक्त और गारंटीमुक्त सहायता का भी उल्लेख किया। योगी ने कहा कि सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि युवाओं को कौशल और रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं था, बल्कि पिछली सरकारों की मानसिकता बीमारू थी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है।

पंजाब चुनाव का बिगुल: भगवंत मान फिर धूरी विधानसभा से आजमाएंगे किस्मत

एजेंसी, नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एकबार फिर धूरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह जानकारी भगवत मान ने ही शनिवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक के बाद दी। भगवत मान ने अपनी उम्मीदवारी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए पत्रकारों से कहा, 'मैं आपको इतना बता दूं इस (उम्मीदवारों की) सूची में मेरा नाम भी है, और मैं धूरी से चुनाव लड़ रहा हूं।'



इस बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्य प्रभारी मनीष सिसोदिया मौजूद रहे। इस दौरान चुनावी तैयारियों पर भी चर्चा की।

- आप ने जारी की पहली उम्मीदवार सूची
- 40 विधायकों को फिर मिला टिकट

उल्लेखनीय है कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीटें हैं, जिसमें आप ने 40 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान चुनाव से पहले ही कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान धूरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, आप ने सभी 40 मौजूदा विधायकों को फिर से चुनावी मैदान में उतारा है।

पीआरडी जवानों का बढ़ेगा मानदेय: धामी

सीएम का युवाओं को बड़ा तोहफा, हर पंचायत में बनेगा मुख्यमंत्री खेल क्लब



अनिल थपलियाल, भारतेन्दु संवाददाता, देहरादून। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पवेलियन ग्राउंड देहरादून में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने युवाओं को हरी झंडी दिखाकर दौड़ के लिए रवाना किया और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं, खिलाड़ियों और पीआरडी जवानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा करते हुए कहा कि इस संबंध में जल्द बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री खेल क्लब गठित करने का भी ऐलान किया। देहरादून के आमवाला स्थित युवा केंद्र के पास मिनी स्टेडियम और अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र बनाने की घोषणा भी की। धामी ने मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी में खेलों की संख्या 32 से बढ़ाकर 50 करने तथा मुख्यमंत्री कप की पुरस्कार राशि पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की घोषणा की। इसके अलावा विभिन्न स्तरों पर विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति ने देश की एकता को मजबूत आधार दिया। उन्होंने युवाओं से खेल, योग और शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जोशीमठ क्षेत्र में हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेहरू कैंप में खोली बच्चों के लिए खुशियों की राह




एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर स्थित नेहरू कैंप में दो शिशु वाटिकाओं का उद्घाटन किया। यहां बच्चों के लिए झूले, टहलने के लिए फुटपाथ और बैठने के लिए बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित रही बस्तियों तक विकास और जनसुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। हर मोहल्ले में सकारात्मक बदलाव आए और हर परिवार को बेहतर जीवन का अवसर मिले, यही सरकार का प्रयास है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज पीतमपुरा स्थित जीपी सेवा बस्ती में जन सुविधा परिसर का उद्घाटन किया। इस परिसर में स्वच्छ शौचालय एवं स्नानगृह की सुविधा से स्थानीय निवासियों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर ने निधि राजदान से की शादी

एजेंसी, नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पत्रकार निधि राजदान से शादी कर ली है। उमर ने शनिवार को दोनों की 2 तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा- 'कल एक नई शुरुआत हुई, निधि।' पोस्ट के साथ उन्होंने रिंग इमोजी भी लगाया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स दोनों की शादी और सगाई को लेकर कयास लगा रहे हैं। निधि ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में रिंग इमोजी के साथ लिखा, इट्स डन ब्रो। उमर का पहली पत्नी पायल के साथ इस साल 31 जुलाई को तलाक हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई को उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल के तलाक की मंजूरी दी थी। दोनों की शादी 32 साल पहले हुई



थी। दोनों 2011 से अलग रह रहे थे। दोनों ने कोर्ट को बताया कि आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है। उमर ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी शादी को खत्म करने से इनकार कर दिया था।

इजराइल: मोसाद करेगी चुनाव में दखल की जांच

एजेंसी, तेल अवीव। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद इस हफ्ते हुए चुनाव में विदेशी दखल के आरोपों की जांच करेगी। न्यूज चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जांच में आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट भी शामिल होगी। आरोप है कि कतर और कुछ दूसरे देशों ने मंगलवार को हुए चुनाव में अरब वोटर्स को पैसे देकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की कोशिश की। इस चुनाव में अरब पार्टियों को कुल 19 सीटें मिली हैं। यह इतिहास में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पार्टी के नेताओं ने भी अरब पार्टियों पर चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इजराइल के केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जांच का दायरा सीमित है।

कार्यक्रम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

देश हमेशा याद रखेगा इंदिरा-पटेल का योगदान: सीएम सुक्खू

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रीय संकल्प दिवस के तहत उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी साहस, दृढ़ संकल्प और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बड़े फैसले लेने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं। वर्ष



1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उनके नेतृत्व ने भारतीय इतिहास में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का उदय हुआ। उन्होंने कहा कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पूर्व रियासतों के शासकों के प्रिवी पर्स की समाप्ति और भूमि सुधार संबंधी निर्णय उनके महत्वपूर्ण कदमों में शामिल रहे। इनका उद्देश्य आर्थिक असमानता कम करना और विकास का लाभ समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंचाना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका साहस और देश के प्रति समर्पण हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय करवाने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। अपनी प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक दृढ़ता से उन्होंने एक मजबूत और एकीकृत भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल, यादविंद्र गोमा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

संविधान और मतदान के अधिकार की रक्षा जरूरी

मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार भारतीय लोकतंत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसकी हर कीमत पर रक्षा होनी चाहिए। चुनावी अनियमितताओं और मतों में हेराफेरी से जुड़े आरोपों की पारदर्शी जांच तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी और सरदार पटेल की विरासत हमें राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और समावेशी भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देती है।

रोहडू के दरोटी में कार हादसे में मां-बेटे सहित पांच लोगों की हुई दर्दनाक मौत

दुर्घटना में पांच की मौत से दरोटी गांव में पसरा मातम, परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

भारतेन्दु संवाददाता , शिमला। शिमला जिले के रोहडू उपमंडल में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में दरोटी गांव के मां-बेटे सहित तीन नेपाली नागरिक शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। घटना के बाद दरोटी गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है।



रोहडू के दरोटी में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना रोहडू पुलिस थाना क्षेत्र के नावर इलाके की टिक्कर तहसील में दरोटी गांव के समीप पनू नाला के पास हुई। दरोटी निवासी कुशल पुत्र प्रमोद अपनी मां कल्पना देवी पत्नी प्रमोद और नेपाली मजदूरों को कार में लेकर घास काटने के लिए जा रहा था। इसी दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस और प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान दरोटी गांव निवासी कुशल पुत्र प्रमोद और उनकी मां कल्पना देवी पत्नी प्रमोद के रूप में हुई है। हादसे में जान गंवाने वाले तीन नेपाली नागरिकों की पहचान निर्मला पत्नी पवन, मीना पत्नी प्रेम और रोशनी पुत्री प्रेम के रूप में हुई है। दुर्घटना में घायल नेपाली नागरिक प्रेम को उपचार के लिए टिक्कर अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया।

तहसीलदार टिक्कर प्रियंजली और नायब तहसीलदार टिक्कर मेहर सिंह फिष्टा ने दुर्घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को प्रशासन की ओर से फौरी राहत के रूप में 15-15 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं।

पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वाहन किन परिस्थितियों में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने रोहडू में हुए हादसे में पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने और घायल व्यक्ति को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक के विरोध में शिक्षक हुए लामबंद

पांच नवंबर को शिमला में शिक्षक आंदोलन की बनाएंगे नई रणनीति



उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और शोध स्वतंत्रता बनाए रखने की उठाई मांग

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति तथा विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बहाल करने की मांग को लेकर पिछले 56 दिनों से आंदोलन कर रहा है। संघ ने हिमाचल प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2026 के प्रस्तावित प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए सरकार से इसमें बदलाव करने और शिक्षकों के साथ संवाद करने की मांग की है। इस संबंध में पांच नवंबर को सुबह 11 बजे शिमला के समरहिल स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में प्रदेशभर के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, शोधार्थी और पूर्व छात्र एकत्रित होंगे। बैठक में विधेयक के प्रभावों पर चर्चा कर आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

शिक्षक संघ के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने कृषि, वानिकी और बागवानी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। वहीं, शिमला स्थित प्रदेश के सबसे पुराने विश्वविद्यालय ने पिछले साढ़े पांच दशकों में विज्ञान, कला, विधि, गणित, भाषा, चिकित्सा, प्रशासन और राजनीति सहित विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्रदान की है। प्रदेश के न्यायालयों, चिकित्सालयों, महाविद्यालयों, प्रशासनिक विभागों, व्यापार और कृषि क्षेत्र में कार्यरत अनेक लोगों ने इन्हीं संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है।

संघ का कहना है कि विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध और नवाचार के पीछे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से निर्धारित स्वायत्तता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वायत्तता के कारण विश्वविद्यालय शैक्षणिक और शोध संबंधी निर्णय स्वतंत्र रूप से ले पाते हैं। इससे संस्थानों को राजनीतिक हस्तक्षेप से अलग रहकर अपने शैक्षणिक उद्देश्यों के अनुरूप काम करने का अवसर मिलता है। संघ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दो सितंबर को हिमाचल प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2026 प्रस्तुत किया था। इसके माध्यम से प्रदेश के विश्वविद्यालयों के मौजूदा अधिनियमों में बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 में संशोधन के पीछे सरकार ने वित्तीय कुप्रबंधन के मामलों और शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में निष्पक्षता सुनिश्चित करने का तर्क दिया है।

शिक्षक संघ के अनुसार प्रस्तावित बदलावों के तहत कार्यकारी परिषद और कुलपति की शक्तियां सीमित कर वित्त सचिव को सौंपने तथा कर्मचारियों की नियुक्तियां प्रदेश लोक सेवा आयोग और राज्य चयन आयोग के माध्यम से करवाने की व्यवस्था की जा रही है। संघ का कहना है कि देश के विश्वविद्यालयों में यूजीसी के निर्धारित मानकों के अनुसार राज्यपाल की ओर से गठित चयन समितियां शिक्षकों की नियुक्तियां करती हैं और वित्त समिति की अध्यक्षता कुलपति करते हैं।

पांच नवंबर को बनेगी आंदोलन की रणनीति

संघ के अनुसार पिछले 56 दिनों से धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से संशोधन विधेयक पर पुनर्विचार और शिक्षकों के साथ चर्चा करने का आग्रह किया जा रहा है। हालांकि, विधेयक को राज्यपाल की संस्तुति के लिए भेज दिया गया है। इसी के विरोध में पांच नवंबर को होने वाली बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। संघ ने स्पष्ट किया कि उसका आंदोलन किसी राजनीतिक दल या सरकार के विरुद्ध नहीं है। उसकी मांग है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की सीएएस पदोन्नतियों का समाधान किया जाए और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बहाल की जाए।

मत्याना बाजार से नशा तस्करी मामले में 43 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। जिला शिमला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना सुन्नी की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले की जांच के दौरान बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर आरोपी को पकड़ा। उसे 30 अक्टूबर को मत्याना बाजार से शाम करीब 4:30 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान राकेश कुमार (43) पुत्र दिला राम, निवासी गांव छारी, डाकघर शारी, तहसील ठियोग, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस चौकी जलोग की टीम ने मामले की जांच के दौरान की। इस संबंध में पुलिस थाना सुन्नी में एफआईआर संख्या 23/2026, दिनांक 11 जून 2026 को धारा 18 और 29 मादक द्रव्य एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

915 ग्राम अफीम मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

बैकवर्ड लिंकेज की जांच में मटियाना से पकड़ा गया ठियोग निवासी आरोपी

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। जिला शिमला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 915 ग्राम अफीम बरामदगी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना सुन्नी की टीम ने मामले की जांच के दौरान नशे की आपूर्ति से जुड़े पुराने संपर्कों का पता लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे पहले इस मामले में दो आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

◆ कार के डैशबोर्ड से मिली थी अफीम, पहले दो आरोपी मौके पर हुए थे गिरफ्तार



पुलिस के अनुसार, 10 जून 2026 की रात करीब 10:20 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि कादरघाट से नौटीखड्ड की ओर लगभग दो किलोमीटर आगे सड़क किनारे खड़ी एक ऑल्टो कार में दो व्यक्ति अफीम बेचने के इरादे से मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार की तलाशी ली। इस दौरान वाहन के डैशबोर्ड से पॉलिथीन सहित 915 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में पुलिस थाना सुन्नी में 11 जून 2026 को एफआईआर संख्या 23/2026 के तहत मादक द्रव्य एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 18 और 29 में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मौके पर मौजूद दो आरोपियों दिनेश कुमार उर्फ दुर्गा सिंह (45), निवासी गांव भोग, तहसील ठियोग और धर्मेंद्र कुमार हिमराल (35), निवासी गांव बनूना, तहसील सुन्नी को गिरफ्तार किया था।

मामले की आगे की जांच के दौरान पुलिस ने अफीम की आपूर्ति से जुड़े संपर्कों और आरोपियों के पिछले संबंधों की पड़ताल की। इस जांच में राकेश कुमार उर्फ मोटू (43) की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस ने 30 अक्टूबर 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर मटियाना बाजार में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय दिला राम, गांव छराई, डाकघर शड़ी, तहसील ठियोग का निवासी है।

पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान नशे की आपूर्ति से जुड़े अन्य संपर्कों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अफीम कहां से लाई गई थी और इसके अवैध कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। जिला शिमला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

रोहडू सड़क हादसे में पांच मौतों पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया शोक

भारतेन्दु संवाददाता, रोहडू। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के रोहडू क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यह दुर्घटना रोहडू पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरोटी के पनू नाला के समीप हुई, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मुख्यमंत्री ने इस दुखद घटना पर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि हादसे से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही घायल व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि उसे समय पर उचित उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री ने घायल व्यक्ति के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि इस कठिन समय में प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सरदार पटेल को नमन कर राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और निर्माण में सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन, विचार और आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कार्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



◆ युवाओं से सरदार पटेल के आदर्श अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आह्वान

राज्यपाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर एक मजबूत और अखंड भारत की नींव रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका दृढ़ संकल्प, प्रशासनिक दूरदर्शिता और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण देश के इतिहास में विशेष स्थान रखता है। उनके प्रयासों के कारण ही भारत एक संगठित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ सका।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की सीख देता है। उन्होंने सामूहिक संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति के माध्यम से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उनके विचार आज भी राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता, अखंडता और विकास के लिए प्रासंगिक हैं। राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति के लिए नागरिकों में आपसी विश्वास, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना का होना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का महत्वपूर्ण अवसर है। युवाओं को उनके जीवन से समर्पण, अनुशासन, दृढ़ता और जिम्मेदारी जैसे गुण अपनाने चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की प्रगति में अपनी क्षमता और प्रतिभा के अनुसार योगदान दें तथा राष्ट्रहित को हमेशा प्राथमिकता प्रदान करें।

कांग्रेस ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को किया नमन

राजीव भवन में नेताओं ने दोनों महान विभूतियों के राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया याद

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नंदा ने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके लिए प्रदेश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत की जीत और बांग्लादेश का निर्माण उनके कार्यकाल

◆ बैंक राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति और रियासतों के विलय में दोनों नेताओं की भूमिका सराही

की प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं में शामिल हैं। इसके अलावा 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण और हरित क्रांति को बढ़ावा देने जैसे फैसलों ने देश की अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र को नई दिशा दी।

बाल विकास परिषद की राज्य महासचिव जैनब चंदेल ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने बैंकों के राष्ट्रीयकरण को आम जनता तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उनके अनुसार हरित क्रांति के माध्यम से कृषि उत्पादन बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और खाद्यान्न संकट से निपटने के प्रयासों को गति मिली।

वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में वर्ष 1974 में पोखरण में भारत ने पहला सफल भूमिगत परमाणु परीक्षण किया, जिसे 'स्माइलिंग बुद्धा' नाम दिया गया। इससे भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इसी अवधि में देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम भी आगे बढ़ा। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने। वक्ताओं ने उनकी विदेश नीति और गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की भूमिका को भी याद किया। इंदिरा गांधी को वर्ष 1971 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा।

हिमाचल के खिलाड़ियों पर सरकार मेहरबान

419 प्रतिभाओं को मिला करोड़ों का सम्मान

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 419 खिलाड़ियों को हिम रत्न-2026 पुरस्कार से सम्मानित किया। शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को कुल 17.85 करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए। इनमें 51 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें 13.55 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले 368 खिलाड़ियों को 4.30 करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने जापान में आयोजित एशियाई खेल-2026 में पुरुष मैराथन में रजत पदक जीतने वाले सावन बरवाल को 2.50 करोड़ रुपये और 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल करने वाली सीमा कुमारी को 1.50 करोड़ रुपये प्रदान किए। महिला कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की हिमाचली खिलाड़ियों रितु नेगी, पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर और भावना ठाकुर को एक-एक करोड़ रुपये के चेक दिए गए। क्रिकेट खिलाड़ी रेणुका ठाकुर को भी एक करोड़ रुपये से सम्मानित किया गया।



◆ राष्ट्रीय स्तर के कोच और अंतरराष्ट्रीय रेफरी को भी मिलेंगे तीन-तीन लाख रुपए

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां वर्षों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के त्याग का परिणाम हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर पांच करोड़, रजत पर तीन करोड़ और कांस्य पदक पर दो करोड़ रुपये देने का प्रावधान किया गया है। एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक पर चार करोड़, रजत पर ढाई करोड़ और कांस्य पर डेढ़ करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राष्ट्रीय स्तर के कोच और अंतरराष्ट्रीय रेफरी को तीन-तीन लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को भी कम से कम 25 प्रतिशत इनामी राशि देने का प्रावधान किया गया है। खिलाड़ियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए खेल विभाग में सरकारी पदों का सृजन भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए 20 नवंबर से धर्मशाला में खेलो हिमाचल अभियान शुरू किया जाएगा। इसमें 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवक और युवतियां क्रिकेट, वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे।

इंजीनियर्स संस्थान चुनाव में विद्युत बोर्ड के दो अधिकारी हुए निर्वाचित

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र के 28 अक्टूबर को हुए चुनाव में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के दो अधिकारियों ने जीत हासिल की है। डॉ. मदन गोपाल शर्मा और राज कुमार चौहान कार्यकारी सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हैं। डॉ. मदन गोपाल शर्मा एचपीएसईबीएल में निदेशक (विद्युत) के पद पर कार्यरत हैं, जबकि राज कुमार चौहान कुमार हाउस, शिमला में अधीक्षण अभियंता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। दोनों अधिकारियों के निर्वाचन को विद्युत बोर्ड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनके चयन से इंजीनियरों के बीच व्यावसायिक सहयोग और संपर्क को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान, निरंतर शिक्षा, युवा अभियंताओं के मार्गदर्शन और इंजीनियरिंग क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

महापदयात्रा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शिमला में भाजपा की महापदयात्रा के बाद जनसभा को करेंगे संबोधित

एसआईआर के समर्थन में भाजपा शिमला में करेगी शक्ति प्रदर्शन

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज राजधानी शिमला में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर महापदयात्रा और विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस आयोजन के माध्यम से एसआईआर को लेकर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों और आरोपों का जवाब जनता के सामने रखेगी।

पुराने बस स्टैंड से शुरू होगी पदयात्रा : डॉ. सिकंदर कुमार ने बताया कि महापदयात्रा सुबह 10 बजे गुरुद्वारा साहिब, पुराने बस स्टैंड की पार्किंग से शुरू होगी। यहां से भाजपा के हजारों कार्यकर्ता विक्ट्री टनल होते हुए विधानसभा मार्ग से चौड़ा मैदान पहुंचेंगे। यहां पदयात्रा का समापन विशाल जनसभा के रूप में होगा। जनसभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर से करीब 8 से 10 हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है।

कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल : डॉ. सिकंदर कुमार के अनुसार महापदयात्रा और जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। इसके अलावा विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर लगाए आरोप : डॉ. सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी एसआईआर को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भाजपा इस प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने रखेगी और कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे आरोपों का राजनीतिक एवं तथ्यात्मक जवाब देगी।



◆ मतदाता सूची की पारदर्शिता पर भाजपा कार्यकर्ता चौड़ा मैदान में रखेंगे अपनी बात

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन और रैलियों के माध्यम से एसआईआर के विरुद्ध राजनीतिक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के कुछ नेताओं की बयानबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े विषयों पर तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए।

विदेशी प्रभाव और वित्तपोषण पर भी उठाए सवाल : भाजपा नेता ने कांग्रेस के कुछ राजनीतिक अभियानों के पीछे विदेशी प्रभाव और वित्तपोषण को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास इस संबंध में ठोस प्रमाण हैं तो उन्हें संबंधित संस्थाओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि भाजपा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची की पारदर्शिता के पक्ष में है।

डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि आज शिमला में होने वाली महापदयात्रा केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एसआईआर के मुद्दे पर जनसंवाद का मंच होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पहुंचकर पदयात्रा और चौड़ा मैदान में आयोजित जनसभा में भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा की ओर से आज शिमला में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समर्थन में महापदयात्रा और जनसभा आयोजित की जाएगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। पदयात्रा सुबह 10 बजे पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर विक्ट्री टनल और विधानसभा मार्ग से होते हुए चौड़ा मैदान पहुंचेगी। यहां जनसभा होगी, जिसमें आठ से दस हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। डॉ. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पर एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मतदाता सूचियों की शुद्धता और पारदर्शिता के पक्ष में है।

जुब्बल स्कूल में पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव के बताए तरीके

भारतेन्दु संवाददाता, जुब्बल। पुलिस थाना जुब्बल की ओर से 28 अक्टूबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग और एपीके फाइल के माध्यम से होने वाले साइबर घोटालों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।



वाइल्डफ्लावर हॉल से हिमाचल को हर साल मिलेंगे 37 करोड़: सुक्खू

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वाइल्डफ्लावर हॉल मामले में प्रदेश सरकार को बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2003 से लंबित इस मामले में प्रभावी कानूनी पैरवी के बाद राज्य सरकार को 401 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। अब इस संपत्ति की ई-नीलामी के माध्यम से प्रदेश को प्रतिवर्ष करीब 37 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 23 वर्षों से इस संपत्ति से राज्य को कोई आय नहीं हो रही थी, लेकिन अब इससे प्राप्त होने वाली धनराशि जनहित के कार्यों पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनता का पैसा है और इसका उपयोग केवल प्रदेशवासियों के हित में किया जाएगा। राज्य सरकार भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद कर हिमाचल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए वित्तीय संसाधन बढ़ाने के प्रयास कर रही है। सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद किए जाने से राज्य की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है। इससे प्रदेश को प्रतिवर्ष करीब आठ से दस हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।



वीर सैनिकों का बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो

देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने शनिवार को चीड़ बाग स्थित शौर्य स्थल पहुंचकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग, शौर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिकों का साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड वीरभूमि है। यहां लगभग हर दूसरे घर से कोई न कोई व्यक्ति देश की सशस्त्र सेनाओं में सेवाएं दे रहा है। प्रदेश की मिट्टी में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा का भाव रचा-बसा है। यहां के युवाओं में देश की रक्षा के लिए सेना में जाने का विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

धामी ने किया पुलिस के नए प्रतीक चिह्नों का अनावरण, सतर्कता सप्ताह भी शुरू

नई पहचान के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी, धामी बोले- आचरण से कायम होगा विश्वास

राज्य ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड पुलिस के नवीन ध्वज, प्रतीक चिह्न, फॉरमेशन साइन, इंसिग्निया, क्रेस्ट और सेरेमोनियल वर्दी का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम पर आधारित सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नत हुईं शाहजहां जावेद खान और जगदीश चंद्र को प्रतीक चिह्न अलंकृत कर शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों और जवानों को नए गौरव चिह्नों की बधाई देते हुए कहा कि यह बदलाव केवल वर्दी और प्रतीकों तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं, शौर्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को मजबूत करने की पहल है। पुलिस की नई पहचान का वास्तविक सम्मान तभी होगा, जब नागरिकों को उसके व्यवहार में संवेदनशीलता, कार्यप्रणाली में दक्षता और कार्रवाई में निष्पक्षता दिखाई दे। उन्होंने कहा कि 'कर्म सत्यं शौर्यम्' का नया ध्येय वाक्य कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा और साहस का संदेश देता है।



◆ उत्तराखण्ड पुलिस स्थापित करेगी सेवा और अनुशासन के नए मानक

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें हेल्पलाइन नंबर 1064 पर दर्ज कराने की अपील की। साथ ही मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि इस हेल्पलाइन की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की तर्ज पर नियमित समीक्षा की जाए और प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है।

अमित शाह देंगे उत्तराखण्ड पुलिस को सम्मान

उन्होंने बताया कि छह नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तराखण्ड पुलिस को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत करेंगे। इस अवसर पर पुलिस जवान नई सेरेमोनियल वर्दी में परेड में भाग लेंगे। नए पुलिस प्रतीक चिह्न में अशोक स्तंभ, सत्यमेव जयते, स्वर्णिम लौरेल रीथ, हिमालय और नदी को शामिल किया गया है। गहरे नीले रंग के नए ध्वज में लाल और स्वर्णिम किनारे रखे गए हैं।

देहरादून पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड आयोजित



भारतेन्दु संवाददाता, देहरादून। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को पुलिस लाइन देहरादून में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एकता दिवस परेड आयोजित की गई, जिसमें पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

डीजीपी ने दिलाया अखंडता का संकल्प



उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और देश की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया।

उत्कृष्ट सेवा के लिए 48 पुलिस अधिकारी सम्मानित

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चयनित 48 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस डिस्क तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर चमोली पुलिस ने ली अखंडता की शपथ

भारतेन्दु संवाददाता, चमोली। चमोली पुलिस ने शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर पुलिस लाइन गोपेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में डीआईजी अपराध एवं कानून व्यवस्था धीरेन्द्र गुंज्याल भी मौजूद रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार सहित तीन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक की ओर से प्रशस्ति डिस्क एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी सुरजीत सिंह पंवार को सिल्वर डिस्क, उपनिरीक्षक अमनदीप सिंह को गोल्ड डिस्क और मुख्य आरक्षी चंदन सिंह नगरकोटी को सिल्वर डिस्क प्रदान की गई।

सम्मानित पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं से विभाग का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम के बाद डीआईजी धीरेन्द्र गुंज्याल ने पुलिस लाइन, आवासीय परिसर और कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुलिसकर्मी जिम्मेदारी से निभाएं कर्तव्य : डीआईजी



उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के साथ आमजन का विश्वास जीतना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आपसी समन्वय, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य करने पर जोर दिया।

बचाव अभियान में जुटीं टीमें

केदारताल ट्रेक पर हिमस्खलन से 12 लोग फंसे, चार का सुरक्षित रेस्क्यू



भारतेन्दु संवाददाता, उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में केदारताल ट्रेक पर हिमस्खलन के कारण 12 सदस्यीय दल फंस गया। दल में सात ट्रेकर्स और पांच सहयोगी कर्मचारी शामिल हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि शेष आठ लोगों की तलाश में बचाव अभियान जारी है। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण ट्रेकिंग मार्ग अवरुद्ध होने से दल निर्धारित समय पर वापस नहीं लौट सका। जानकारी के अनुसार, 27 अक्टूबर को दल गंगोत्री से केदारताल ट्रेक के लिए रवाना हुआ था और 29 अक्टूबर को वापसी निर्धारित थी। 30 अक्टूबर को ट्रेकिंग एजेंसी के माध्यम से दल से संपर्क हुआ था। इसके बाद मदद के लिए टीमें रवाना की गईं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के अनुसार, शनिवार सुबह एनडीआरएफ की 10 सदस्यीय टीम गंगोत्री पहुंची। इसके अलावा एसडीआरएफ, वन विभाग और ट्रेकिंग एजेंसी के सदस्य भी बचाव अभियान में जुटे हैं।

सीएम धामी ने श्रीनगर में खोला विकास का पिटारा

सीएम धामी ने श्रीनगर को दी 9.13 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

राज्य ब्यूरो

श्रीनगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शनिवार को पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। श्रीयंत्र टापू में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास को गति देते हुए 9.13 करोड़ रुपये की लागत वाली नौ योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने नगरवासियों की लंबे समय से प्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए करीब नौ साल बाद सिटी बस सेवा का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने सभी पार्षदों से भरी सिटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही श्रीनगर में स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से शहर में परिवहन व्यवस्था बेहतर होने के साथ पर्यावरण अनुकूल यातायात को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'सशक्त बहना, सशक्त उत्तराखंड' अभियान के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,01,530 रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक वितरित किया।

नौ साल बाद शुरू हुई सिटी बस सेवा



इसके अलावा 51 महिलाओं और पर्यावरण मित्रों को हेल्थ एवं हाइजीन किट प्रदान की। धामी ने कहा कि श्रीनगर के विकास के लिए शुरू की गई योजनाएं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। नगर निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निस्तारण सुविधा, स्वर्गीय रणजीत सिंह भंडारी वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग पार्क, सड़क एवं नाली निर्माण, लक्ष्मीनारायण पार्क और पार्कों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए मिलकर काम कर रही हैं। चारधाम को ऑल वेदर सड़क से जोड़ने और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम होने से क्षेत्र को लाभ मिल रहा है। रेल परियोजना का एक स्टेशन श्रीनगर में भी बनाया जा रहा है।

सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा : सीएम धामी

उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने अखंड भारत की नींव मजबूत की। उनका जीवन राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कॉलेज गेट के पास विद्यार्थियों को देखकर अपने वाहन से उतरे और उनसे आत्मीय बातचीत की। उन्हें अपने बीच पाकर बच्चे उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, विधायक भरत चौधरी, महापौर आरती भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया और मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मसूरी में निजी जमीन पर पार्किंग बनाने की प्रक्रिया सरल करने की मांग

निजी पार्किंग से घटेगा सड़कों पर वाहनों का दबाव

भारतेन्दु संवाददाता, मसूरी। पर्यटन नगरी मसूरी में पार्किंग संकट दूर करने के लिए निजी भूमि पर पार्किंग विकसित करने की अनुमति प्रक्रिया सरल करने की मांग उठी है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष जसवीर कौर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि पर्यटकों और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण पर्यटन सीजन में शहर की सड़कों और बाजारों में जाम की स्थिति बन जाती है। इससे स्थानीय निवासियों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी होती है।



जसबीर कौर ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण सरकारी भूमि पर नई पार्किंग विकसित करना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में निजी जमीन पर पार्किंग निर्माण बेहतर विकल्प हो सकता है, लेकिन विभिन्न विभागों की औपचारिकताओं और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से अनुमति की जटिल प्रक्रिया के कारण प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने निजी पार्किंग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने और एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि निजी पार्किंग बनने से सड़कों पर वाहनों का दबाव घटेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इस मौके पर अमित गुप्ता, सुषांत बोहरा, विजय लक्ष्मी कोहली और सुदेश सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कृषि योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाएं अधिकारी : गणेश जोशी

टी महोत्सव और हनी पॉलिसी को लेकर कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक



भारतेन्दु संवाददाता, देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नवंबर में प्रस्तावित टी महोत्सव की तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कृषि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इनका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। कृषि मंत्री ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

◆ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

बैठक में नवंबर में प्रस्तावित टी महोत्सव की तैयारियों के साथ हनी पॉलिसी की लॉन्चिंग और सीएम समृद्धि योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

पौड़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, अस्पताल में यूएसजी सेवा शुरू

भारतेन्दु संवाददाता, पौड़ी। पर्वतीय जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में उत्तरा केयर हॉस्पिटल ने पहल की है। अस्पताल में 29 अक्टूबर से अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) जांच की सुविधा शुरू कर दी गई है। इससे पौड़ी नगर सहित आसपास के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को राहत मिलेगी। अब उन्हें जांच के लिए दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। ईशा फाउंडेशन की इकाई अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शिव मोहन शुक्ला मरीजों को सेवाएं देंगे। यहां गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड जांच उपलब्ध होगी। अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. जेपी चमोली ने बताया कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जांच निर्धारित और किफायती दरों पर की जाएगी। भविष्य में भी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली परेड, तीन पुलिसकर्मी सम्मानित



भारतेन्दु संवाददाता, रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 के अवसर पर शनिवार को जनपद रुद्रप्रयाग में एकता परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के पुलिस महानिरीक्षक बरिन्दर जीत सिंह ने पुलिस बल को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विशिष्ट कार्यों के लिए आरक्षी पंकज नेगी और अशोक को पुलिस महानिदेशक डिस्क सिल्वर, जबकि आरक्षी दीपक नौटियाल को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में आईजी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण और रियासतों के एकीकरण में योगदान को याद किया। उन्होंने साइबर अपराध, आतंकवाद और भ्रामक सूचनाओं को राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बताते हुए सतर्क रहने का आह्वान किया। इसके बाद पुलिस लाइन रतूड़ा में सम्मेलन आयोजित कर केदारनाथ यात्रा के अनुभवों, चुनौतियों, यातायात और भीड़ प्रबंधन के साथ पुलिसकर्मियों के कल्याण एवं समस्याओं पर चर्चा की गई।

समापन

तीन दिन तक लोक संस्कृति और संगीत का संगम बना आठगांव शिलिंग मेला

आठगांव शिलिंग मेले का धूमधाम से समापन

राज्य ब्यूरो

पिथौरागढ़। आठगांव शिलिंग मेला महोत्सव में तीन दिनों तक लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। डाबरी मैदान में आयोजित इस महोत्सव में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। करीब 800 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए तीन दिवसीय आयोजन का बुधवार को शानदार समापन हुआ। अंतिम दिन आयोजित स्टार नाइट में प्रसिद्ध लोकगायिका प्रियंका महर ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर युवा और अन्य दर्शक देर रात तक झूमते रहे। पूरे मैदान में संगीत, तालियों और उत्साह का माहौल बना रहा।



प्रियंका महर के गीतों ने बांधा समापन का रंग।

महोत्सव का शुभारंभ पहले दिन विधायक मयूख महर ने किया। इस दौरान क्षेत्र की करीब 800 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली। विभिन्न गांवों से पहुंची महिलाओं की भागीदारी ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा के साथ ही तीन दिवसीय मेले का विधिवत आगाज हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महोत्सव के पहले दिन रात 8:30 बजे से स्टार नाइट का आयोजन किया गया। इसमें चक्र बहादुर बम और दर्शन फर्स्वाण सहित कई चर्चित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। कुमाऊंनी लोकगीतों और पारंपरिक संगीत की धुनों पर लोग देर रात तक झूमते रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और क्षेत्रीय कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत की झलक प्रस्तुत की गई। दीपिका राज, प्रियांशु कुमार, अमित गोस्वामी, अमित कुमार, मलय आर्या और भावना बोरा ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कथक नृत्यांगना उन्नति जोशी की प्रस्तुति भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। लोगों ने बच्चों और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

अंतिम दिन की स्टार नाइट में प्रियंका महर मुख्य आकर्षण रहीं। रात 8:30 बजे शुरू हुई सांस्कृतिक संध्या में उन्होंने एक के बाद एक लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। उनकी गायकी और मंचीय अंदाज ने दर्शकों को खूब उत्साहित किया। हजारों की संख्या में मौजूद लोग गीतों की धुन पर देर रात तक थिरकते रहे। डाबरी मैदान दर्शकों की तालियों और संगीत की गूंज से सराबोर रहा। ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह वल्दिया और मेला संयोजक वीरेंद्र वल्दिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों, कलाकारों और क्षेत्रवासियों का स्वागत किया। मेला संयोजक वीरेंद्र वल्दिया ने आयोजन की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों, क्षेत्र की जनता, कलाकारों, सहयोगियों और समिति के सभी सदस्यों का आभार जताया।

हरिद्वार में गंगा घाटों पर चला स्वच्छता अभियान

भारतेन्दु संवाददाता, हरिद्वार। कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत धर्मनगरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनसहभागिता की मुहिम तेज हो गई है। इसी क्रम में शनिवार को मिश्री मठ की ओर से गंगा सेवा कार्यक्रम के तहत हरकी पैड़ी क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर गंगा घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। मेलाधिकारी सोनिका के नेतृत्व में मेला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी संतों एवं मिश्री मठ के अनुयायियों के साथ श्रमदान किया। सभी ने एकत्रित कूड़े-कचरे को निर्धारित स्थान तक पहुंचाने और उसके सुरक्षित निस्तारण में सहयोग दिया। इस दौरान नगर आयुक्त नंदन कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती और उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मेलाधिकारी सोनिका ने नया उदासीन अखाड़ा के अध्यक्ष महंत धूनी दास महाराज और मिश्री मठ के मठाधिपति महामंडलेश्वर करौली शंकर दास महाराज से भेंट कर अभियान में सहयोग के लिए आभार जताया।

अनूप हत्याकांड पर जोशीमठ में प्रदर्शन, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग



भारतेन्दु संवाददाता, जोशीमठ। जोशीमठ निवासी अनुसूचित जाति के युवक अनूप कुमार की 16 अक्टूबर को हरिद्वार में हुई हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। शनिवार को स्थानीय लोगों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजा। परिजनों का आरोप है कि हत्या के लिए जिम्मेदार बताए जा रहे व्यक्ति से अब तक गहन पूछताछ नहीं हुई है। आरोपी आईटीबीपी में जोशीमठ में तैनात बताया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

पंजाब चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं संग बनाई रणनीति

चार नवंबर की संगरूर रैली में एक लाख कार्यकर्ता जुटाने का लक्ष्य, घोषणापत्र तैयार करने की कवायद तेज

भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शनिवार को दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पंजाब के राजनीतिक हालात, संगठन की मौजूदा स्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में राहुल गांधी की मौजूदगी को पंजाब में कांग्रेस की चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। पंजाब के प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, पार्टी संगठन की गतिविधियों और चुनाव से जुड़ी तैयारियों की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व को दी। बैठक का उद्देश्य प्रदेश में पार्टी की स्थिति की समीक्षा करने के साथ आगामी चुनाव के लिए एक प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा।



पंजाब के वरिष्ठ नेताओं ने रखे अपने विचार : बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विजय इंदर सिंगला और डॉ. राजकुमार सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने प्रदेश में पार्टी की संगठनात्मक स्थिति और राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान चरणजीत सिंह चन्नी और राजा वड़िंग आमने-सामने बैठे नजर आए।

कांग्रेस नेतृत्व की ओर से प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनाव से पहले जनता के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति और आगामी महीनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

चार नवंबर की संगरूर रैली पर विशेष चर्चा : बैठक का एक प्रमुख विषय चार नवंबर को संगरूर में होने वाली राहुल गांधी की रैली भी रहा। कांग्रेस इस रैली के माध्यम से पंजाब में अपने चुनावी अभियान को गति देना चाहती है। पार्टी ने रैली में करीब एक लाख कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विजय इंदर सिंगला को रैली के समन्वय की प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आयोजन की तैयारियों में लगाया गया है।

घोषणापत्र तैयार करने की प्रक्रिया भी तेज : आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने के बाद कांग्रेस ने भी अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी अगले 15 दिनों में चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसके लिए गठित घोषणा पत्र समिति प्रदेश के बड़े शहरों में विभिन्न वर्गों के लोगों से सुझाव ले चुकी है। इन सुझावों के आधार पर जनता से जुड़े मुद्दों और पार्टी की प्रस्तावित योजनाओं को घोषणा पत्र में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

कांग्रेस नेतृत्व की इस बैठक को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में पार्टी की रणनीति तय करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। अब पार्टी की नजर संगरूर रैली और उसके बाद शुरू होने वाली संगठनात्मक गतिविधियों पर रहेगी।

कुलतार सिंह संधवां को कोटकपूरा से तीसरी बार मिली टिकट, पार्टी नेतृत्व का जताया आभार



भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कोटकपूरा सीट से लगातार तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की ओर से दोबारा भरोसा जताए जाने पर संधवां ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र की जनता की सेवा तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि सर्वशक्तिमान वाहेगुरु की असीम कृपा से पार्टी ने एक बार फिर इस सेवक को कोटकपूरा की सेवा करने का अवसर दिया है।

संधवां ने इस भरोसे के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के पूरे नेतृत्व का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्हें पूरा भरोसा है कि कोटकपूरा के समझदार और नेकदिल मतदाता इस बार उन्हें पहले से भी अधिक प्यार, सम्मान और समर्थन देंगे।

संधवां ने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि जिस तरह वह अब तक दिन-रात उनके बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझते और समाधान के लिए प्रयास करते रहे हैं, उसी तरह आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके लिए चुनाव लड़ना केवल राजनीतिक अवसर नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करने और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। जनता ने उन्हें पहले भी जो स्नेह और समर्थन दिया है, उसे वह हमेशा अपनी ताकत मानते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटकपूरा विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने, लोगों की समस्याओं का समाधान करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे। संधवां ने कहा कि जनता और पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाने का प्रयास करेंगे।

कुलतार सिंह संधवां का राजनीतिक सफर जमीनी स्तर से शुरू हुआ। वर्ष 2003 में उन्होंने सरपंच का चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा। इसके बाद वर्ष 2017 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर कोटकपूरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने लगातार दूसरी बार इस सीट पर विजय दर्ज की। इसके बाद उन्हें पंजाब की 18वीं विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

संधवां ने इंजीनियरिंग में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। कोटकपूरा उनकी जन्मस्थली और कर्मस्थली रही है। लगातार तीसरी बार इसी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने जनता के बीच अपनी सक्रियता बनाए रखने और क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहने का भरोसा दिया है।

पीजीआई ग्रांट घोटाले में छह कर्मचारियों समेत आठ पर सीबीआई का शिकंजा



भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। पीजीआई चंडीगढ़ में हुए 1.14 करोड़ रुपये के प्राइवेट ग्रांट सेल घोटाले की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगले माह तक इस मामले में चार्जशीट दायर कर सकती है। जांच के दौरान छह कर्मचारियों समेत कुल आठ लोगों की संलिप्तता सामने आई है। इनमें पीजीआई के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी, एक फोटोस्टेट दुकान संचालक और उसका साझेदार शामिल हैं। इस संबंध में सीबीआई ने दिसंबर 2025 में एफआईआर दर्ज की थी।

सीबीआई की टीम पिछले कई दिनों से पीजीआई के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया कि पीजीआई के गोल चौक स्थित फोटोस्टेट की दुकान चलाने वाला दुर्लभ कुमार अपने साझेदार साहिल सूद के साथ मिलकर प्राइवेट ग्रांट सेल के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से घोटाले को अंजाम दे रहा था। आरोप है कि दोनों ने सेल में मौजूद कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर आर्थिक सहायता की राशि हड़पने की योजना बनाई थी।

प्राइवेट ग्रांट सेल के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। आरोपितों ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस राशि को दुर्लभ, साहिल और उनके रिश्तेदारों के बैंक खातों में स्थानांतरित करवाया। बाद में इस रकम को आपस में बांट लिया जाता था। जांच में कुछ ऐसे मामले भी सामने आए, जिनमें मृत मरीजों के नाम पर भी आर्थिक सहायता प्राप्त की गई। इस तरह जरूरतमंद मरीजों के लिए निर्धारित धनराशि का दुरुपयोग किया गया।

जांच में जिन आठ लोगों के नाम सामने आए हैं, उनमें सेवानिवृत्त जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट धर्मचंद, मेडिकल रिकॉर्ड क्लर्क सुनील कुमार, लोअर डिवीजन क्लर्क प्रदीप सिंह और चेतन गुप्ता, हॉस्पिटल अटेंडेंट नेहा तथा प्राइवेट ग्रांट सेल के कर्मचारी गगनप्रीत शामिल हैं।

नौशहरा ढाला सीमा पर खेतों में मिला पाकिस्तानी ड्रोन

भारतेंदु संवाददाता, सराय अमानत खां/झबाल। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच नौशहरा ढाला बॉर्डर पर बीएसएफ के जवानों ने गश्त के दौरान एक ड्रोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन पाकिस्तान की ओर से भेजा गया था। ड्रोन मिलने के बाद सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीएसएफ की 115वीं बटालियन के जवान सुबह सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें खेतों में एक ड्रोन पड़ा हुआ दिखाई दिया। जवानों ने तुरंत उसे अपने कब्जे में ले लिया और इसकी सूचना अधिकारियों को दी। बीएसएफ अधिकारियों ने इस संबंध में थाना सराय अमानत खां की पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके से संबंधित कार्रवाई शुरू की और मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। ड्रोन किस उद्देश्य से भेजा गया था, इसकी जांच की जा रही है। सीमा क्षेत्र में ड्रोन मिलने की घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां इसकी गतिविधियों और संभावित इस्तेमाल की जांच में जुट गई हैं। पुलिस और बीएसएफ मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रहे हैं।

पंजाब में चुनावी बिगुल से पहले तबादलों की सुगबुगाहट तेज

जनवरी में आचार संहिता की संभावना, फरवरी में मतदान को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा



भारतेंदु संवाददाता, जालंधर। पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। संभावित चुनाव कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। संभावना जताई जा रही है कि जनवरी 2027 के पहले सप्ताह में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो सकती है, जबकि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में करवाया जा सकता है। हालांकि, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अभी तक चुनाव की तारीखों को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में चुनाव कार्यक्रम और मतदान की संभावित समयसीमा को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं जारी हैं।

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों तथा नियुक्तियों को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश प्रभावी हो जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग की ओर से अधिकारियों की तैनाती से संबंधित जानकारी जुटाने और उनकी स्थिति की समीक्षा करने की प्रक्रिया पर जोर दिया जा रहा है।

चुनाव तैयारियों के तहत उन अधिकारियों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है, जो पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं या अपने गृह जिले में तैनात हैं। ऐसे अधिकारियों का रिकॉर्ड जुटाया जा रहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार के पक्षपात या प्रभाव की आशंका न रहे। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारियों के तबादले भी किए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को निष्पक्ष बनाए रखना और चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर उपलब्ध करवाना है।

दूसरी ओर, पंजाब की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने भी विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। सभी दल जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने और संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय बनाने में जुटे हैं। संभावित उम्मीदवारों के चयन, विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरणों और चुनावी रणनीति को लेकर भी अंदरखाते मंथन चल रहा है।

राजनीतिक दलों के नेता जनसभाओं, बैठकों और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर अब प्रशासनिक तैयारियों के साथ राजनीतिक गतिविधियों में भी तेजी आने की संभावना है। हालांकि, आचार संहिता लागू होने और मतदान की तारीखों को लेकर अभी कोई आधिकारिक समयसीमा तय नहीं हुई है। अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगा।

पंजाब की ऐतिहासिक धरोहर पर विदेश में नीलामी का मंडराया संकट



भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। चंडीगढ़ की विरासत से जुड़े फर्नीचर की विदेशों में नीलामी का मामला फिर सामने आया है। पंजाब के किसान भवन से संबंधित होने का दावा की जा रही पियरे जेनरे की दो केन ऑफिस चेयर (बेंत वाली कुर्सियां) लक्जमबर्ग के नीलामी घर में बिक्री के लिए सूचीबद्ध की गई हैं। इनकी अनुमानित कीमत 8,000 से 10,000 यूरो बताई गई है। मामले में यूटी एडमिनिस्ट्रेटर एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य एवं अधिवक्ता अजय पॉल जग्गा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, विदेश मंत्रालय और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय को पत्र लिखकर नीलामी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

जग्गा के अनुसार, दोनों कुर्सियों पर पंजाबी भाषा में 'कि भ: 6' लिखा हुआ है, जिसे किसान भवन से संबंधित पहचान माना जा रहा है। नीलामी घर लक्ज-ऑक्शन ने इन्हें लॉट नंबर 88 और संदर्भ संख्या 7209 के तहत सूचीबद्ध किया है। कैटलॉग के अनुसार, ये कुर्सियां वर्ष 1955 के आसपास की हैं और प्रसिद्ध फ्रांसीसी वास्तुकार एवं फर्नीचर डिजाइनर पियरे जेनरे ने इन्हें डिजाइन किया था। जग्गा ने मांग की है कि कुर्सियों की पहचान का किसान भवन के सरकारी रिकॉर्ड और इन्वेंटरी से मिलान कराया जाए। यदि इनके सरकारी संपत्ति होने की पुष्टि होती है तो एफआईआर दर्ज कर पंजाब पुलिस के महानिदेशक को जांच सौंपी जाए।

उन्होंने लक्जमबर्ग के नीलामी घर को तत्काल पत्र भेजकर बिक्री प्रक्रिया रोकने, कुर्सियों का स्वामित्व किसी खरीदार को हस्तांतरित नहीं करने और उनके इतिहास व स्वामित्व से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

त्योहारी रौनक के बीच चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी निगाह

दीवाली पर जालंधर के बाजारों में बढ़ेगी पुलिस की चौकसी, सुरक्षा इंतजाम सख्त



भारतेंदु संवाददाता, जालंधर। दीवाली के त्योहार को देखते हुए जालंधर पुलिस ने शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। त्योहार के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा प्रबंध मजबूत किए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को नियमित गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने को कहा है। विशेष रूप से शहर के आंतरिक बाजारों और उन व्यावसायिक क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाएगी, जहां त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का नियमित जायजा लेने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बाजारों में पुलिस कर्मचारियों की तैनाती के साथ गश्त व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाएगा।

शाहकोट में आग का तांडव, टेंट हाउस का गोदाम जलकर राख

भारतेंदु संवाददाता, जालंधर/शाहकोट। जालंधर जिले के शाहकोट के पास गांव नंगल अंबियां में देर रात एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की इस घटना में करीब 20 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। गोदाम में रखी 1300 कुर्सियां, टेबल, 10 कूलर, पंखे और टेंट का अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। आग इतनी भयानक थी कि गोदाम का शेड भी इसकी चपेट में आकर जल गया। जानकारी के अनुसार, गांव नंगल अंबियां में रंजीत कुमार बिल्ला की बिल्ला टेंट एंड साउंड सर्विस का गोदाम है। देर रात अचानक गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने पर नकोदर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अमृतसर एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को अब फेस स्कैन से मिलेगा प्रवेश



भारतेंदु संवाददाता, अमृतसर। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए डिजीयात्रा प्रणाली का लाइव ट्रायल 1 नवंबर 2026 से शुरू होने जा रहा है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से ई-चिप वाले पासपोर्ट रखने वाले भारतीय यात्री चेहरे की पहचान यानी फेस स्कैन के माध्यम से टर्मिनल भवन में प्रवेश कर सकेंगे। इससे यात्रियों को प्रवेश के समय बार-बार अपने पहचान संबंधी दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता कम होगी और पूरी प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सहज तथा तेज हो सकेगी।

हवाई अड्डा प्रबंधन के अनुसार, इस सुविधा को शुरू करने के लिए परिसर में आवश्यक फेस स्कैनर मशीनें स्थापित कर दी गई हैं। इसके साथ ही तकनीकी तैयारियां और परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। लाइव ट्रायल शुरू होने के बाद पात्र यात्रियों को प्रवेश के दौरान चेहरे की पहचान के आधार पर सत्यापन की सुविधा मिलेगी। इससे दस्तावेजों की जांच में लगने वाला समय बचने के साथ टर्मिनल में प्रवेश की प्रक्रिया को भी आधुनिक बनाया जा सकेगा। फिलहाल इस सुविधा का लाभ केवल ई-चिप पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों को मिलेगा, जो अमृतसर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के माध्यम से विदेश जा रहे हैं। विदेश से अमृतसर पहुंचने वाले यात्रियों और घरेलू उड़ानों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए इस ट्रायल के दौरान मौजूदा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। डिजीयात्रा की शुरुआत को हवाई अड्डे पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और तकनीक आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

धनास की आखिरी कच्ची कॉलोनी पर दीवाली बाद चलेगा प्रशासन का बुलडोजर



भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर की आखिरी बची कच्ची कॉलोनी को हटाने की तैयारी तेज कर दी है। दीवाली के बाद धनास की कच्ची कॉलोनी को खाली कराने और वहां बने मकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। प्रशासन की योजना नगर निगम चुनाव से पहले इस कार्रवाई को पूरा करने की है। अधिकारियों का दावा है कि कॉलोनी हटने के बाद चंडीगढ़ पूरी तरह झुग्गी मुक्त हो जाएगा। हालांकि, इस कार्रवाई से करीब 800 मकानों में रहने वाले परिवार प्रभावित होंगे और उनके सामने आवास का संकट खड़ा हो सकता है।

करीब 18 एकड़ में फैली इस कॉलोनी में लगभग 800 मकान बने हुए हैं। इनमें झुग्गियों के अलावा टीन शेड और कुछ पक्के मकान भी शामिल हैं। अनुमान के मुताबिक, यहां करीब 10 हजार लोग रहते हैं, जबकि लगभग 2500 मतदाता हैं। करीब 20 वर्षों से लंबित इस मामले में प्रशासन ने अब कार्रवाई तेज कर दी है।

संपदा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दीवाली के बाद कॉलोनी खाली कराने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। डीसी-कम-एस्टेट ऑफिसर निशांत कुमार यादव ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो और अतिक्रमण हटाओ दस्ते को कार्रवाई का खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अभियान की रूपरेखा और अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। जल्द ही कॉलोनी में रहने वाले लोगों को नोटिस जारी किए जा सकते हैं, ताकि वे स्वयं अपने मकान खाली कर दें।

धनास की यह कॉलोनी किसानों, जमीन मालिकों और शामलात जमीन पर विकसित हुई है। यहां बड़ी संख्या में परिवार लंबे समय से रह रहे हैं। ऐसे में कॉलोनी हटाने की योजना के बीच प्रभावित लोगों के पुनर्वास और वैकल्पिक आवास की व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नगर निगम चुनाव से पहले प्रस्तावित इस कार्रवाई के राजनीतिक रूप से भी अहम होने की संभावना है।

प्रशासन के अनुसार, अब तक शहर की 18 कॉलोनियों को हटाकर करीब 520 एकड़ सरकारी जमीन खाली कराई जा चुकी है। इस जमीन की अनुमानित कीमत लगभग 21 हजार करोड़ रुपये बताई गई है। पिछले वर्ष सेक्टर-25 की जनता कॉलोनी से करीब 10 एकड़ जमीन खाली कराई गई थी, जिसकी कीमत लगभग 350 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

चुनावीहलचल आप ने उतारे उम्मीदवार , कांग्रेस एकजुटता में जुटी, अकाली-भाजपा गठबंधन पर असमंजस कायम

पंजाब चुनाव से पहले दलों में सियासी हलचल हुई तेज



भारतेंदु संवाददाता, चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 में अभी कई महीने बाकी हैं, लेकिन प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुनावी तैयारियों का आगाज कर दिया है। वहीं, कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और पार्टी के भीतर गुटबाजी खत्म कर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच संभावित गठबंधन को लेकर चर्चाएं जारी हैं, लेकिन दोनों दलों के रुख से तस्वीर अभी साफ नहीं हो पाई है। इसके साथ ही अन्य अकाली और पंथक दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुट गए हैं।

आम आदमी पार्टी ने 31 अक्टूबर को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इसमें मालवा, माझा और दोआबा तीनों क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। पार्टी ने इस कदम के जरिए चुनावी तैयारी और संगठनात्मक सक्रियता का संकेत दिया है। आप ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उम्मीदवारों की सूची सबसे पहले जारी की थी। पहली सूची आने के बाद अब अन्य राजनीतिक दलों पर भी उम्मीदवारों के चयन और चुनावी रणनीति को लेकर दबाव बढ़ गया है। आने वाले समय में पार्टी की ओर से शेष सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाने की संभावना है।

कांग्रेस फिलहाल उम्मीदवारों की घोषणा के बजाय संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह की नियुक्ति के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को एक मंच पर लाने की कोशिशें तेज हुई हैं। 26 अक्टूबर को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों और चुनावी तैयारियों पर चर्चा की।

31 अक्टूबर को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में पंजाब के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इसमें पार्टी के भीतर मतभेद कम करने और आगामी चुनाव के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया गया। कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश है कि चुनाव से पहले गुटबाजी पर नियंत्रण कर कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच एकजुटता का संदेश दिया जाए। चार नवंबर को संगरूर में प्रस्तावित राहुल गांधी की रैली को भी इसी रणनीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी में उम्मीदवारों के चयन को लेकर विचार-विमर्श जारी है। शिरोमणि अकाली दल भी चुनावी तैयारियों में सक्रिय है। पार्टी कुछ सीटों पर रैलियों के दौरान उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इसके अलावा घर-घर संपर्क अभियान और प्रदेशव्यापी बस यात्रा की तैयारी की जा रही है। पार्टी नवंबर के मध्य तक चुनावी घोषणापत्र जारी करने और आठ दिसंबर को मोगा के किल्ली चहलां में बड़ी रैली आयोजित करने की तैयारी में है।

नेकां में गहराई अंतर्कलह , नेतृत्व के खिलाफ लामबंद हुए विधायक

रुहुल्ला के इस्तीफे पर अड़े रहने से बढ़ी मुश्किलें, मुबारक गुल को भी महासचिव पद से हटाया

भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के भीतर असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। मंत्री पद नहीं मिलने से नाराज विधायकों ने अब पार्टी नेतृत्व के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक कैसर जमशेद लोन के निवास पर पार्टी के 21 नाराज विधायकों ने बैठक कर अपनी मांगों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए जाने की जानकारी सामने आई है। इससे पार्टी नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में विधायकों ने चार मंत्रियों को हटाने के साथ मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी और कोषाध्यक्ष शम्मी ओबराय को भी जिम्मेदारी से मुक्त करने की मांग उठाई। विधायकों का कहना था कि जिन मंत्रियों को पद संभाले दो वर्ष हो चुके हैं, उन्हें हटाकर अन्य विधायकों को मौका दिया जाना चाहिए। इसके अलावा श्रीनगर के डाचीगाम में जून में हुई नेकां की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने की मांग भी की गई।

बैठक में विधायक नजीर गुरेजी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। यह समिति जल्द ही पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात कर विधायकों के प्रस्ताव और शिकायतें उनके सामने रखेगी। बैठक में राजौरी और पुंछ क्षेत्र के विधायकों ने भी भाग लिया। इनमें मुजफ्फर इकबाल खान, एजाज जान और जावेद इकबाल चौधरी शामिल थे। थन्नामंडी के विधायक मुजफ्फर इकबाल खान पहले भी मंत्रिमंडल में अपने क्षेत्र को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर चिंता जता चुके हैं।

◆मंत्रिमंडल विस्तार से उपजा असंतोष, पार्टी संगठन में बढ़ी खींचतान और मतभेद

तीन नवंबर को इस्तीफे के एलान पर कायम रुहुल्ला : पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष के बीच सांसद आगा सैयद रुहुल्ला भी अपने इस्तीफे के एलान पर कायम हैं। उन्होंने तीन नवंबर को पार्टी और लोकसभा की सदस्यता छोड़ने की बात कही है। उन्होंने इस दिन बड़गाम में जिला उपायुक्त कार्यालय के पास प्रस्तावित रैली के लिए लोगों को आमंत्रित किया है। रुहुल्ला की नाराजगी और उनके संभावित इस्तीफे को पार्टी के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है। बड़गाम उपचुनाव में नेकां की हार के पीछे भी उनकी नाराजगी को एक कारण बताया गया था। अब लोकसभा सीट छोड़ने की स्थिति में श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में संभावित उपचुनाव को लेकर भी पार्टी की चिंता बढ़ सकती है।

मुबारक गुल को महासचिव पद से हटाया

इस बीच नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने विधायक मुबारक गुल को महासचिव पद से हटा दिया है। उन्हें मंगलवार को ही यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब मंत्री अली मोहम्मद सागर को अगले आदेश तक महासचिव का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री पद नहीं मिलने पर गुल ने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके समर्थक उन पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। गुल ने चार नवंबर को अपने फैसले का एलान करने की बात कही थी। शुक्रवार रात उनके समर्थकों ने श्रीनगर में मशाल जुलूस भी निकाला। पार्टी के भीतर जारी इस घटनाक्रम को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद उपजे असंतोष से जोड़कर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को शामिल किया था।

कश्मीर में सर्दी का सितम, शोपियां में पारा शून्य के करीब

रात का तापमान लगातार गिरा, सात नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान


भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की कश्मीर घाटी में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। रात के तापमान में लगातार गिरावट आने से ठंड का असर तेज हो गया है। मौसम शुष्क रहने के बावजूद न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने सात नवंबर तक घाटी में मौसम के आमतौर पर शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान जताया है। हालांकि, इस दौरान रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ सकता है।

घाटी में रात के समय ठंड काफी बढ़ गई है। सुबह देर तक इसका असर बना रहता है। दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिलती है, लेकिन शाम होते ही तापमान गिरने लगता है और ठंड फिर से परेशान करने लगती है। ऐसे में लोगों ने गर्म कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ा दिया है। सुबह और शाम के समय सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों पर लोग ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं।

शुक्रवार को भी घाटी में मौसम शुष्क बना रहा। श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर हल्की धूप खिली रही। हालांकि, रात का तापमान सामान्य से नीचे रहने के कारण दिन के समय भी ठंड का एहसास होता रहा।

◆रात की ठिठुरन से जनजीवन प्रभावित, सुबह देर तक ठंड का एहसास



मौसम में बदलाव के साथ ही लोग सर्दी से बचाव के इंतजाम करने लगे हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में भी रात के समय ठंड का असर अधिक महसूस किया जा रहा है।

सात नवंबर तक शुष्क रहेगा मौसम: मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, सात नवंबर तक घाटी में मौसम के आमतौर पर शुष्क बने रहने की संभावना है। अगले चौबीस घंटों के दौरान भी मौसम में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। हालांकि, रात के तापमान में गिरावट जारी रहने से ठंड और बढ़ सकती है। ऐसे में लोगों को सुबह और शाम के समय विशेष सावधानी बरतने तथा ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं जताई गई है।

शोपियां में सबसे कम तापमान दर्ज

घाटी में शोपियां सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि यहां का सामान्य न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस है। पहलगाम में पारा गिरकर 0.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि यहां सामान्य न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहता है। पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां सामान्य तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस है। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री और कुपवाड़ा में 2.3 डिग्री सेल्सियस रहा। बांदीपोरा में 3.5 डिग्री, अनंतनाग में 3.2 डिग्री और बारामूला में 4.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसी तरह पुलवामा में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री और सोनमर्ग में 1.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि घाटी के अधिकांश क्षेत्रों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।

कारगिल निकाय चुनाव में नेकां-जमीअत का गठबंधन, सभी सीटों पर साझा प्रत्याशी

भारतेंदु संवाददाता, जम्मू



लद्दाख में 21 नवंबर को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर कारगिल की राजनीति में नए समीकरण बनने लगे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कारगिल नगर निकाय चुनाव के लिए जमीअत उलमा इथना अशरिया कारगिल के साथ चुनावी समझौता किया है। दोनों संगठनों ने आपसी तालमेल और सहमति के आधार पर नगर समिति की सभी 17 सीटों पर संयुक्त रूप से उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। इस समझौते के तहत चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी जनादेश और चुनाव चिह्न पर ही मैदान में उतरेंगे। फिलहाल नेकां का कांग्रेस के साथ कोई चुनावी गठबंधन नहीं हुआ है।

दोनों संगठनों के बीच हुए समझौते में उम्मीदवारों के चयन को लेकर आपसी सहयोग, समन्वय और एक-दूसरे के सम्मान को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी है। इस राजनीतिक तालमेल को कारगिल में चुनावी मुकाबले के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों पक्षों का उद्देश्य सभी वार्डों में सहमति से प्रत्याशी उतारकर चुनावी तैयारी को मजबूत करना है।

◆कारगिल में चुनावी तालमेल से बदलेगा सियासी गणित, कांग्रेस मुकाबले से बाहर

लद्दाख में इस बार कारगिल नगर समिति के 17 वार्डों और लेह नगर समिति के 21 वार्डों के लिए मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, उम्मीदवार पांच नवंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। पूरी चुनाव प्रक्रिया 30 नवंबर तक संपन्न कराई जाएगी। मतदान 21 नवंबर को होना निर्धारित है। दोनों नगर समितियों के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

नेकां के प्रवक्ता के अनुसार, पार्टी और कांग्रेस के बीच पिछला राजनीतिक समझौता लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी), कारगिल के पिछले कार्यकाल तक सीमित था। पांचवीं परिषद के गत 21 अक्टूबर को भंग होने के साथ ही यह राजनीतिक समझौता भी समाप्त हो गया। पिछले परिषद चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 12 और कांग्रेस ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा को दो सीटें मिली थीं, जबकि दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे थे। कारगिल में इससे पहले नगर निकाय चुनाव अक्टूबर 2018 में हुए थे। उस समय कारगिल नगर समिति में कुल 13 वार्ड थे।

त्योहारी भीड़ के बीच जम्मू मंडल की ट्रेनों में बढ़े अतिरिक्त कोच

भारतेंदु संवाददाता, जम्मू। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और कंफर्म बर्थ की मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने जम्मू मंडल से चलने और गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। यह वृद्धि स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर की जा रही है। रेलवे के इस कदम से यात्रियों को यात्रा के दौरान सीट मिलने में आसानी होगी और भीड़ का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ट्रेन संख्या 14688/14687 बडगाम-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस में दो नवंबर 2026 से स्थायी रूप से कोच बढ़ाए जाएंगे। अभी आठ कोचों के साथ चलने वाली यह ट्रेन अब विस्टाडोम कोच सहित कुल 12 कोचों के साथ संचालित होगी। ट्रेन संख्या 14803/14804 भगत की कोठी-जम्मू तवी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकंड क्लास कोच लगाया जाएगा। यह सुविधा भगत की कोठी से एक से 30 नवंबर और जम्मू तवी से दो नवंबर से एक दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। इसी तरह साबरमती-कटड़ा एक्सप्रेस (19415) में एक नवंबर को अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा, जो वापसी में तीन नवंबर को ट्रेन संख्या 19416 में उपलब्ध रहेगा। गांधीनगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (19223) में दो नवंबर को अतिरिक्त थर्ड एसी कोच और तीन नवंबर को अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जाएगा। वापसी में ये कोच क्रमश: चार और पांच नवंबर को ट्रेन संख्या 19224 में लगाए जाएंगे।

पुंछ के सावजियां सेक्टर में एलओसी के पास मिला मोर्टार गोला, सेना ने किया निष्क्रिय

भारतेंदु संवाददाता, पुंछ



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शनिवार सुबह एक पुराना और जंग लगा मोर्टार गोला मिलने से इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई। सेना ने समय रहते कार्रवाई करते हुए बम निरोधक दस्ते की मदद से गोले को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ और न ही कोई व्यक्ति घायल हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे सावजियां सेक्टर में एक अग्रिम चौकी के पास यह बिना फटा मोर्टार गोला दिखाई दिया। गोला जंग लगा हुआ था और काफी समय से वहां पड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही सेना के जवानों ने तत्काल एहतियाती कदम उठाए और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर लोगों की आवाजाही भी रोक दी गई, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

पाकिस्तानी गोलाबारी के दौरान दागे जाने की आशंका, बम निरोधक दस्ते ने संभाला मोर्चा


इसके बाद सेना ने बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया। दस्ते ने निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए गोले की जांच की और सावधानीपूर्वक उसे निष्क्रिय कर दिया। पूरी कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई। अधिकारियों ने बताया कि मोर्टार गोले को निष्क्रिय करने के बाद इलाके में किसी तरह का खतरा नहीं रहा।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, माना जा रहा है कि यह मोर्टार गोला पूर्व में सीमा पार से हुई गोलाबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना की ओर से दागा गया था। आशंका है कि जमीन से टकराने के बाद इसमें विस्फोट नहीं हुआ और यह बिना फटे ही मौके पर पड़ा रह गया। समय के साथ इस पर जंग लग गई। हालांकि, गोले के मिलने और उसके निष्क्रिय किए जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियां क्षेत्र में सतर्कता बरत रही हैं। उल्लेखनीय है कि नियंत्रण रेखा के आसपास पहले भी पुराने और बिना फटे गोले मिलने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे विस्फोटक लंबे समय तक पड़े रहने के बावजूद खतरनाक हो सकते हैं। इसलिए सेना और सुरक्षा एजेंसियां लोगों को सलाह देती हैं कि इस तरह की कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर उसे छूने या उसके पास जाने के बजाय तुरंत सुरक्षा बलों को सूचना दें।

विदेशी नौकरी के नाम पर ठगी, दो आरोपितों पर आरोपपत्र दाखिल

बिना भर्ती पंजीकरण चल रही थी एजेंसी, निजी खातों में जमा कराई रकम

भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर



विदेशी नौकरी के नाम पर ठगी, युवाओं की गाढ़ी कमाई हड़पी, जांच में खुली पोल

प्रतिष्ठित विदेशी कंपनियों में आकर्षक वेतन पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं और नौकरी के इच्छुक लोगों से लाखों रुपये ठगने के मामले में जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), कश्मीर ने श्रीनगर के दो निवासियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। आरोप है कि दोनों ने विदेश में रोजगार दिलाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ताओं से 15 लाख रुपये से अधिक की अग्रिम राशि वसूल की, लेकिन न तो उन्हें नौकरी दिलाई और न ही उनकी रकम वापस की।

अधिकारियों के अनुसार, आरोपपत्र श्रीनगर की पीटीएंडई अदालत में एफआईआर संख्या 32/2026 के तहत दाखिल किया गया है। आरोपियों की पहचान हमदानिया कॉलोनी, बेमीना निवासी सज्जाद अब्दुल्ला और शेषगारी मोहल्ला, खानयार निवासी जहांगीर अहमद टंकी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120-बी तथा उत्प्रवास अधिनियम की धारा 10 और 24 के तहत कार्रवाई की गई है।

ईओडब्ल्यू के आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, जांच एजेंसी को कुछ लोगों की ओर से शिकायतें मिली थीं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी मेसर्स अल-अक्सा ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक हैं। इस कंपनी का कार्यालय मोमिन आबाद, लेन नंबर चार, बटमालू, श्रीनगर में स्थित है। आरोपियों ने प्रतिष्ठित विदेशी कंपनियों में आकर्षक रोजगार और बेहतर वेतन दिलाने का भरोसा देकर नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अपने झांसे में लिया।

शिकायत के अनुसार, विदेश में नौकरी दिलाने की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर आरोपियों ने अलग-अलग लोगों से 15 लाख रुपये से अधिक की अग्रिम राशि प्राप्त की। इसके बावजूद किसी भी शिकायतकर्ता को वादा की गई नौकरी नहीं मिली। जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी तो उन्हें भुगतान के लिए चेक जारी किए गए, लेकिन बैंक में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण ये चेक अस्वीकृत हो गए। इसके बाद शिकायतकर्ताओं ने मामले की शिकायत अपराध शाखा से की।

प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान कंपनी के पंजीकरण और उसके कामकाज से जुड़े दस्तावेजों की भी पड़ताल की गई। इसमें सामने आया कि अल-अक्सा ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड टूर और ट्रैवल सेवाएं उपलब्ध कराने वाली एजेंसी के रूप में पंजीकृत थी। उसके पास विदेश में लोगों की भर्ती करने के लिए आवश्यक पंजीकरण नहीं था। इसके बावजूद कंपनी की ओर से विदेशी रोजगार दिलाने के नाम पर लोगों से रकम वसूली जा रही थी।

पुंछ में आठ बकरियों संग नियंत्रण रेखा पार कर पाक अधिकृत कश्मीर पहुंची महिला

भारतेंदु संवाददाता, राजौरी। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां करनी गांव की रहने वाली एक महिला कथित तौर पर आठ बकरियों के साथ नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर चली गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और मामले से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, महिला की पहचान रुबीना कौसर पत्नी मोहम्मद शफी, निवासी करनी गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बीती शाम आठ बकरियों के साथ गांव के पास से नियंत्रण रेखा पार कर क्क्ष्य की तरफ चली गई। हालांकि, महिला के सीमा पार जाने के कारणों और परिस्थितियों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जेकेएएस अधिकारियों की पदोन्नति के लिए सात विभागीय पेपर किए गए अनिवार्य

भारतेंदु संवाददाता, जम्मू



जम्मू-कश्मीर सरकार ने प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) के अधिकारियों के प्रोबेशन और विभागीय परीक्षा से संबंधित नए नियम अधिसूचित कर दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत जम्मू-कश्मीर संयुक्त प्रतियोगी सेवा (परिवीक्षा एवं परीक्षा) नियम, 2026 लागू किए गए हैं। नए प्रावधानों के अनुसार, जूनियर स्केल में सीधी भर्ती से आने वाले अधिकारियों को दो वर्ष की प्रोबेशन अवधि पूरी करनी होगी। प्रोबेशन का पहला वर्ष पूरा होने पर उन्हें पहली वेतन वृद्धि मिलेगी, जबकि दूसरी वेतन वृद्धि निर्धारित विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही दी जाएगी।

नए नियमों के तहत विभागीय परीक्षा में सात प्रश्नपत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा और हर पेपर में अलग-अलग कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पहले विभागीय परीक्षा में छह प्रश्नपत्र होते थे। अब इसमें एक प्रश्नपत्र और बढ़ा दिया गया है। जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा की तारीख और केंद्र आयोग निर्धारित करेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान संबंधित कानूनों, नियमों, विनियमों और मैनुअल की मूल प्रतियां देखने की अनुमति होगी।

नए प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक प्रोबेशन अधिकारी को विभागीय परीक्षा पास करने के लिए तीन नियमित अवसर दिए जाएंगे। इसके अलावा एक विशेष रियायती अवसर भी उपलब्ध होगा। यदि कोई अधिकारी अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो पाता है, तो वह छूटे हुए अवसर का लाभ लेने के लिए सरकार से अनुमति मांग सकेगा।

सात प्रश्नपत्रों में प्रबंधन एवं लोक प्रशासन, जम्मू-कश्मीर का परिचय, सेवा नियम एवं कार्यालय प्रक्रिया, राजस्व कानून एवं भूमि प्रशासन, सरकारी योजनाएं एवं विकास नीतियां, सामाजिक कल्याण एवं मानवाधिकार तथा शासन और सार्वजनिक व्यवस्था का कानूनी ढांचा शामिल किया गया है। अधिसूचना के साथ जम्मू-कश्मीर संयुक्त प्रतियोगी सेवा (परिवीक्षा एवं परीक्षा) नियम, 2000, जिन्हें एसआरओ-130 के तहत जारी किया गया था, समाप्त कर दिए गए हैं।

जम्मू-कश्मीर में 1068 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी चार साल तक छात्रवृत्ति सुविधा

भारतेंदु संवाददाता, जम्मू



जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) 2026-27 के लिए कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के कुल 1068 विद्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा नौवीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस तरह चार वर्षों में एक विद्यार्थी को कुल 48 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

बोर्ड के अनुसार, आवेदन करने वाले विद्यार्थी जम्मू-कश्मीर के डोमिसाइल होने चाहिए। इसके साथ ही उनका किसी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय के स्कूल में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत होना जरूरी है। पात्रता के लिए विद्यार्थी ने कक्षा सातवीं की वार्षिक परीक्षा में कम से कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ आय प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा।

छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों को दो प्रश्नपत्रों वाली परीक्षा देनी होगी। पहला पेपर मानसिक योग्यता परीक्षण और दूसरा शैक्षिक योग्यता परीक्षण का होगा। दोनों प्रश्नपत्रों में 90-90 सवाल पूछे जाएंगे और प्रत्येक पेपर के अधिकतम 90 अंक निर्धारित हैं। इस प्रकार परीक्षा कुल 180 अंकों की होगी। छात्रवृत्ति के लिए पात्र होने के लिए दोनों परीक्षाओं में संयुक्त रूप से कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी है। हालांकि, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम अंकों की सीमा 32 प्रतिशत रखी गई है। चयनित विद्यार्थियों की सूची मेरिट के आधार पर तैयार की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

परिवर्तन सुरक्षा में सुधार से पर्यटन तक बढ़ा जम्मू-कश्मीर का दायरा, विकास परियोजनाओं ने जगाई नई उम्मीदें

अनुच्छेद 370 के बाद सात साल में बदली जम्मू-कश्मीर की तस्वीर

भारतेंदु संवाददाता, श्रीनगर



श्रीनगर का लालचौक स्थित घंटाघर आज पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां सुबह से शाम तक स्थानीय लोगों के साथ देश-विदेश से आए पर्यटकों की भीड़ दिखाई देती है। डाउन-टाउन, सोपोर और त्राल जैसे इलाकों में भी जनजीवन पहले की तुलना में सामान्य नजर आता है। जम्मू-कश्मीर में पिछले सात वर्षों के दौरान सुरक्षा, पर्यटन, निवेश और प्रशासनिक व्यवस्था के स्तर पर कई बदलाव देखने को मिले हैं। हालांकि आतंकवाद की चुनौती पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, लेकिन संगठित पत्थरबाजी, बंद और अलगाववादी गतिविधियों में कमी के साथ पर्यटन तथा औद्योगिक निवेश में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पांच अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निष्प्रभावी करने का फैसला किया था। इसके बाद 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत तत्कालीन राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, दो केंद्रशासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया। इसके साथ ही प्रशासनिक, राजनीतिक और सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव का दौर शुरू हुआ।

केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर केंद्र सरकार और उपराज्यपाल प्रशासन की भूमिका बढ़ी। जम्मू-कश्मीर पुलिस तथा केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत हुआ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों ने आतंकवाद के वित्तपोषण, हवाला नेटवर्क, अलगाववादी संगठनों और आतंकियों के मददगार तंत्र के विरुद्ध कार्रवाई तेज की।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018 में संगठित पत्थरबाजी की 1,328 घटनाएं दर्ज की गई थीं, जबकि वर्ष 2023 और 21 जुलाई 2024 तक ऐसी कोई घटना दर्ज नहीं हुई। इसी तरह वर्ष 2018 में 52 संगठित बंद हुए थे, जबकि 2023 में इनकी संख्या शून्य रही। इन आंकड़ों को घाटी में कानून-व्यवस्था की स्थिति में आए बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। गृह मंत्रालय की ओर से संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर में 228 आतंकी घटनाएं हुई थीं, जो 2023 में घटकर 46 रह गईं। सुरक्षा एजेंसियों ने हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के नेटवर्क तथा उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई की।

पर्यटन में रिकॉर्ड वृद्धि, निवेश से रोजगार की उम्मीद

सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव के साथ पर्यटन गतिविधियों में भी तेजी आई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में 2.11 करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर पहुंचे, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या लगभग 2.36 करोड़ रही। गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग, श्रीनगर और कटरा जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बढ़ी आवाजाही से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार को नए अवसर मिले। पर्यटन पर निर्भर स्थानीय लोगों की आमदनी और व्यापारिक गतिविधियों को भी इससे प्रोत्साहन मिला। औद्योगिक क्षेत्र में करीब 15,940 करोड़ रुपये के निवेश का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार की जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 80 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली 63 प्रमुख विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इनमें 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो चुका था और 53 परियोजनाएं पूरी हो गई थीं। वर्ष 2019 से मई 2026 के बीच 41 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं। वहीं, पिछले चार वर्षों में स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से 9.81 लाख से अधिक लोगों को अवसर उपलब्ध कराए गए।

गिरता भारतीय

लोकतंत्र और आम जनता

विगत बारह सालों में लोकतांत्रिक प्रणली में जो गिरावट देखने को मिल रही है यह शायद अपने आप में एक इतिहास बन रहा है। और राजनीति के छात्रों के लिए भविष्य में शोध करने के लिए नया विषय भी होगा कि भारत में एक ऐसी पार्टी जो दिल्ली की सत्ता में थी, परंतु कई प्रदेशों में उसके एक-दो विधायक ही थे बावजूद इसके केंद्र में बैठी सरकार ने प्रदेश में सरकारें बना ली। पंजाब जैसे सूबे में बिना विधायक सात सांसद भी बना लिए। यह कैसे बने, जनता तो जानती ही होगी।

लोकतंत्र बिक रहा है। दुनिया देख रही है, पर विश्व मंच पर बस एक पुरस्कारों की ऐसी लड़ी चल रही है, जिसे पहनकर हम कहने लगे हम विश्व गुरु बन गए हैं, बस शब्दों में। भारत में लोकतंत्र जब बहुत प्रिय शासन प्रणाली है यह राम राज्य के मूल मंत्र से लिया गया पंच ही महान है के आधार पर बना है। लोकतंत्र में सत्ता का अंतिम स्रोत जनता होती है, परंतु आज जनता न मशीन और चुनाव आयोग हो लोकतंत्र का अंतिम स्रोत बन गया है। वर्तमान सरकार अभी अनेक उपलब्धियों और चुनौतियों के बीच में खड़ा हैं। जहां सरकार जवाबदेही से बच रही है मौन बन गई है। सरकार तमाम तरह के नए सवालों के घेरे में यह स्थिति 2019 में नहीं थी। आज जनता के साथ छात्रों का समूह भी चिंतित दिख कर रहा है तो बुद्धजीवी समाज में भी आक्रोश है। विदेश नीति पर सब लोग सवाल उठा रहे हैं जो सरकार के पास बहुत से माध्यमों से पहुंच रहा है। बस एक सरकारी मीडिया वह प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक हो सब सवालों को छिपा रहे हैं, परंतु सोशल मीडिया तो पहुंचा रहा है फिर भी सवाल का जवाब जनता को देश को नहीं मिल रहा है। यदि मिल रहा है तो बस देश के प्रधानमंत्री को किस देश ने पुरस्कार दिया, सम्मान दिया यह भी जरूरी है कि देश के प्रधानमंत्री का हर देश स्वागत सम्मान कर रहा है। भले ही हम कूटनीतिक रूप से अमेरिका से नहीं लड़ पा रहे हैं। वह भारत को गाहे-बगाहे असमय ही धमकी देता रहता है, टैरिफ लगाता रहता है। जिस तरह से आज अमेरिका धनबल बाहुबल से ईरान पर आक्रमण कर रहा, वेनेजुएला के राष्ट्रपति को बंधक बनाया है वैसा ही अब भारतीय लोकतंत्र में होता दिख रहा है।



डॉ. अशोक कुमार चौबे

विपक्ष की पार्टी के सांसद धनबल शासन बल पर अपनी पार्टी तोड़कर सत्ता के चरण में आ रहे हैं। यह दर्शाता है कि धनबल ही लोकतंत्र है। हमारे देश में कोई पढ़ा-लिखा प्रोफेसर कभी पंचायत में वार्ड पंच नहीं बन पाता है, परंतु धनबल बाहुबल पर लोग विधायक सांसद बन जा रहे हैं। आखिर यह प्रेरणा किस लोकतंत्र से मिली। निश्चित ही सरकार ने लोकतंत्र में चुने लोगों को डराकर बिकाऊ बनाया है, जो बिक रहे हैं। आज जनता के मत का कोई मूल्य नहीं रह गया है।

भारत के गिरते लोकतंत्र में जातिवाद क्षेत्रवाद धर्मवाद की बढ़ती



एआई निर्मित चित्र।

भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। जाति और धर्म के नाम पर पार्टियां देश में विचरण करती हैं, चुनाव लड़ रही हैं। जीतकर नेता मंत्री बन जाते हैं, परंतु जाति जहां है जिस स्तर पर है वहां से आगे नहीं बढ़ी। उनकी भागीदारी किसी क्षेत्र में बढ़ी नहीं। बस जाति के वोट चुनाव के समय देखे जा सकते हैं जो एक साथ एक जगह पड़ जाता है फिर वही जाति जाति संघर्ष में जीती है। उसके नेता पूछते नहीं हैं। यह गिरावट लोकतंत्र को कमजोर और खोखला करने लगी है। जाति के नेता दीमक की तरह जाति को खाने में लगे हैं। और हर गांव में जाति संघर्ष का रास्ता बनाकर आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के कई कारक जिम्मेदार हैं। हाल के वर्षों में जाति और धर्म की राजनीति बढ़ी है। कई स्थानों पर जातीय हिंसा हुई, जबकि नेता भी जाति-धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। चुनाव आयोग और न्यायालय की चुप्पी से लोकतंत्र का स्तर और गिरा है।

भ्रष्टाचार भी लोकतंत्र को कमजोर करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। सरकारी कार्यालयों से लेकर सांसद-विधायक निधि तक भ्रष्टाचार फैला है। विकास कार्यों में कमीशन और धन की वापसी जैसी शिकायतें आम हैं। राजनीति में धनबल, बाहुबल और अपराधियों का प्रभाव बढ़ने से पंचायत से संसद तक विकास प्रभावित हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

डिजिटल फास्टिंग : स्क्रीन से दूरी, अब है जरूरी

'पापा, आप मेरी बात सुन भी रहे हैं या फिर मोबाइल ही ज्यादा जरूरी है? रात के भोजन की मेज पर छह वर्षीय मोक्षिता का यह मासूम प्रश्न सुनकर हम सब कुछ क्षणों के लिए शांत हो गए। मोबाइल में सोशल मीडिया पर रील्स स्टॉल करना मैंने तुरंत बंद कर दिया और उस दिन के बाद उस कमरे को ही 'नो फोन जोन' घोषित कर दिया गया । जिसको भी फोन का इस्तेमाल करना होता है तो वो दूसरे कमरे में जा कर सकता है। यह नियम सभी घरवालों और मेहमानों पर भी लागू है। अवहेलना करने वालों को बिटिया तुरंत टोक देती है। शुरू में तो सभी को यह अजीब लगा, लेकिन धीरे-धीरे आदत सी पड़ गई।

यही है डिजिटल फास्टिंग की शुरुआत-तकनीक से दूरी नहीं, बल्कि तकनीक के साथ संतुलित संबंध बनाने का प्रयास। आज स्मार्टफोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। शिक्षा, बैंकिंग, व्यवसाय, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवाएं और सरकारी सुविधाएं-सब कुछ डिजिटल माध्यम से उपलब्ध है, लेकिन सुविधा के साथ एक चुनौती भी तेजी से बढ़ी है-अत्यधिक स्क्रीन टाइम। डिजिटल फास्टिंग का अर्थ मोबाइल या इंटरनेट का पूरी तरह त्याग करना नहीं है। इसका अर्थ है निश्चित समय के लिए स्वयं को अनावश्यक डिजिटल गतिविधियों से दूर रखना, ताकि मन, मस्तिष्क और शरीर को विश्राम मिल सके।

विश्व स्तर पर डिजिटल व्यवहार का अध्ययन करने वाली संस्था के अनुसार, दुनिया का औसत इंटरनेट उपयोगकर्ता प्रतिदिन लगभग 6 घंटे 38 मिनट इंटरनेट पर बिताता है। इनमें से लगभग 3 घंटे 46 मिनट समय केवल मोबाइल फोन पर व्यतीत होता है। यानी हमारे दिन का लगभग एक चौथाई हिस्सा स्क्रीन के सामने गुजर रहा है।



एआई निर्मित चित्र।

भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। इस रिपोर्ट अनुसार, भारत में वर्ष 2025 की शुरुआत तक लगभग 90 करोड़ (900 मिलियन) इंटरनेट उपयोगकर्ता और लगभग 49 करोड़ (490 मिलियन) सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे। स्मार्टफोन कनेक्शनों की संख्या 1.1 अरब से अधिक पहुंच चुकी है।



शरद गुप्ता

भारतीय उपयोगकर्ता प्रतिदिन औसतन लगभग 6 से 7 घंटे इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिसमें सोशल मीडिया, वीडियो स्ट्रीमिंग और मैसेजिंग ऐप्स प्रमुख हैं। विशेष चिंता का विषय बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम है। हाल ही में प्रकाशित एक भारतीय अध्ययन के अनुसार, छोटे बच्चों का औसत स्क्रीन टाइम प्रतिदिन 2.2 घंटे पाया गया, जो कई बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सुझाई गई सुरक्षित सीमा से लगभग दोगुना है। लगातार स्क्रीन देखने से बच्चों में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, नींद, शारीरिक गतिविधि और सामाजिक व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

केवल बच्चे ही नहीं, वयस्क भी डिजिटल निर्भरता का सामना कर रहे हैं। क्या आपने कभी बिना किसी कारण के हर पांच-दस मिनट में मोबाइल उठाया है? क्या नोटिफिकेशन न आने पर भी फोन चेक करते हैं? क्या भोजन करते समय, परिवार के बीच बैठकर या सोने से पहले भी स्क्रीन से दूरी बनाना कठिन लगता है? यदि उत्तर 'हां' है, तो यह डिजिटल निर्भरता का संकेत हो सकता है। हर नोटिफिकेशन, हर नया वीडियो और हर सोशल मीडिया अपडेट मस्तिष्क में डोपामिन का क्षणिक स्राव करता है। धीरे-धीरे हमारा मस्तिष्क इसी निरंतर उत्तेजना का अभ्यस्त हो जाता है। परिणामस्वरूप एकाग्रता घटती है, मानसिक थकान बढ़ती है और बिना मोबाइल के बेचैनी महसूस होने लगती है। इसीलिए मनोवैज्ञानिक अब समय-समय पर डिजिटल फास्टिंग या डिजिटल डिटॉक्स की सलाह देते हैं। शोध बताते हैं कि स्क्रीन से कुछ समय दूरी बनाने से तनाव कम होता है, नींद बेहतर होती है और एकाग्रता बढ़ती है। डिजिटल फास्टिंग की शुरुआत छोटे कदमों से की जा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

भारत को अस्थिर करने की साजिशें अब विदेशों में भी पनपने लगी हैं

डिजिटल युद्ध से सामाजिक एकता पर चोट की साजिश

भारत आज विश्व की प्रमुख उभरती शक्तियों में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, सामरिक क्षमता, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ते प्रभाव ने भारत को एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। लेकिन किसी भी उभरती शक्ति के सामने चुनौतियां भी कम नहीं होतीं। भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमा पार आतंकवाद, दुष्प्रचार, साइबर हमले और सामाजिक विभाजन जैसी चिंताएं लगातार चर्चा में हैं। इसी पृष्ठभूमि में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या भारत को अस्थिर करने की कोशिशें अब देश की सीमाओं से बाहर भी नए रूप ले रही हैं?

विदेशों में बैठकर भारत के विरुद्ध सक्रिय कुछ आतंकवादी संगठनों और चरमपंथियों का बड़ा नेटवर्क भारत-विरोधी प्रचार अभियान चला रहा है, जिसको लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने चिंता जताई है। ऐसे नेटवर्क की गतिविधियां केवल प्रचार तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि इनके माध्यम से सामाजिक तनाव बढ़ाने और देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें भी हो सकती हैं।

आज युद्ध केवल सीमाओं पर हथियारों से नहीं लड़े जाते। सूचना और संचार के डिजिटल युग में सोशल मीडिया, फर्जी समाचार, भ्रामक वीडियो और छेड़छाड़ की गई तस्वीरें भी जनमत को प्रभावित करने के साधन बन गए हैं। किसी घटना को संदर्भ से काटकर प्रस्तुत करना, अफवाहों को तेजी से फैलाना और लोगों के बीच अविश्वास पैदा करना



एआई निर्मित चित्र।

सामाजिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती है।

यदि विदेशों से संचालित कोई नेटवर्क जानबूझकर भारत की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रामक सामग्री फैलाता है, तो उसकी पहचान और जांच आवश्यक है। लेकिन इसका जवाब केवल प्रतिबंधों या आरोपों तक सीमित नहीं होना चाहिए। नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना, स्वतंत्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना और सूचना के स्रोतों की पुष्टि करने की आदत विकसित करना भी उतना ही जरूरी है।

भारत लंबे समय से आतंकवाद की चुनौती का सामना करता आया है। आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने, धन उपलब्ध कराने, भर्तियां करने या हिंसा को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क किसी भी देश की सुरक्षा के लिए खतरा होते हैं। यदि ऐसे नेटवर्क विदेशी धरती का उपयोग करते हैं, तो उनसे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान और प्रभावी कानूनी कार्रवाई महत्वपूर्ण हो जाती है।

लोकतंत्र में सरकार की आलोचना, नीतियों पर सवाल और



विजय शर्मा

शांतिपूर्ण विरोध नागरिकों के अधिकार हैं। किंतु पिछले कुछ वर्षों में धरना-प्रदर्शन के नाम पर अराजकता, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर चिंताएं सामने आई हैं। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं देश में अस्थिरता फैलाने के लिए कोई नेटवर्क योजनाबद्ध तरीके से काम तो नहीं कर रहा है। आशंका है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले कुछ वर्षों में स्थिति गंभीर रूप धारण कर सकती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता और लोकतांत्रिक व्यवस्था है। यहां अनेक भाषाएं, धर्म, संस्कृतियां और परंपराएं एक साथ विकसित होती हैं। यदि कोई बाहरी या आंतरिक तत्व इन विविधताओं का इस्तेमाल नफरत, हिंसा और अविश्वास फैलाने के लिए करता है, तो उसका प्रभाव राष्ट्रीय एकता पर पड़ेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पुरस्कारों की 'बंदरबांट' से घटती जा रही 'सम्मान' की गरिमा




एआई निर्मित चित्र।

देश-प्रदेश एवं जिला स्तर की अनेक सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं ने अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अनेक ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो जमीनी स्तर पर कहीं नजर नहीं आते, लेकिन सोशल मीडिया में उनकी बल्ले-बल्ले हो रही है। जिन मंत्रालय या विभागों से ऐसी संस्थाएं पंजीकृत हैं, उनका भी कोई नियंत्रण नहीं हैं। यदि किसी संस्था को ऐसे कार्यक्रमों के लिए सरकार अनुदान देती है तो उसे कागजों में न दर्शा कर सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

अक्सर ऐसे कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के नाम पर कुछ व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। बहुत सी संस्थाएं ऐसी हैं जिनका कोई मापदंड नहीं होता कि किस व्यक्ति विशेष को सम्मानित किया जाना चाहिए। उसमें 'अंधा बांटे रेवड़ियां', मुड़-मुड़ अपनों को दे' की तर्ज पर अपने खास किसी व्यक्ति विशेष को सम्मानित किया जाता है जिनका उस क्षेत्र से दूर का भी संबंध नहीं है।

हिमाचल प्रदेश में कुछ ऐसी सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाएं हैं जिनका प्रतिवर्ष वार्षिक समारोह होता है तथा उसमें ही बड़े सम्मान के साथ पुरस्कार वितरित किए जाते हैं। इसके लिए मापदंड तय किए जाते हैं। सम्मानित किए जाने वाले व्यक्ति का जीवन परिचय मंगवाया जाता है। विशेष उपलब्धियों पर गौर किया जाता है। पूरी पारदर्शिता के साथ चायन प्रक्रिया अपनाई जाती है। संस्था की नजर में यदि कोई ऐसा व्यक्ति है जिसने किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो उसे भी सम्मानित किया जाता है। ऐसी संस्थाओं द्वारा व्यक्ति विशेष को दिए पुरस्कारों की अपनी अलग गरिमा होती है। यदि दर्जनों लोगों को एक जैसा पुरस्कार दिया जाता है तो उसका कोई औचित्य नहीं और न ही उस संस्था का उद्देश्य केवल अपना नाम कमाना है। कागजी कार्यक्रमों को अत्यधिक प्रचारित करने से जितनी अधिक सुर्खियां बटोरी जा रही हैं, समाज में उन संस्थाओं के साथ ही सोशल मीडिया की विश्वसनीयता भी कम हो रही है। लोग ऐसी संस्थाओं और उनके भ्रामक प्रचार को अनदेखा करने लगे हैं, जिससे पारदर्शिता के साथ काम करने वाली संस्थाओं की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है। परिणामस्वरूप केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों पर भी संदेह बढ़ता जा रहा है। पुरस्कारों की इस बंदरबांट से योग्य व्यक्तियों की उपेक्षा होती है और अयोग्य सम्मानित हो जाते हैं। इससे प्रतिभाशाली लोगों का मनोबल टूटता है तथा समाज में यह संदेश जाता है कि सफलता के लिए प्रतिभा से अधिक ऊंची पहुंच और व्यक्तिगत प्रभाव आवश्यक है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ता है। समाज में सम्मान और पुरस्कार का उद्देश्य ईमानदारी, परिश्रम और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पहचान देना तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होता है।



रामलाल पाठक

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

ओ मांझी रे मांझी

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना, हिमाचल प्रदेश

आज समुद्र में आया तूफान,
लोग हो गए बेहद परेशान
पूर्णिमा की स्मृतियों को भूल,
हौसला ले आ गया मांझी
ऊंची उठती लहरों को थामने,
पर यह क्या हो रहा है
मन में समुद्र में एक साथ,
उठ रहा अद्भुत तूफान
ऊंची ऊंची भयावह लहरें,
ओ मांझी रे मांझी
हो जाओ तुम तैयार,
खामोश क्यों हो?
बोलो तो कुछ, समय को थाम,
संध्याकाल समय
लहरों को रोक,
बनो तुम धैर्यवान
ओ मांझी रे मांझी, तुम बलहीन नहीं
आज फिर तूफान, हृदय में समुद्र में
घमासान हो रहा, नहीं मिलेगा सुअवसर
ओ मांझी रे मांझी, टकरा जाओ लहरों से
समुद्र की तेरी गहराई, लहरों से ऊंची ऊंचाई
थकान यह कैसी, उड़ान ऐसी भरो
सांस न उखड़े रोक दो इस उठती हिलोर को
ओ मांझी रे मांझी

संपादकीय

निर्भरता घटाए भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की हालिया बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को भारत के सामने एक बड़ी आर्थिक चुनौती बताया। वित्त वर्ष 2015-16 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 52.5 अरब डालर था, जो 2025-26 में बढ़कर 112 अरब डालर हो गया है। इस दौरान चीन को भारत का निर्यात बढ़ा है, लेकिन वहां से होने वाले आयात में तेज वृद्धि के कारण व्यापार असंतुलन लगातार गहराता गया है। यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था, घरेलू उद्योगों और विनिर्माण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।

चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे के पीछे कई संरचनात्मक और नीतिगत कारण हैं। इनमें सबसे प्रमुख चीन की गैर-शुल्क बाधाएं हैं। चीनी प्रशासन द्वारा लागू जटिल तकनीकी, स्वास्थ्य और गुणवत्ता संबंधी मानक भारतीय उत्पादों की वहां तक पहुंच को सीमित करते हैं। भारत लंबे समय से अपनी जेनेरिक दवाओं, प्रसंस्कृत मांस और कृषि उत्पादों के लिए चीनी बाजार में बेहतर पहुंच की मांग करता रहा है। इसके बावजूद भारतीय निर्यातकों को कई तरह की प्रक्रियागत अड़चनों का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर चीन अपने घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने के लिए कड़े नियम लागू करता है। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त चीनी युआन की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव भी रुपये पर दबाव डालता है।

इस व्यापारिक असंतुलन का एक बड़ा कारण 'मेक इन इंडिया' अभियान के बावजूद चीन से कच्चे माल और औद्योगिक घटकों के आयात पर भारत की निर्भरता है। पिछले कुछ वर्षों में देश का विनिर्माण क्षेत्र विकसित हुआ है, लेकिन उत्पादन की कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अब भी चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर हैं। इलेक्ट्रानिक्स, डिस्प्ले पैनल, सोलर पीवी सेल, औषधीय कच्चे माल यानी एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआइ) और भारी औद्योगिक मशीनरी के लिए भारत को चीन से बड़ी मात्रा में आयात करना पड़ता है। इसका परिणाम यह होता है कि देश में विनिर्माण गतिविधियां बढ़ने के साथ-साथ चीन से कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात भी बढ़ जाता है।

इसके अलावा दुर्लभ मृदा तत्वों, लीथियम और आधुनिक उर्वरकों के उत्पादन तथा आपूर्ति पर चीन का मजबूत नियंत्रण है। ये संसाधन इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनकी सीमित उपलब्धता और कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण भारत को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। भविष्य में हरित ऊर्जा और आधुनिक तकनीक के विस्तार के साथ इन संसाधनों की मांग और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में चीन पर अत्यधिक निर्भरता भारत की आर्थिक और रणनीतिक क्षमता को प्रभावित कर सकती है।

इस चुनौती से निपटने के लिए केवल चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। भारत को दीर्घकालिक और व्यापक औद्योगिक रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर के घरेलू उत्पादन को मजबूत करना होगा। अभी भारत कई अंतिम उत्पादों की असेंबलिंग पर अधिक ध्यान दे रहा है, जबकि वास्तविक आत्मनिर्भरता के लिए प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, उन्नत सेंसर, डिस्प्ले पैनल और सेमीकंडक्टर चिप्स जैसे महत्वपूर्ण घटकों का देश में निर्माण आवश्यक है। इसके लिए शोध, तकनीकी विकास और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा।

फार्मास्यूटिकल्स और बल्क ड्रग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना भी जरूरी है। भारत दुनिया के प्रमुख दवा उत्पादक देशों में शामिल है, लेकिन उसका दवा उद्योग एपीआइ के लिए चीन पर काफी निर्भर है। कई महत्वपूर्ण औषधीय कच्चे माल का बड़ा हिस्सा चीन से आयात किया जाता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से भी जोखिम पैदा करती है। इसलिए देश में घोषित बल्क ड्रग पार्कों की स्थापना में तेजी लानी होगी। साथ ही 41 महत्वपूर्ण एपीआइ के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना होगा।

चीन की गैर-शुल्क बाधाओं का मुकाबला करने के लिए भारत को कूटनीतिक प्रयासों के साथ घरेलू गुणवत्ता मानकों को भी मजबूत करना होगा। क्वालिटी कंट्रोल आर्डर के प्रभावी क्रियान्वयन से अमानक आयात और सस्ते सामान की डंपिंग पर नियंत्रण लगाया जा सकता है। इससे भारतीय विनिर्माताओं को प्रतिस्पर्धा के लिए उचित अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाना और समान विचारधारा वाले देशों के साथ फ्रेंड-शोरिंग की नीति अपनाना आवश्यक है। महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ धातुओं और उच्च तकनीकी उत्पादों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति नेटवर्क विकसित करने से चीन पर निर्भरता घटाई जा सकती है।

हरित प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार के दौर में भारत को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। यदि घरेलू उत्पादन क्षमता विकसित नहीं की गई तो जीवाश्म ईंधन के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम होने के बावजूद नई तकनीकों के लिए चीन पर निर्भरता बढ़ सकती है। इसलिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू करना होगा। उद्योगों में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर भी जोर देना होगा।

-शिवांश धाकड़

आज की प्रमुख हस्ती

दिलों पर राज करती हैं इलियाना

इलियाना डिक्रूज भारतीय मूल की पुर्तगाली अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी और तेलुगु फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1986 को मुंबई के माहिम में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय और खूबसूरती के दम पर दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक खास पहचान बनाई है। अपने करियर में वह कई सफल फिल्मों का हिस्सा रही हैं और उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। उनके पिता गोवा के कैथोलिक परिवार से हैं, जबकि उनकी मां मुस्लिम हैं। जब वह 10 वर्ष की थीं, तब उनका परिवार गोवा के पर्रा में रहने लगा। शुरुआत में उन्होंने मॉडलिंग के क्षेत्र में कदम रखा। वर्ष 2003 में उनका पहला मॉडलिंग पोर्टफोलियो तैयार किया गया था, हालांकि उन्हें यह खास पसंद नहीं आया। इसके बाद फोटोशूट और रैंप शो के माध्यम से उन्हें पहचान मिलने लगी। वर्ष 2004 में उन्होंने कई विज्ञापनों में काम किया। इलेक्ट्रोलक्स, इमामी टैल्क और फेयर एंड लवली जैसे ब्रांड के विज्ञापनों से उन्हें लोकप्रियता मिली। खासतौर पर राकेश रोशन के निर्देशन में बने एक विज्ञापन ने उन्हें फिल्मी दुनिया में काम करने के कई अवसर दिलाए।



इलियाना डिक्रूज
जन्म : 1 नवंबर 1986

इलियाना ने वर्ष 2006 में तेलुगु फिल्म 'देवादासु' से अभिनय की शुरुआत की। इस रोमांटिक फिल्म में उन्होंने राम पोथिनेनी के साथ काम किया। फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही और उनके अभिनय को भी सराहना मिली। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसी वर्ष उनकी फिल्म 'पोकिरी' रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने महेश बाबू के साथ अभिनय किया। यह फिल्म उस समय की सबसे सफल तेलुगु फिल्मों में शामिल हुई और इलियाना को दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित हुई। इसके बाद उन्होंने 'केडी', 'खतरनाक' और 'राखी' जैसी फिल्मों में भी काम किया। वर्ष 2007 में वह प्रभास के साथ फिल्म 'मुन्ना' और सिद्धार्थ के साथ 'आटा' में नजर आई।

'भारतेन्दु शिखर'

प्रकाशक, मुद्रक, संपादक एवं स्वामी शिवांश धाकड़ द्वारा शर्मा भवन, न्यू रणजीत नगर, एप्पल फ्रूट मंडी, नजदीक ढली टनल, शिमला (हि.प्र.) 171006 से प्रकाशित एवं बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद शिमला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/2000/02437
ई-मेल : bhartendunewsmedia@gmail.com, फोन नंबर : 88946-77702

न्यूज ब्रीफ

बिलासपुर महाविद्यालय में कैडेट्स ने रैली निकाल दिया एकता का संदेश



भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी की छात्रा एवं छात्र बटालियन और रेडक्रॉस इकाई के कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान एनसीसी गर्ल्स बटालियन की केयरटेकर अधिकारी शीतल धीमान ने सभी कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के साथ आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद महाविद्यालय परिसर से कॉलेज चौक, गुरुद्वारा चौक और डिजिटल लाइब्रेरी तक जागरूकता रैली निकाली गई। कैडेट्स ने नारों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

बिजली चोरी पर विभाग सख्त, दो उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

भारतेन्दु संवाददाता, नेरचौक। विद्युत मंडल बग्गी के तहत बिजली चोरी पर रोक लगाने और बकाया बिलों की वसूली के लिए विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न गांवों में औचक निरीक्षण कर बिजली चोरी करते हुए दो उपभोक्ताओं को रंगे हाथों पकड़ा और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया। अभियान के तहत कुम्मी, कठ्याहल, टॉवा, पाधरू, मगरदांण और जोली सहित अन्य गांवों में जांच की गई। इस दौरान टॉवा निवासी संजय कुमार और कुम्मी निवासी अरुण कुमार को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान में सहायक अभियंता राजेंद्र शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र कुमार, इंजीनियर अजय कुमार, फोरमैन कमल कांत और लाइनमैन राकेश, प्रकाश, प्रवीण, विक्की, दिनेश, ध्रुव व ललित शामिल रहे।

गुरुकुल स्कूल खेल महोत्सव में लिबर्टी हाउस ने जीती चैंपियनशिप

भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झलवाण में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शनिवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। खो-खो, बैडमिंटन और एथलेटिक्स मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे। लिबर्टी हाउस ने नौ स्वर्ण और छह रजत पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। ग्लोरी हाउस आठ स्वर्ण और 11 रजत पदकों के साथ दूसरे तथा गलैंट्री हाउस सात स्वर्ण और सात रजत पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। हार्मनी हाउस ने छह स्वर्ण और पांच रजत पदक हासिल किए। विद्यालय निदेशक विशाल अवस्थी और प्रधानाचार्य सतीश ने विजेताओं को बधाई देते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

33 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद प्राचार्य डॉ. कौंडल सेवानिवृत्त हुए



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। रबीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल 33 वर्षों से अधिक की राजकीय सेवा पूरी करने के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्राध्यापकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

बिलासपुर के रौड़ा क्षेत्र में सात घंटे बिजली रहेगी बंद

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। विद्युत उपमंडल-दो के रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एक नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता रविन्द्र चौधरी ने बताया कि विद्युत लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की छंटाई के चलते सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान खैरियां स्कूल, जीवन फ्लोर मिल, चंदेल टायर, मिल्क चिलिंग प्लांट, महर्षि वाल्मीकि मोहल्ला, पंप हाउस और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

नूरपुर में संस्कृत के संरक्षण और आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर राज्यपाल ने दिया जोर

प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर दिया विशेष बल

भारतेन्दु संवाददाता, नूरपुर। राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, सभ्यता, संस्कृति और समृद्ध ज्ञान परंपरा का आधार है। वे शनिवार को नूरपुर के समीप मलकवाल स्थित केबीवीएम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय संस्कृत भारती गोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया।



राज्यपाल कविंदर गुप्ता।

राज्यपाल ने कहा कि वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत जैसे महान ग्रंथों के माध्यम से संस्कृत ने ज्ञान, दर्शन, विज्ञान, नैतिकता और जीवन मूल्यों की परंपरा को आगे बढ़ाया है। इस भाषा ने हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने और पीढ़ियों को जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने संस्कृत भारती के पदाधिकारियों, आयोजकों और देशभर से पहुंचे प्रतिभागियों को आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्र उनकी सेवाओं को याद कर रहा है। लौह पुरुष ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व से लगभग 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय करवाकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के संदर्भ में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय इतिहास और शिक्षा व्यवस्था में प्राचीन ऋषियों, विद्वानों तथा वैज्ञानिकों के योगदान को भी उचित स्थान मिलना चाहिए। आर्यभट्ट, पाणिनि, सुश्रुत और भास्कराचार्य जैसे विद्वानों ने विश्व के ज्ञान-विज्ञान को समृद्ध किया। तक्षशिला और नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय भारत की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा के प्रतीक हैं। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत की सही जानकारी मिलनी चाहिए।

उन्होंने मातृभाषाओं के संरक्षण के लिए घरों और दैनिक जीवन में उनके उपयोग पर जोर दिया। कहा कि संस्कृत भारती संस्कृत को जनसामान्य तक पहुंचाने और इसे व्यवहार की भाषा बनाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रही है। प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण तथा संस्कृत अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहन देना भी आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन ज्ञान परंपराओं को आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमों से जोड़ना समय की जरूरत है। संस्कृत साहित्य में गणित, खगोल विज्ञान और आयुर्वेद सहित अनेक विषयों का महत्वपूर्ण ज्ञान उपलब्ध है। इस पर प्रमाणिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शोध कर इसे विश्व के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

इंदौर में अंतरराष्ट्रीय मंच पर पठानकोट के 23 विद्यार्थी दिखा रहे नेतृत्व क्षमता



भारतेन्दु संवाददाता,अशोक ठाकुर, पठानकोट । प्रताप वर्ल्ड स्कूल, पठानकोट के 23 विद्यार्थियों का दल मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट 2026 में भाग ले रहा है। 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक चल रहे इस आयोजन में कक्षा छठी से बारहवीं तक के 12 छात्र और 11 छात्राएं शामिल हैं। उनके साथ स्कूल के तीन शिक्षक भी गए हैं।

समिट का शुभारंभ 30 अक्टूबर को द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत 'द रियल जम्मू एंड कश्मीर' विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। इसमें क्षेत्र की संस्कृति, परंपराओं और विरासत को दर्शाया गया।

31 अक्टूबर और एक नवंबर को एनएमआईएमएस इंदौर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें वाद-विवाद, कूटनीति, नेतृत्व क्षमता और समस्या समाधान से जुड़ी चुनौतियां शामिल हैं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों को संवाद कौशल, तार्किक चिंतन और सामूहिक कार्य का अनुभव मिल रहा है।

प्रताप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने कहा कि कक्षा से बाहर मिलने वाले अनुभव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल प्रबंधन ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

मंडी में एसआईआर के समर्थन में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, जयराम ठाकुर संभालेंगे कमान

भारतेन्दु संवाददाता, रूप लाल कौंडल, मंडी। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समर्थन में भाजपा 4 नवंबर को मंडी में पदयात्रा और जनसभा आयोजित करेगी। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा विधायक एवं प्रदेश पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने यह जानकारी देते हुए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से बड़ी संख्या में मंडी पहुंचने का आह्वान किया है।

राकेश जम्वाल ने बताया कि महापदयात्रा पड्डल मैदान से शुरू होकर मंडी बाजार से गुजरते हुए सेरी मंच तक पहुंचेगी। इसके बाद जनसभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'मंडी चलो' का नारा देते हुए आयोजन को सफल बनाने की अपील की।



पदयात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, विधायक इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण ठाकुर, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा, प्रवक्ता पंकज जम्वाल और मेयर सुमन ठाकुर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पदयात्रा और जनसभा की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय करने पर विचार-विमर्श हुआ।

राकेश जम्वाल ने कहा कि एसआईआर को लेकर कांग्रेस की ओर से भ्रम फैलाने और राजनीतिक आरोप लगाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जनता के सामने तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर सवाल उठाकर जनता के बीच भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया।

मोहाली के अस्पताल में आधुनिक उपचार से हमीरपुर के मरीज को मिली नई जिंदगी

आधुनिक तकनीक से हमीरपुर के स्ट्रोक पीड़ित की लौटी बोलने चलने की क्षमता

भारतेन्दु संवाददाता, सुरेंद्र कटोच, हमीरपुर। आधुनिक चिकित्सा तकनीक की मदद से हमीरपुर के 58 वर्षीय स्ट्रोक पीड़ित मरीज की बोलने और चलने-फिरने की क्षमता में सुधार हुआ है। मस्तिष्क की रक्त वाहिका में खून का थक्का जमने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो गई थी। उसे एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक हुआ था। इसके बाद मोहाली स्थित लिवासा अस्पताल में मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी तकनीक से उपचार किया गया। प्रक्रिया के बाद कुछ ही घंटों में मरीज की बोलने और चलने-फिरने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।

इस मामले की जानकारी शनिवार को हमीरपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में लिवासा अस्पताल मोहाली के डायरेक्टर न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी और हेड न्यूरो इंटरवेंशन्स डॉ. विनीत सग्गर ने दी। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के लक्षण सामने आने के बाद मरीज को अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकीय जांच में मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली एक प्रमुख रक्त वाहिका में रुकावट का पता चला। मरीज की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी के माध्यम से उपचार करने का निर्णय लिया।



डॉ. सग्गर

डॉ. सग्गर ने बताया कि मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी एक आधुनिक उपचार प्रक्रिया है। इसमें बड़ी सर्जरी किए बिना रक्त वाहिकाओं के रास्ते विशेष उपकरण को मस्तिष्क तक पहुंचाया जाता है। इसकी सहायता से प्रभावित रक्त वाहिका में जमा खून के थक्के को बाहर निकाला जाता है। इससे मस्तिष्क के प्रभावित हिस्से में रक्त का प्रवाह दोबारा बहाल करने में मदद मिलती है। डॉ. सग्गर के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की।

डॉ. सग्गर ने कहा कि स्ट्रोक एक गंभीर चिकित्सकीय आपातस्थिति है, जिसमें समय की बहुत अहमियत होती है। इसके लक्षणों की समय पर पहचान और मरीज को उचित चिकित्सा सुविधा वाले अस्पताल तक पहुंचाना जरूरी है। इससे जान बचाने और स्थायी नुकसान की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण पहचानने के लिए नमस्ते (एनएएमएएसटीई) प्रोटोकॉल की जानकारी दी। इसके तहत व्यक्ति से दोनों हाथ जोड़ने, मुस्कुराने, बोलने, दाएं-बाएं देखने और खड़े होने जैसी गतिविधियां करवाकर संभावित लक्षणों का पता लगाया जा सकता है।

केलांग में 34 पंचायतों के प्रतिनिधियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू



भारतेन्दु संवाददाता, केलांग। जिला लाहौल एवं स्पीति के विकास खंड लाहौल की 34 ग्राम पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए चार दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ शुक्रवार को जिला परिषद सम्मेलन कक्ष केलांग में हुआ। उपायुक्त निवेदिता नेगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान परियोजना अधिकारी (आईटीडीपी) अश्वनी कुमार ने उन्हें पारंपरिक टोपी, शॉल और खतग पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ परिचयात्मक संवाद भी किया गया। उपायुक्त निवेदिता नेगी ने कहा कि जनता ने विश्वास जताकर प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसलिए सभी का दायित्व है कि वे लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरें और पूरी निष्ठा से जनहित में काम करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देने और जनसमस्याओं का समाधान करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी देने में सहायक होंगे। पंचायती राज अधिनियम और विभिन्न नियमों की जानकारी से पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करने और यहां प्राप्त जानकारी का उपयोग अपने क्षेत्रों के विकास में करने का आग्रह किया।

नगरेटा में आयुष शिविर, 55 ग्रामीणों को मिलीं स्वास्थ्य सेवाएं

भारतेन्दु संवाददाता, आशीष दमीर, कांगड़ा। ग्राम पंचायत परगोड़ के गांव नगरेटा में आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. बृजनंदन के निर्देशानुसार और उपमंडल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बबिता गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। आयुष विभाग के उपमंडल पुराना कांगड़ा के अंतर्गत एएएम आयुष परगोड़ की ओर से लगाए गए इस शिविर का संचालन डॉ. सचिन और लखेंद्र ने किया। शिविर में कुल 55 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 25 पुरुष, 26 महिलाएं और चार बच्चे शामिल रहे। इस दौरान लाभार्थियों के हीमोग्लोबिन और रक्त शर्करा की जांच की गई। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके अलावा आयुर्वेद के महत्व और उपयोगिता के बारे में जागरूक करने के लिए सूचना पत्रक बांटे गए। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना रहा।

मुख्यमंत्री सुक्खू की नीतियों से प्रभावित होकर नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण

हमीरपुर में भाजपा के तीन कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

भारतेन्दु संवाददाता, अनिल कुमार, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बटराण-घलूं-मंझेली क्षेत्र की बीडीसी सदस्य अनीता कौशल सहित भाजपा के दो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य अनीता कौशल, बटराण निवासी भाजपा कार्यकर्ता रजिंदर कुमार और मांजरा निवासी परमजीत कौशल ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीनों का स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहयोग प्राप्त होगा।

कांग्रेस में शामिल हुई बीडीसी सदस्य अनीता कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस के साथ जुड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।

अनीता कौशल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनसेवा, विकास और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उनका मानना है कि पार्टी के साथ जुड़कर वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके समाधान के लिए काम कर सकेंगी। उन्होंने संगठन के साथ मिलकर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने पार्टी में शामिल हुए तीनों नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार में सभी का सम्मान किया जाएगा। नए सदस्यों के अनुभव, सहयोग और सक्रिय भागीदारी से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता के समर्थन के आधार पर क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

बिलासपुर में 12 जिलों के नन्हे खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



भारतेन्दु संवाददाता, अमर सिंह ठाकुर, बिलासपुर। पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में शनिवार को 41वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर एवं ग्राम योजना, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाली इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 12 जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें बास्केटबॉल, फुटबॉल, शतरंज, ताइक्वांडो, बैडमिंटन और एथलेटिक्स की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। मंत्री राजेश धर्माणी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित दूरी के अनुसार नि:शुल्क रेल और हवाई यात्रा की सुविधा दी जाती है।

हमीरपुर के तीन स्कूलों में बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सुरक्षित बचपन अभियान के अंतिम दिन शनिवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गारली और बणी तथा मैगनेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। गारली स्कूल में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम और पोक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने नशे, साइबर अपराध और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए संबंधित कानूनों के बारे में भी बताया। साथ ही पात्र लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता लेने की प्रक्रिया समझाई। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में एएसआई फिरोज अख्तर और अधिवक्ता केके शर्मा ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। बणी स्कूल में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल कौंडल, एसएचओ गुरबख्श सिंह और अधिवक्ता रश्मि शर्मा ने विभिन्न कानूनों की जानकारी साझा की।

राष्ट्रचिंतन 42 शोधपत्र प्रस्तुत, विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प पर रखे विचार

मंडी में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण दर्शन पर विद्वानों का मंथन

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया गया। इसका विषय 'सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र निर्माण दर्शन : राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं विकसित भारत 2047 के संदर्भ में' रहा। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से आए विद्वानों, इतिहासकारों, शिक्षाविदों तथा शोधार्थियों ने भाग लिया। परिसंवाद में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा की गई। इस दौरान कुल 42 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि रहे, जबकि ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी के निदेशक डॉ. चेत राम गर्ग ने अध्यक्षता की। इंदिरा गांधी कला केंद्र नई दिल्ली के बृहत्तर भारत अध्ययन विभाग के प्रोफेसर आचार्य धर्मचन्द चौबे मुख्य वक्ता तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय शिमला के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जोगेन्द्र कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान पर चर्चा करते विद्वान

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभागार में दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ औपचारिक सत्र शुरू हुआ। इस अवसर पर परिसंवाद की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के महान राष्ट्रनिर्माता थे। स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराना उनका ऐतिहासिक योगदान रहा। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता, कूटनीतिक कौशल और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की राजनीतिक एवं भौगोलिक एकता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा करना नहीं, बल्कि विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बीच आपसी सम्मान, सामाजिक समरसता तथा संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

मंडी महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कैडेटों ने लिया संकल्प



भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने की। उन्होंने एनसीसी एयर विंग और आर्मी विंग के कैडेटों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 562 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार दिया। उन्होंने युवाओं से भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

भुट्टिको ने स्व. वेद राम ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके योगदान को किया याद



धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले और भुट्टिको की स्थापना एवं विकास में अहम भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय वेद राम ठाकुर की 55वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर सहित सभा के अधिकारियों, कर्मचारियों और बुनकर सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दिन उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय गूंहकी देवी की भी पुण्यतिथि होने पर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि भुट्टिको आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसमें स्व. वेद राम ठाकुर की कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी का अहम योगदान रहा है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और सहकारिता के प्रति समर्पण संस्था की मजबूत नींव बना। वे हमेशा बुनकर सदस्यों और कामगारों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते थे।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी और वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण सभा को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कठिन परिस्थितियों में कर्मचारियों ने संस्था को संभालने के लिए अपने वेतन में 35 प्रतिशत तक की कटौती की, जबकि बुनकरों ने भी 15 दिन की मजदूरी का त्याग किया। सभी के सामूहिक सहयोग और समर्पण से सभा अपना कारोबार जारी रखने में सफल रही।

तीन नवंबर को होगी हरियाणा कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में जुटेगा मंत्रिमंडल, फैसलों पर रहेगी नजर, जनहित के प्रस्तावों पर होगी चर्चा

भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़

हरियाणा मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक तीन नवंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक को आगामी दिनों में सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं और प्रशासनिक फैसलों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक मंत्रिमंडल की बैठक का आधिकारिक एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है।

बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए रखे जा सकते हैं। इनमें जनहित से जुड़े विषयों, प्रशासनिक निर्णयों और सरकार की योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर विचार होने की संभावना है।



तीन नवंबर को सुबह 11 बजे बैठेगी हरियाणा कैबिनेट।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक पर प्रदेश के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों की नजर रहेगी। माना जा रहा है कि बैठक में सरकार की आगामी कार्ययोजना और प्राथमिकताओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हो सकती है।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए जाने वाले फैसलों का असर प्रदेश के अलग-अलग विभागों के कामकाज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ सकता है। हालांकि, किन प्रस्तावों को बैठक में शामिल किया जाएगा और किन मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। संबंधित विभागों की ओर से प्रस्ताव तैयार कर मंत्रिमंडल के समक्ष रखे जाने की संभावना है।

मंत्रिमंडल की बैठक में अहम फैसलों की उम्मीद

बैठक में चर्चा और विचार-विमर्श के बाद प्रस्तावों को मंजूरी देने पर निर्णय लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक सरकार के लिए कई अहम विषयों पर विचार करने का अवसर होगी। प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनहित से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने के लिहाज से भी इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सरकार की ओर से लिए गए फैसलों और मंजूर किए गए प्रस्तावों की जानकारी साझा की जाएगी। फिलहाल सभी की निगाहें तीन नवंबर को होने वाली इस बैठक पर टिकी हैं।

पलवल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर हजारों युवाओं ने लगाई एकता की दौड़

भारतेन्दु संवाददाता, पलवल

भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को पलवल में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और शहरवासियों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खेल एवं कानून मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ होडल के विधायक हरेंद्र राम रतन और हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने सेक्टर-2 स्थित सामुदायिक केंद्र से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इंडोर स्टेडियम तक आयोजित दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।



पलवल में सरदार पटेल जयंती पर एकता दौड़ में उमड़ा जनसैलाब

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व के बल पर आजादी के बाद देश की 563 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके इस अतुलनीय योगदान के कारण ही उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

पंचकूला स्कूल में बच्ची पर हमले से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

भारतेन्दु संवाददाता, पंचकूला। हरियाणा के पंचकूला में स्कूल के भीतर पहली कक्षा की बच्ची पर तीसरी कक्षा के छात्र द्वारा किए गए हमले ने बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सेक्टर-20 स्थित शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में हुई इस घटना में घायल बच्ची को करीब 35 घंटे बाद होश आया। बच्ची चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती है और उसके चेहरे की गंभीर चोटों के कारण सर्जरी करनी पड़ेगी। घटना के सीसीटीवी फुटेज में तीसरी कक्षा का छात्र बच्ची को बहाने से पहली मंजिल के कक्षा-कक्ष में ले जाता दिखाई देता है।

वहां वह बच्ची का सिर बेंच पर पटकता है, बाल पकड़कर घसीटता है और लातें मारता है। इसके बाद ईंट से उसके चेहरे पर कई बार वार करता है। बच्ची बेहोश होकर कमरे में पड़ी रही और स्कूल की छुट्टी के बाद कमरे को ताला लगा दिया गया। किसी कर्मचारी को इसकी जानकारी नहीं हुई। बच्ची के पिता स्कूल पहुंचे तो हमले में शामिल छात्र ने ही उन्हें कमरे के बारे में बताया। पिता ने खिड़की से बेटी को खून से लथपथ देखा और शिक्षकों तथा कर्मचारियों को बुलाकर दरवाजा खुलवाया। बच्ची को पहले पंचकूला के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया।

35 घंटे बाद बच्ची को आया होश, चेहरे की होगी सर्जरी

शिक्षा मंत्री ने मांगी जांच रिपोर्ट

पिता ने स्कूल में शिक्षकों के मेहंदी लगवाने और बच्चों की निगरानी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मामले की जांच के लिए मुख्यालय स्तर पर कमेटी गठित की है और शनिवार शाम तक रिपोर्ट मांगी है। जांच में प्रिंसिपल और संबंधित शिक्षकों की भूमिका भी देखी जाएगी। घटना ने स्कूलों में निगरानी, बच्चों की सुरक्षा और जिम्मेदारी तय करने की जरूरत को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

नूंह में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

नूंह में कांग्रेस ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

भारतेन्दु संवाददाता, नूंह

नूंह स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 42वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने देश के प्रति उनके योगदान, नेतृत्व और ऐतिहासिक निर्णयों को याद करते हुए उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बख्शीस सिंह विर्क मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शहीदा खान ने इसकी अध्यक्षता की।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का नेतृत्व और देश के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने भारतीय राजनीति और देश की दिशा पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा।



जिला कार्यालय में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम।

नेताओं ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। देश के प्रति उनकी सेवाएं और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर भी विचार साझा किए गए। इस मौके पर चौधरी अख्तर हुसैन काटपुरी, जिला उपाध्यक्ष हाजी सुबराती खान, ब्लॉक अध्यक्ष मुबारिक मलिक, कोषाध्यक्ष हाजी खुर्शीद अहमद, हाजी अब्बास जयसिंहपुर, सचिव हाजी असगर टाई, इकरून अली, प्रदीप कुमार, शाकिर खान, राजू सरपंच, शाहिद सेवादल और जुनैद खान सहित अनेक कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरदार पटेल के आदर्श अपनाकर मजबूत बनाएं देश की एकता : राजेश नागर

भारतेन्दु संवाददाता, नूंह। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को नूंह में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिला पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड से शुरू हुई यह दौड़ लघु सचिवालय परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों और अन्य प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर एकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।



राजेश नागर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने 565 रियासतों का विलय कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और प्रशासनिक कुशलता ने देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने खेड़ा आंदोलन और बारडोली सत्याग्रह में पटेल के योगदान को भी याद किया। मंत्री ने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

बोले, जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में काम करें युवा

नूंह में दौड़े बच्चे, अधिकारी और जनप्रतिनिधि

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ई-पंचायत, ऑनलाइन सेवाओं, रोजगार, कौशल विकास और खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, उपायुक्त अखिल पिलानी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एसआईआर पर विपक्ष के सवालों को गंगवा ने बताया निराधार

भ्रम फैला रही कांग्रेस : रणबीर गंगवा



भारतेन्दु संवाददाता, फतेहाबाद। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि चुनावों में लगातार मिल रही हार से हताश कांग्रेस और विपक्षी दल मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जनता के बीच भ्रम और झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का सामान्य प्रशासनिक माध्यम है। गंगवा शनिवार को फतेहाबाद स्थित जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर चुनाव से पहले मतदाता सूचियों को अपडेट करने, मृत और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने तथा नए पात्र युवाओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है। कांग्रेस के शासनकाल में भी कई बार मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण हुआ, लेकिन उस समय पार्टी ने कभी इस पर सवाल नहीं उठाए। उन्होंने सवाल किया कि यदि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने का प्रयास किया जा रहा है तो विपक्ष को आपत्ति क्यों है। गंगवा ने आरोप लगाया कि विपक्ष ठोस मुद्दों के बजाय अफवाहों का सहारा ले रहा है। उन्होंने बताया कि विपक्ष के कथित दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए एक नवंबर को रोहतक में पदयात्रा और महारैली आयोजित की जाएगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन मुख्य रूप से शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे।

अंबली सीएचसी में एसी और वेंटिलेशन पर खर्च होंगे लाखों रुपए

भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अंबाला सिटी के अंबली गांव में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और आवासीय परिसर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने विद्युत उपकरणों और एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग की ओर से इस कार्य के लिए चार लाख 88 हजार 500 रुपये की अनुमानित लागत का ई-टेंडर जारी किया गया है। इस पहल से निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र को सुविधाओं के लिहाज से अगले चरण में ले जाने की तैयारी है। अस्पताल में आधुनिक विद्युत उपकरणों के साथ बेहतर वेंटिलेशन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान सुविधा मिल सकेगी। वहीं, चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों के लिए बनाए जा रहे आवासीय परिसर में भी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

अस्पताल और आवासीय परिसर में सुधरेगी विद्युत व्यवस्था

जारी निविदा के अनुसार, सीएचसी और आवासीय परिसर में तापमान नियंत्रण के साथ हवा के उचित आवागमन की व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत 1.5 टन क्षमता वाले पांच सितारा बीईई रेटिंग के पांच इनवर्टर स्प्लिट एयर कंडीशनर लगाए जाएंगे। इसके अलावा हवा की निकासी और वेंटिलेशन के लिए 45 क्यूबिक मीटर प्रति मिनट क्षमता वाले करीब 30 एग्जॉस्ट फैन लगाए जाने हैं। इन पंखों के साथ जीआई शीट की डक्टिंग भी की जाएगी। इससे परिसर में हवा के बेहतर आवागमन की व्यवस्था विकसित करने में मदद मिलेगी। लोक निर्माण विभाग ने इन कार्यों के लिए ई-टेंडर जारी कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। आधुनिक विद्युत उपकरणों और एयर कंडीशनिंग सिस्टम की स्थापना से स्वास्थ्य केंद्र तथा आवासीय परिसर में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

'वोट चोरी' के आरोपों पर कांग्रेस को जवाब देगी भाजपा

दीपेंद्र हुड्डा के गढ़ रोहतक से भाजपा करेगी अभियान का आगाज



राष्ट्रीय नेताओं के जरिए हरियाणा में सियासी संदेश देगी भाजपा।

भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़

हरियाणा में भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कांग्रेस के खिलाफ राजनीतिक मोर्चेबंदी तेज कर दी है। पार्टी ने प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पदयात्राओं की कार्ययोजना तैयार की है। अभियान की शुरुआत कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के लोकसभा क्षेत्र रोहतक से की जाएगी। इसके अलावा फरीदाबाद और करनाल लोकसभा क्षेत्रों में भी पदयात्राएं निकाली जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता जनता के बीच राजनीतिक संदेश देंगे।

रोहतक में नितिन नवीन और करनाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी को अभियान के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी का उद्देश्य कांग्रेस के प्रभाव वाले क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक पहुंच बढ़ाना और कार्यकर्ताओं में सक्रियता लाना है। भाजपा की इन पदयात्राओं का मकसद केवल जनसंपर्क तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों का जवाब देना भी होगा।

इसके साथ ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) और चुनाव आयोग को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी भाजपा अपना पक्ष रखेगी। पार्टी इन मुद्दों के जरिए कांग्रेस के आरोपों का राजनीतिक जवाब देने की तैयारी में है। रोहतक, फरीदाबाद और करनाल में राष्ट्रीय नेताओं की भागीदारी से अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की योजना है।

वीवीआईपी दौरे से चमकने लगा 26 साल पुराना करनाल का सेक्टर-12

भारतेन्दु संवाददाता, करनाल। करीब 26 साल पहले विकसित हुए सेक्टर-12 की तस्वीर अब बदलने लगी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पांच नवंबर को प्रस्तावित दौरे को लेकर क्षेत्र में विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य तेज कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि वर्षों से उपेक्षित सार्वजनिक स्थलों और झाड़ियों से घिरे मैदानों की भी अब सुध ली जा रही है। सुपर मॉल और केथ्रीसी मॉल के पास लंबे समय से बदहाल पड़े पार्किंग क्षेत्र की सफाई कर वहां नई टाइलें बिछाई जा रही हैं।

सेक्टर-12 से महात्मा गांधी चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर फुटपाथ और डिवाइडर दुरुस्त किए जा रहे हैं। टूटे हुए पत्थरों को बदला जा रहा है और सड़क किनारे रंग-रोगन कर क्षेत्र को नया रूप दिया जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने वर्ष 2000 में सेक्टर-12 विकसित किया था। इसके बाद यहां प्लॉट, बाजार और एससीओ तो विकसित हुए, लेकिन सार्वजनिक स्थलों और पार्किंग की स्थिति में लंबे समय तक सुधार नहीं हुआ।

झाड़ियों वाले मैदानों पर बिछ रहीं नई टाइलें

पदयात्रा मार्ग पर बिजली की तारों को व्यवस्थित करने का काम भी जारी है। बिजली निगम के एसडीओ आदित्य शुक्ला के अनुसार, करीब 10 स्थानों पर सड़क के ऊपर से गुजर रही तारों की क्रॉसिंग ऊंची की जा रही है। इसके लिए सात नए खंभे लगाए गए हैं। तारों को करीब 15 फुट की ऊंचाई पर करने की तैयारी है। एचटी और एलटी लाइनों की निगरानी के साथ अतिरिक्त फ्यूज बॉक्स भी रखे गए हैं। वहीं, मार्ग के आसपास 50 से अधिक पेड़ों की छंटाई की जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन स्थानों का विकास पहले ही हो जाना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई कि दौरे के बाद भी सफाई और रखरखाव का काम नियमित रूप से जारी रहेगा।

विरोध पांच करोड़ के बकाए पर रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल, 83 रूट ठप

हिसार में रोडवेज कर्मचारियों का चक्का जाम

भारतेन्दु संवाददाता, हिसार

रात्रि भत्ता, अवकाश यात्रा सुविधा (एलटीसी) और चिकित्सा भत्ते की करीब पांच करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने से नाराज हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने हिसार डिपो और हांसी सब डिपो में चक्का जाम कर दिया। शुक्रवार दोपहर बाद तीन बजे से कर्मचारियों ने रात्रिकालीन बस सेवाएं बंद कर दी थीं। इसके बाद शनिवार को साझा मोर्चा के आह्वान पर पूरे दिन बसों का संचालन ठप रहा। कर्मचारियों के विरोध के कारण चंडीगढ़, दिल्ली, खाटूश्याम, जोधपुर और हरिद्वार सहित स्थानीय मार्गों के कुल 83 रूटों पर बस सेवा प्रभावित हुई। इससे करीब 19 हजार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



हिसार रोडवेज की हड़ताल से 19 हजार यात्री प्रभावित।

बसों का संचालन बंद रहने से हिसार डिपो और हांसी सब डिपो को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। शुक्रवार रात करीब नौ घंटे तक बसें नहीं चलने से दोनों डिपो को 12 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। शनिवार को पूरे दिन चक्का जाम रहने के कारण कुल नुकसान बढ़कर करीब 20 लाख रुपये होने का अनुमान है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों और अन्य परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ा।

इससे पहले शुक्रवार शाम पांच बजे हिसार की एसडीएम ज्योति मित्तल और अन्य तहसीलदार डिपो पहुंचे थे। उन्होंने महाप्रबंधक और रोडवेज साझा मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच बातचीत करवाकर गतिरोध दूर करने का प्रयास किया, लेकिन करीब तीन घंटे तक चली बैठक में कोई सहमति नहीं बन सकी। कर्मचारियों ने बकाया राशि का भुगतान होने तक आंदोलन जारी रखने का रुख अपनाया। उनकी मांग है कि लंबित रात्रि भत्ता, एलटीसी और मेडिकल भुगतान जल्द जारी किए जाएं। वहीं, बस सेवाएं बंद रहने से आम यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

लाडवा में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कई विद्यालयों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

भारतेन्दु संवाददाता, लाडवा। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा की ओर से भीम स्टेडियम में ओम प्रकाश गर्ग इंटर स्कूल एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। दिवंगत ओम प्रकाश गर्ग की स्मृति में आयोजित इस अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक कौशल दिखाने का अवसर मिला। आयोजन में विभिन्न खेल स्पर्धाएं करवाई गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र सुनारिया-रोहतक के महानिरीक्षक अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल और सह-सचिव नरेंद्र सिंघल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, विकास सिंघल, तेज पाल मथाना और राजन कंसल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

भीम स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं को मिला प्रदर्शन का मंच

विद्यालय प्रधान पवन गर्ग ने मुख्य अतिथि अशोक कुमार का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य और दिवंगत ओम प्रकाश गर्ग की स्मृति में प्रतियोगिता करवाने की परंपरा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, आईएनजी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुशल पाल और एसजीओपीजी स्कूल सुजरा के प्रधानाचार्य सुरेश सैनी भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की भागीदारी और उत्साह ने खेलों के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को दर्शाया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिला।

जेपी नड्डा ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

सरदार पटेल की जयंती पर नड्डा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकजुटता का महत्व समझाया

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-1 में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकजुटता की भावना को मजबूत करना और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी को रेखांकित करना रहा।



जेपी नड्डा की मौजूदगी में अधिकारियों ने ली शपथ।

इस अवसर पर जेपी नड्डा की मौजूदगी में अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के साथ देश की सुरक्षा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनके योगदान और विचारों के महत्व को भी रेखांकित किया गया। स्वतंत्रता के बाद देश की विभिन्न रियासतों के एकीकरण और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में पटेल की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके प्रयासों ने एक संगठित और मजबूत भारत के निर्माण की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी विरासत आज भी देशवासियों को एकता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा तथा रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के सचिव तेजवीर सिंह उपस्थित रहे।

◆ कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

सरदार पटेल की जयंती पर दोहराया एकता का संकल्प

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. लवनीश जी. कृष्णा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार बर्नवाल भी इस अवसर पर मौजूद रहे। दोनों मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय एकता दिवस प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। वर्ष 2014 से इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य देशवासियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक परिसरों और सार्वजनिक संगठनों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

आरके सिन्हा के निधन से पत्रकार जगत में शोक

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक टण्डन ने भाजपा के संस्थापक सदस्य और एसआईएस के मालिक आरके सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सिन्हा के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि वह उन्हें हमेशा अपना परम मित्र मानते रहे हैं। अपने शोक संदेश में अशोक टण्डन ने कहा कि आरके सिन्हा हम सभी के प्रेरणास्रोत और भारत माता के अनन्य भक्त थे। उनके निधन की खबर से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। टण्डन ने कहा कि उन्होंने सदैव सिन्हा को अपना परम मित्र माना और उनके साथ आत्मीय संबंध रहे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। टण्डन ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस अपूरणीय क्षति को सहन करना परिवार के लिए कठिन है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि परिवार के सभी सदस्यों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

दिल्ली-एनसीआर में 5 से 20 नवंबर तक निर्माण कार्यों पर रहेगी रोक



भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दियों के दौरान बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर 15 दिनों की पूर्ण रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। यह प्रतिबंध पांच नवंबर से 20 नवंबर तक पूरे एनसीआर में लागू रहेगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। यादव ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के नव विकसित पवन एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र का दौरा करने के दौरान यह घोषणा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र की तकनीकी व्यवस्था और परिचालन तैयारियों की समीक्षा भी की।

सरकार का उद्देश्य सर्दियों में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना और हवा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर रोक के फैसले से धूल और निर्माण कार्यों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जाएगा। आदेश के तहत पांच नवंबर से 20 नवंबर तक एनसीआर में निर्माण और तोड़फोड़ से जुड़े कार्य बंद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित विभागों और एजेंसियों को प्रतिबंधों का प्रभावी ढंग से पालन कराना होगा।

23वीं मंजिल से गिरकर पिता-पुत्र की मौत, परिवार में पसरा मातम, फूल तोड़ते समय हादसा



भारतेन्दु संवाददाता, ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मायवुड्स सोसाइटी में एक दर्दनाक हादसे में 40 वर्षीय पिता और उनके 11 वर्षीय बेटे की 23वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। बालकनी में पूजा के लिए फूल तोड़ते समय बच्चे का पैर फिसल गया। उसे बचाने की कोशिश में पिता भी नीचे गिर गए। हादसे में रणदीप पात्रा और उनके इकलौते बेटे आरव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और सोसाइटी में शोक का माहौल है।

◆ खाटू श्याम जाने की थी तैयारी, हादसे में पिता-पुत्र की मौत

पुलिस के अनुसार, रणदीप पात्रा और उनकी पत्नी अमृता श्रीमणि केंद्रीय सचिवालय, दिल्ली में सेक्शन ऑफिसर थे। परिवार पिछले चार वर्षों से सोसाइटी के टावर-23 में रह रहा था। उन्हें राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर जाना था। इसके लिए सुबह 10:30 बजे जमीन की रजिस्ट्री के सिलसिले में कार्यालय पहुंचना था। दंपती तड़के करीब चार बजे उठ गए थे और रणदीप ने बेटे आरव को भी जगा दिया था।

पुलिस को दिए बयान में अमृता ने बताया कि बालकनी में बेल पर लगे फूल ऊंचाई पर होने के कारण सीढ़ी लगाई गई थी। आरव सीढ़ी पर चढ़कर फूल तोड़ रहा था। इसी दौरान सीढ़ी असंतुलित हो गई और उसका पैर फिसल गया। सुबह बारिश होने के कारण बालकनी और रेलिंग गीली थी। बेटे को गिरता देख रणदीप उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। हादसे में मां ने अपने पति और इकलौते बेटे को खो दिया।

गाजियाबाद के वेव सिटी में कॉपर तार चोरी

भारतेन्दु संवाददाता, गाजियाबाद। वेव सिटी क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन राइज प्रोजेक्ट की साइट से भारी मात्रा में कॉपर वायर चोरी होने का मामला सामने आया है। मार्च महीने से अब तक धीरे-धीरे तार चोरी किए जाने की आशंका जताई गई है। इस संबंध में प्रकृति अक्षय एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता ऋषभ वशिष्ठ ने थाना वेव सिटी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, साइट जीएम, इंजीनियर, स्टोर कीपर और ठेकेदारों समेत कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी कंपनी ने वेव सिटी स्थित राइज प्रोजेक्ट के टावर में सिविल और फिनिशिंग का काम लिया हुआ है। फिनिशिंग कार्य के तहत फ्लैटों में कॉपर केबल बिछाई जाती है। इसके लिए बड़ी मात्रा में कॉपर वायर साइट के स्टोर में रखा जाता था। निर्माण स्थल की दिन और रात की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीटीएफ सिक्योरिटी एजेंसी को सौंपी गई थी। इसके अलावा वहां जीएम, इंजीनियर, स्टोर कीपर, मजदूर और विभिन्न कार्यों के ठेकेदार भी तैनात थे। कंपनी की ओर से स्टॉक का मिलान किए जाने पर कॉपर वायर की भारी कमी सामने आई। इसके बाद चोरी का मामला उजागर हुआ। फिलहाल चोरी हुए तार की कुल मात्रा और कीमत का आकलन किया जाना बाकी है। कंपनी की ओर से कर्मचारियों और साइट पर तैनात अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

◆ जीएम-इंजीनियर और सिक्योरिटी गार्ड समेत कई नामजद

सिसोदिया ने भगवंत मान के नेतृत्व पर जताया भरोसा

मान के समर्थन में सिसोदिया का संदेश, बोले- समृद्ध पंजाब के लिए मान फिर जरूरी

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। सूची में मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम भी शामिल है, जो धूरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सभी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए भगवंत मान के नेतृत्व के प्रति अपना भरोसा जताया। सिसोदिया के संदेश को आगामी विधानसभा चुनाव में मान के नेतृत्व को लेकर पार्टी के रुख के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

मनीष सिसोदिया ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'भगवंत मान फिर से, समृद्ध पंजाब के लिए।' इस संदेश के जरिये उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान के समर्थन में अपनी बात रखी। साथ ही पहली सूची में शामिल सभी 40 उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं। सिसोदिया की पोस्ट ऐसे समय आई है, जब आम आदमी पार्टी पंजाब में आगामी चुनाव को लेकर संगठनात्मक और राजनीतिक गतिविधियों को गति दे रही है। उनके संदेश में भगवंत मान को दोबारा नेतृत्व में देखने की बात प्रमुखता से सामने आई है।

आम आदमी पार्टी की ओर से पहली सूची जारी किए जाने को चुनावी तैयारियों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 40 उम्मीदवारों के नाम घोषित होने से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां बढ़ेंगी। प्रत्याशियों को अब अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाने और मतदाताओं तक पहुंचने की जिम्मेदारी निभानी होगी। पार्टी की शुरुआती सूची से यह भी स्पष्ट हुआ है कि उसने चुनावी मैदान में उतरने के लिए उम्मीदवारों की घोषणा का सिलसिला शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान को धूरी से उम्मीदवार बनाए जाने के साथ ही यह सीट भी चर्चा में आ गई है। सिसोदिया ने अपने संदेश में मान के नेतृत्व को समृद्ध पंजाब के विचार से जोड़ते हुए पार्टी के चुनावी अभियान की दिशा का संकेत दिया। हालांकि, पोस्ट में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर किसी औपचारिक घोषणा का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन 'भगवंत मान फिर से' लिखकर उन्होंने उनके प्रति अपना राजनीतिक समर्थन स्पष्ट किया है।

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां आने वाले दिनों में और तेज होने की संभावना है। आम आदमी पार्टी की पहली सूची और सिसोदिया का संदेश पार्टी की चुनावी रणनीति के शुरुआती संकेत के रूप में सामने आया है। अब सबकी नजरें पार्टी की अगली सूची और चुनावी अभियान की आगे की रूपरेखा पर रहेंगी।



सिसोदिया का संदेश, 40 प्रत्याशियों को दी बधाई।

◆ सिसोदिया ने पोस्ट कर दोबारा नेतृत्व का किया समर्थन

दिल्ली में मुठभेड़ के बाद डाबड़ी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के डाबड़ी इलाके में 24 अक्टूबर की रात हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे 19 वर्षीय मुख्य आरोपी शिवम जग्गी उर्फ गू को द्वारका पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद से ही गिरफ्तारी से बच रहा था। शनिवार को वह किसी दूसरी वारदात को अंजाम देने के इरादे से पहुंचा था। इसी दौरान स्पेशल स्टाफ की टीम को उसकी मौजूदगी की सूचना मिली और पुलिसकर्मियों ने उसे घेर लिया। खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। उसने पुलिसकर्मियों पर चार गोलियां चलाईं। इसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की, जिसमें शिवम के बाएं पैर में गोली लग गई। गोली लगने से घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

◆ हाशिम बाबा गिरोह से जुड़ा 19 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में आरोपी के हाशिम बाबा गिरोह से सक्रिय रूप से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर डाबड़ी हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह दूसरी किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था और उसके साथ इस घटना में कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

संविधान सदन में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, उपसभापति हरिवंश, सोनिया गांधी और नितिन नवीन सहित कई सांसदों, पूर्व सांसदों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, संगठनात्मक कौशल, दूरदृष्टि और निर्णायक नेतृत्व का अनुपम उदाहरण है। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने अनेक चुनौतियों के बावजूद लगभग 560 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत आधार प्रदान किया।

ट्रांस हिंडन की कई चौकियों को मिले नए प्रभारी

पुलिस अधिकारियों की नई तैनाती, 11 चौकी प्रभारियों समेत 16 दरोगा बदले

भारतेन्दु संवाददाता, गाजियाबाद

ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 चौकी प्रभारियों समेत कुल 16 दरोगाओं के तबादले किए हैं। शुक्रवार रात जारी आदेश के तहत इंदिरापुरम और लिंक रोड थानों में तैनात दो वरिष्ठ उपनिरीक्षकों की जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। डीसीपी ऋजुल ने तबादलों की पुष्टि की है। इन बदलावों के बाद क्षेत्र की कई पुलिस चौकियों को नए प्रभारी मिल गए हैं।

डीसीपी के अनुसार, इंदिरापुरम में तैनात प्रदीप शर्मा को थाना इंदिरापुरम का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है, जबकि लिंक रोड थाने में तैनात ओमप्रकाश बघेल को थाना टीला में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। थाना साहिबाबाद में तैनात अलका चौधरी को इंदिरापुरम की शिप्रा सन सिटी चौकी का प्रभारी बनाया गया है। शिप्रा सिटी चौकी के प्रभारी सोहनवीर सिंह को कौशांबी चौकी भेजा गया है। लिंक रोड थाने में तैनात विपिन कुमार को साहिबाबाद की सीमा चौकी की जिम्मेदारी दी गई है।

संजय सिंह को इंदिरापुरम की नीतिखंड चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, डीएलएफ चौकी पर विपिन कुमार और विक्रम एन्क्लेव चौकी पर प्रदीप कुमार शर्मा को तैनाती दी गई है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को थाना इंदिरापुरम भेजा गया है।

इसके अलावा विकास अग्निहोत्री को कनावनी चौकी, अंकुर सिंह राठौर को अभयखंड चौकी और राजकुमार शर्मा को शनि चौक चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कुलवंत सिंह को मोहन नगर तथा स्वर्ण सिंह को श्यामपार्क चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कनावनी चौकी के प्रभारी बटुकेश्वर सिंह को थाना शालीमार गार्डन और नीतिखंड चौकी प्रभारी योगेश को थाना इंदिरापुरम भेजा गया है।



इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन में बदली जिम्मेदारियां।

◆ प्रदीप शर्मा और ओमप्रकाश बघेल को मिली नई जिम्मेदारी

कपास के शुल्क-मुक्त आयात की समय-सीमा दो महीने बढ़ी

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू कपड़ा और परिधान उद्योग को राहत देते हुए कपास के शुल्क-मुक्त आयात की समय-सीमा दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक कर दी है। इस फैसले का उद्देश्य उद्योगों को कच्चे कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना और उत्पादन लागत कम करना है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 30 अक्टूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

इससे पहले कपास के शुल्क-मुक्त आयात की सुविधा 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित थी। अब इसे बढ़ाकर 31 दिसंबर तक लागू रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि इस विस्तार से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में उत्पादन लागत कम होने की उम्मीद है। इससे कपड़ा निर्माण करने वाली कंपनियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सकती है। सरकार ने इस फैसले के माध्यम से घरेलू कपास बाजार में पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने और उद्योग की जरूरतों को पूरा करने पर जोर दिया है।

◆ कपड़ा और परिधान उद्योग को केंद्र की बड़ी राहत

मंत्रालय के अनुसार, आयात शुल्क में छूट से बाजार में कच्चे कपास की उपलब्धता बेहतर होगी। इसका सकारात्मक प्रभाव विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) पर पड़ने की उम्मीद है। इन उद्योगों को उत्पादन के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति मिलने से कारोबार संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही कपड़ा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी मजबूत हो सकती है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने मई 2026 में कपास के आयात को पांच महीने यानी 31 अक्टूबर तक सीमा शुल्क से छूट दी थी।

सम्मान संगीत की महफिल में दिलजीत दोसांझ ने किया सुरक्षाकर्मियों का सम्मान

दिलजीत ने महिला सुरक्षाकर्मी को कहा मां

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपने संगीत के साथ-साथ अपने खास अंदाज और व्यवहार के लिए भी जाने जाते हैं। शनिवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित उनके लाइव कॉन्सर्ट के दौरान ऐसा ही एक भावुक पल देखने को मिला, जब उन्होंने वहां तैनात एक महिला सुरक्षाकर्मी को 'मां' कहकर सम्मान दिया। दिलजीत के इस संबोधन ने कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया। खासकर युवाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनके इस कदम का स्वागत किया। देखते ही देखते कॉन्सर्ट का माहौल संगीत और मनोरंजन से आगे बढ़कर सम्मान और कृतज्ञता की भावना से भर गया।

दरअसल, कार्यक्रम के दौरान दिलजीत दोसांझ अचानक अपनी प्रस्तुति रोककर मंच से दर्शकों को वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों की ओर ध्यान दिलाने लगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनकी मौजूदगी के कारण ही हजारों लोग बिना किसी चिंता के एक जगह एकत्र होकर संगीत का आनंद ले पाते हैं। दिलजीत ने दर्शकों से अपील की कि वे वहां मौजूद सभी सुरक्षाकर्मियों के लिए जोरदार तालियां बजाएं। उनकी इस अपील पर पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।

आपकी मेहनत से ही संगीत का आनंद ले पाते हैं लोग : दिलजीत



उन्होंने कहा, 'आप न होते तो हम सब यहां इतना सुरक्षित महसूस न करते। आप लोगों की मेहनत की वजह से ही हम बेफिक्र होकर गा पाते हैं और लोग संगीत का आनंद ले पाते हैं।' उनके इस संदेश में सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों के प्रति आभार और सम्मान की भावना साफ दिखाई दी। कॉन्सर्ट में मौजूद युवाओं ने भी दिलजीत की बातों का उत्साहपूर्वक समर्थन किया।

◆ कॉन्सर्ट में सुरक्षाकर्मियों के योगदान को किया सलाम

इस दौरान दिलजीत की नजर एक महिला सुरक्षाकर्मी पर पड़ी। उन्होंने उनसे कहा, 'आपमें मुझे मां की झलक दिखी।' उनके इस संबोधन ने वहां मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। दर्शकों ने तालियां बजाकर महिला सुरक्षाकर्मी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। दिलजीत का यह व्यवहार इस बात का संदेश देता नजर आया कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता के पीछे मंच पर मौजूद कलाकारों के साथ-साथ पर्दे के पीछे जिम्मेदारी निभाने वाले लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

दिलजीत ने सुरक्षाबलों की मेहनत और जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी वजह से ही कलाकार बेफिक्र होकर मंच पर गा पाते हैं और दर्शक बिना किसी परेशानी के कार्यक्रम का आनंद ले पाते हैं।

एक देश, एक चुनाव से संघीय ढांचे को मिलेगी मजबूती : पी. पी. चौधरी

लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ कराने से स्थानीय मुद्दों को भी मिलेगा महत्व

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली

'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था को लेकर गठित संसद की संयुक्त समिति में इस प्रस्ताव के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं पर चर्चा जारी है। समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी ने बताया कि 30 अक्टूबर को दिल्ली में हुई बैठक में देश के प्रमुख राजनीतिक विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों ने अपने विचार और सुझाव रखे। चौधरी के अनुसार, विशेषज्ञों का मानना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से क्षेत्रीय दलों, संघीय ढांचे और संविधान की मूल संरचना को मजबूती मिल सकती है। बैठक में स्वामीनाथन गुरुमूर्ति, प्रोफेसर महेंद्र देव, प्रोफेसर पामी दुआ और डॉ. शमिका रवि ने हिस्सा लिया।

इनमें महेंद्र देव, पामी दुआ और शमिका रवि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य भी हैं। चर्चा के दौरान यह सवाल उठाया गया कि क्या एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय दलों का महत्व कम होगा और संघीय व्यवस्था प्रभावित होगी।

विशेषज्ञों ने इसके विपरीत तर्क देते हुए कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने से कई बार केंद्र में मजबूत स्थिति वाली पार्टी का प्रभाव राज्य चुनावों पर भी पड़ता है। इससे क्षेत्रीय दलों के लिए अपनी राजनीतिक पहचान और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता देना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वहीं, एक साथ चुनाव होने पर राष्ट्रीय मुद्दों के साथ क्षेत्रीय समस्याओं और स्थानीय हितों को भी महत्व मिल सकता है।

विशेषज्ञों ने 1967 से 2024 तक के चुनावी इतिहास का विश्लेषण करते हुए अपने विचार रखे। इसमें 1967, 1971, 1977, 1980, 1984 और 1989 के चुनावों के साथ 1989 से 2014 तक गठबंधन सरकारों के दौर तथा 2014, 2019 और 2024 के चुनावों का उल्लेख किया गया। पी. पी. चौधरी ने कहा कि भारत में 1952 से 1967 के बीच लोकसभा और विधानसभा चुनाव चार बार एक साथ हुए थे। उस समय चुनावी चक्र बनाए रखने के लिए कुछ राज्यों की विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया गया था। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, 1957 में बिहार, बॉम्बे, मद्रास, मैसूर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं को समय से पहले भंग कर एक साथ चुनाव कराए गए थे। हालांकि, 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं तथा 1970 में चौथी लोकसभा के समय से पहले भंग होने से यह चुनावी चक्र टूट गया।



चुनावी इतिहास के उदाहरणों से विशेषज्ञों ने समझाए एक देश, एक चुनाव के फायदे।

न्यूज ब्रीफ

युवा देश की रीढ़, मजबूत विचारों व अनुशासन से ही साकार होंगे जीवन के सपने : विपिन परमार

भारतेन्दु संवाददाता, पालमपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने बल्ला परौर स्थित सनराइज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और उनका अनुशासन, संस्कार व मजबूत विचार राष्ट्र का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का सीमित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देने की सीख दी। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा और सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। युवाओं को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

दिग्गल कॉलेज में छात्रों को दिए निवेश के टिप्स

भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में वित्तीय साक्षरता और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए करियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के विशेषज्ञ एचएस कालरा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को निवेश, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बीमा और डीमैट खाते की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को कम उम्र से बचत और वित्तीय नियोजन की आदत अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करने और डिजिटल गिरफ्तारी जैसी धोखाधड़ियों से सतर्क रहने का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य डॉ. हेत राम भारद्वाज ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसमें आईटीआई दिग्गल के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

चंडी स्कूल में राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व शिविर शुरू

भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी में सात दिवसीय राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व शिविर का शुभारंभ संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा डॉ. जगदीश चंद नेगी ने किया। शिविर में सिरमौर और सोलन जिलों के 153 विद्यालयों के 254 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। शिविर की गतिविधियों के संचालन के लिए स्वयंसेवकों को चार समूहों में बांटा गया तथा समूह नेताओं का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों को बैज, डायरी और पेन वितरित किए गए। शिविर 3 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आपसी सहयोग और समाज सेवा की भावना विकसित की जाएगी।

5 स्कूलों में बच्चों को बताए कानूनी अधिकार

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जिला कांगड़ा के पांच सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कानूनी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इनमें धर्मशाला, राजोल, टंग नरवाना, चड़ी और घरोह स्कूल शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल संरक्षण, पोक्सो अधिनियम और बाल-अनुकूल कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बच्चों को 'मेरा बचपन, मेरा अधिकार' और 'कानून जानो, बचपन बचाओ' का संदेश दिया। विद्यार्थियों को बताया गया कि कानूनी सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन 15100 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य बाल शोषण रोकना और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना है।

वालीबॉल ट्रायल, 150 ने दिखाया दमखम

भारतेन्दु संवाददाता, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा स्टेडियम में जिला कांगड़ा वालीबॉल एसोसिएशन की ओर से अंडर-18 वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आयोजित किए गए। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 150 लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के तहत जिला स्तर पर 14 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उन्हें अनुशासन एवं आत्मविश्वास सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने और बेहतर भविष्य बनाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों को अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के महामंत्री संजीव राणा सहित चयनकर्ता एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली: कांगड़ा से 50 बसें और 100 से अधिक गाड़ियां दिल्ली रवाना

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। धर्मशाला में कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी पंकज कुमार पंकू ने बताया कि दिल्ली में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली के लिए कांगड़ा से 50 से अधिक बसें और 100 से ज्यादा निजी वाहन रवाना हुए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर वोट चोरी और पेपर लीक के आरोप लगाए तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन को संवैधानिक अधिकार बताया।

संस्कृत श्लोक उच्चारण में तनवी ने रचा इतिहास

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समौड की छात्रा तनवी ने अर्की (सोलन) में 27 व 28 अक्टूबर को आयोजित अंडर-19 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में संस्कृत श्लोक उच्चारण विधा में दूसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ मंडी जिले को पहली बार यह सम्मान मिला। प्रधानाचार्य राम गुलाम पराशर ने तनवी और मार्गदर्शक शास्त्री अमन शर्मा को बधाई दी। तनवी ने सफलता का श्रेय अपने गुरु और माता-पिता को दिया। विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रंगों के जरिए दिया पोलियो मुक्त भारत का संदेश

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। रोटरी क्लब धर्मशाला ने दयानंद मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पोलियो उन्मूलन जागरूकता के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें करीब 25 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलाकृतियों के माध्यम से स्वस्थ और पोलियो मुक्त भारत का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सान्या महाजन प्रथम, कोमल द्वितीय और कनिष्का तृतीय स्थान पर रहीं। रोटरी जिला 3070 के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. एन.एन. शर्मा ने पोलियो उन्मूलन में रोटरी इंटरनेशनल के वैश्विक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मीनाक्षी गौतम सहित रोटरी पदाधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

भाजपा लोकतंत्र बचाने का ढोंग बंद करे : भंडारी

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा को लोकतंत्र की दुहाई देने से पहले अपने आचरण और जवाबदेही का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की पहचान स्वतंत्र संस्थाओं, निष्पक्ष चुनाव, अभिव्यक्ति की आजादी और विपक्ष के अधिकारों से होती है। भंडारी ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और महंगी शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं पर भी भाजपा से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि देश को नारों के बजाय जनहित के ठोस फैसलों की जरूरत है।

विद्यार्थियों ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को एनएचपीसी पार्वती-2 पावर स्टेशन के कार्यालय परिसर नगवाईं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रभावशाली और प्रेरणादायक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।

फिल्म की शूटिंग के लिए मनाली पहुंचीं जाह्नवी

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मनाली पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार



वह यहां के प्रसिद्ध शिरढ़ रिजॉर्ट में ठहरी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने रिजॉर्ट की मालकिन पूजा महंत के साथ तस्वीर भी खिंचवाई, जिसके बाद उनके मनाली प्रवास की चर्चा शुरू हो गई है। जाह्नवी आगामी फिल्म 'लग जा गले' में टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य के साथ नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं, जबकि करण जौहर निर्माता हैं। फिल्म को एक्शन आधारित बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जैकी श्रॉफ भी शूटिंग कार्यक्रम के लिए मनाली आने वाले थे, लेकिन मुंबई में हुई गोलीबारी की घटना के चलते उनका कार्यक्रम प्रभावित हुआ। मनाली की खूबसूरत वादियां पहले भी कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का केंद्र रही हैं। जाह्नवी के आगमन से कुल्लू-मनाली में फिल्मी गतिविधियों को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

नूरपुर में 7.12 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

अशोक ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, नूरपुर। पुलिस जिला नूरपुर की सीआईए टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनएच-154 पर कंडवाल पुलिस चौकी के नजदीक दो युवकों को 7.12 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक यामाहा ,15 मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान पठानकोट की ओर से आ रही मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। मोटरसाइकिल की पिछली सीट के नीचे रखे पारदर्शी लिफाफे से 7.12 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अतुल सिंह (32), निवासी नूरपुर और रजत कुमार (22), निवासी अमणी, जवाली के रूप में हुई है। पुलिस थाना नूरपुर में एफआईआर नंबर 278/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है।

विद्यार्थी का दावा बना संस्थान का प्रमाण 29 पन्नों पर बिना पड़ताल किए हस्ताक्षर?

सुरेंद्र कटोच, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बडू के प्रशिक्षु सर्वेश शर्मा को राष्ट्रीय स्तर की ड्रोन प्रतियोगिता में दस लाख रुपये का पुरस्कार मिलने के बाद रक्षा मंत्रालय की आइडेक्स योजना के तहत सर्विलांस ड्रोन प्रोजेक्ट मिलने का मामला जांच के दायरे में आ गया है। इस मामले में संस्थान की ओर से किए गए 29 पृष्ठों के समझौते और जारी किए गए प्रमाणपत्र को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

सर्वेश शर्मा ने आईआईटी जोधपुर और भारतीय सेना की कोणार्क कोर की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ओपन कार्डबोर्ड ड्रोन प्रतियोगिता में अपनी टीम के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। देशभर की करीब 50 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। सर्वेश की टीम को चौथे स्थान पर रहने के लिए दस लाख रुपये का पुरस्कार मिला था। इसके बाद रक्षा मंत्रालय की रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आइडेक्स) योजना के तहत सर्विलांस ड्रोन प्रोजेक्ट मिलने की जानकारी सामने आई। मामले में सामने आया है कि संस्थान के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने सर्वेश की ओर से प्रस्तुत किए गए 29 पृष्ठों के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। संस्थान ने आइडेक्स के नाम से औपचारिक सहमति और प्रमाणपत्र भी जारी किया। इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्य ने तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार को भी इस संबंध में लिखित जानकारी भेजी थी। हालांकिए प्रारंभिक पड़ताल में समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले संबंधित अधिकारियों से इसकी पुष्टि नहीं किए जाने की बात सामने आई है।

जांच में इन पहलुओं पर रहेगा ध्यान

जांच में रक्षा मंत्रालय की परियोजना की वास्तविकताए समझौते में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों की प्रामाणिकता, उनकी उत्पत्ति और संस्थान की ओर से बिना स्वतंत्र सत्यापन के सहमति व प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया की पड़ताल की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि यदि दस्तावेज फर्जी पाए जाते हैं तो विद्यार्थी को ठगने का प्रयास किस स्तर पर हुआ और संस्थान की ओर से बरती गई प्रक्रिया संबंधी चूक के लिए कौन जिम्मेदार है।

फॉलोअप

आइडेक्स समझौते के आधार पर किए हस्ताक्षर औपचारिक सहमति और प्रमाणपत्र किया जारी

प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा सर्वेश 29 पन्नों के समझौते को लेकर मेरे पास आया था। समझौता आइडेक्स के नाम से था, जिसके चलते औपचारिक सहमति और प्रमाणपत्र भी जारी किया गया।

प्रधानाचार्य चंद्रशेखर के अनुसार सर्वेश 29 पृष्ठों का समझौता लेकर उनके पास आया था। समझौता आइडेक्स के नाम से था, जिसके आधार पर उन्होंने हस्ताक्षर किए और औपचारिक सहमति व प्रमाणपत्र जारी किया।

मामले में यह आशंका भी जांच का विषय है कि कहीं किसी ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सर्वेश को कथित रक्षा परियोजना के नाम पर ठगने का प्रयास तो नहीं किया। तकनीकी शिक्षा निदेशालय ने मामले की जांच के लिए संयुक्त निदेशक दिनेश शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय तथ्य जांच समिति गठित की है। समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस से भी मामले की जांच करने का आग्रह किया गया है।

शाहपुर के बंदरेला गांव में स्थापित होगा परमार्थ इको विलेज: पठानिया

भारतेन्दु संवाददाता, शाहपुर। वृंदावन स्थित वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बंदरेला गांव में परमार्थ इको विलेज स्थापित किया जा रहा है। इसके शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई।

पठानिया ने योग सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया तथा बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने परियोजना के लिए एक सप्ताह के भीतर हैंडपंप स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इको विलेज बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर मिलेंगे। ट्रस्ट के न्यायमूर्ति उमेश कुमार सिरोही ने बताया कि यहां आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा सुविधाओं, मेडिटेशन सेंटर और खेलकूद गतिविधियों का विकास किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, योग, आध्यात्मिकता और प्रकृति से जोड़ना है।

स्कूटी सवार की मौत के बाद फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, पांच घंटे तक पठानकोट-मंडी हाईवे जाम

आशीष दमीर, भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। गग्गल के समीप तेज रफ्तार बस और स्कूटी के बीच हुई भीषण टक्कर में स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। प्रशासन पर लापरवाही और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त न होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शनिवार सुबह ठीक 9 बजे पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाईवे जाम होने से पठानकोट-मंडी मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। त्योहारों और सप्ताहांत के चलते पहले से ही सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक था। ऐसे में सैकड़ों बसें, ट्रक और निजी वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि कई लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल ही



निकलने को मजबूर हुए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के साथ करीब दो घंटे तक बातचीत की। इस दौरान ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता, मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग उठाई। साथ ही आरोपी बस चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और क्षेत्र में यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की।

प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को उचित कार्रवाई और उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों की समझाइश और आश्वासन के बाद दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इसके बाद पुलिस ने यातायात बहाल करवाया और जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे रवाना किया। पुलिस ने सड़क हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रदेश के हर जिले को आईआईटी मंडी की उपस्थिति का अहसास करवाना उद्देश्य: प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा

रूप लाल कौंडल, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शोध एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आईआईटी मंडी का उद्देश्य प्रदेश के हर जिले तक अपनी उपस्थिति और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 से 2026-27 के बीच संस्थान में 571 हिमाचली विद्यार्थियों ने दाखिला लिया, जबकि इससे पहले पांच वर्षों में यह संख्या 159 थी। इनमें 253 पीएचडी, 146 एमटेक रिसर्च और 20 डुअल डिग्री के विद्यार्थी शामिल हैं।

प्रो. बेहरा के अनुसार, वर्ष 2022 से हिमाचल केंद्रित 14 शोध परियोजनाओं के लिए 23.26 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इनमें कांगड़ा और मंडी में भूस्खलन



◆ **भूस्खलन, खेती व जल संबंधी समस्याओं पर आईआईटी मंडी कर रहा 253 शोध**

◆ **आईआईटी मंडी में पांच वर्षों में 571 हिमाचली छात्रों ने लिया दाखिला, 767 कर्मचारी भी प्रदेश से**

निगरानी एवं चेतावनी प्रणाली, शिमला-मंडी-मनाली में बहु-जोखिम आकलन और एआई आधारित भूकंपीय जोखिम अध्ययन शामिल हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में जलवायु अनुकूल खेती और सटीक कृषि पर भी शोध किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि संस्थान के कुल 834 कर्मचारियों में 767 हिमाचल प्रदेश से हैं, जो लगभग 92 प्रतिशत हैं। नियमित 197 कर्मचारियों में से 135 हिमाचली हैं। टाटा ट्रस्ट ने जलवायु नियंत्रण और आपदा प्रबंधन गतिविधियों के लिए 20 करोड़ रुपये का वित्तपोषण किया है।

कौशल विकास के क्षेत्र में सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन के माध्यम से 2,573 स्थानीय प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं, आईआईटी मंडी कैटालिस्ट ने वर्ष 2022 से 2026 के दौरान 278 स्टार्टअप को सहयोग दिया, जिनमें 59 हिमाचल के हैं।

प्रो. बेहरा ने कहा कि आईआईटी मंडी हिमाचल की मिट्टी पर खड़ा संस्थान है और प्रदेश के लोगों के प्रति इसकी विशेष जिम्मेदारी है। शोध, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से स्थानीय विकास को आगे बढ़ाना संस्थान की प्राथमिकता है।

सीएम ने एशियन गेम्स में रजत जीतने वाले बरवाल को भेंट की इनामी राशि



जितेंदर कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। एशियन गेम्स की पुरुष मैराथन में विदेशी धरती पर भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले जोगिंद्रनगर उपमंडल के रड़ा भखेड़ गांव के धावक सावन बरवाल को शनिवार को शिमला में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 2 करोड़ 64 लाख रुपये की सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जोगिंद्रनगर उपमंडल के एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अपनी पहचान बनाने वाले सावन बरवाल ने जापान के नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 की पुरुष फुल मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड का समय निकाला और रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जोगिंद्रनगर सहित हिमाचल व देश का गौरव बढ़ा है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर ने सावन बरवाल की उपलब्धि को हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सावन बरवाल को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

10वीं के नियमित छात्रों के मूल प्रमाण पत्र स्कूलों को रवाना

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से मार्च 2026 में दसवीं कक्षा की नियमित (रेगुलर) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हजारों विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। बोर्ड प्रशासन ने मैट्रिक के इन सभी नियमित परीक्षार्थियों के मूल प्रमाण-पत्र (ओरिजिनल सर्टिफिकेट) तैयार कर संबंधित स्कूलों को भेज दिए हैं। अब विद्यार्थियों को अपने प्रमाण-पत्रों के लिए बोर्ड कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि उन्हें अपने ही स्कूल से ये महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त हो सकेंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2026 में आयोजित दसवीं की नियमित परीक्षा से जुड़े विद्यार्थियों के मूल प्रमाण-पत्र बीती 27 अक्तूबर, 2026 को पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रदेश भर के संबंधित विद्यालयों को प्रेषित कर दिए गए हैं। स्कूलों में डाक पहुंचते ही प्रबंधन द्वारा इन्हें विद्यार्थियों को वितरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज तय समय पर उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

महाराणा प्रताप स्कूल में नन्हे खिलाड़ियों ने प्रतिभा और उत्साह से मोहा सबका मन



भारतेन्दु संवाददाता, नगरोटा बगवां। महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में खेल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान किंडरगार्टन से लेकर नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी नरेश पाल गुलेरिया रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के

◆ **बच्चों ने खेलों से सीखा अनुशासन व टीम भावना**

लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, प्रबंध निदेशक कुलदीप सिंह ठाकुर, मैनेजर पीएस राणा और प्रधानाचार्या पूजा महाजन ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से आयोजन सफल रहा। खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग, अनुशासन और शारीरिक विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

धर्मशाला में खुलेगा सीजीएसएस वेलनेस सेंटर: सुधीर शर्मा

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की सीजीएसएस योजना के तहत धर्मशाला में वेलनेस सेंटर खोला जाएगा। इससे निचले हिमाचल के करीब एक लाख परिवारों को लाभ



मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में प्रदेश में सीजीएसएस का एक सेंटर शिमला में संचालित है। धर्मशाला में खुलने वाले दूसरे सेंटर से केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके परिवारों को चिकित्सा परामर्श व निर्धारित दवाइयां उपलब्ध होंगी। जरूरत पड़ने पर मरीज सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार करवा सकेंगे। सुधीर शर्मा ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया।

एसआईआर के समर्थन में हमीरपुर में भाजपा की पदयात्रा 4 नवंबर को, 17 सीटों के नेता होंगे शामिल: रणधीर शर्मा

सुरेंद्र कटोच, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के विरोध को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीतिक सोच में दोहरापन सामने आ रहा है। पहले कांग्रेस मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों और फर्जी नामों को लेकर सवाल उठाती थी, लेकिन अब निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को शुद्ध करने की प्रक्रिया अपना रहा है तो उसका विरोध किया जा रहा है।

शनिवार को मट्टनसिद्ध में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित जिला भाजपा की बैठक में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि चुनावों में मिल रही पराजय से कांग्रेस बौखलाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के विरोध की आड़ में कांग्रेस फर्जी मतदाताओं और घुसपैठियों के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों से मृत व्यक्तियों और अपात्र लोगों के नाम हटाना निष्पक्ष



चुनाव के लिए जरूरी है। ईवीएम के मुद्दे पर भी उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि चुनावी परिणामों के अनुसार उसका विरोध बदलता रहता है। भाजपा का मानना है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर राजनीतिक लाभ-हानि के आधार पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए।

इस दौरान रणधीर शर्मा ने 4 नवंबर को हमीरपुर में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और सांसद अनुराग के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इसमें हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सभी 17 विधानसभा सीटों के विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत प्रदेशभर में संगोष्ठियों और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से एसआईआर की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

युवाओं और कॉलेज विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जाएगा। धर्मशाला में 30 अक्तूबर को पदयात्रा हो चुकी है, जबकि 1 नवंबर को शिमला और 4 नवंबर को हमीरपुर में कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में पदयात्रा को लेकर संगठनात्मक तैयारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

जोगिंद्रा बैंक कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, बोनस और डीए एरियर मंजूर

भारतेन्दु संवाददाता, सोलन। दिवाली से पहले जोगिंद्रा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों को बड़ी सौगात मिली है। बैंक प्रबंधन ने कर्मचारियों को बोनस/एक्सग्रेशिया तथा 5 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) का एरियर जारी करने का फैसला लिया है। बैंक कर्मचारी यूनियन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए चेयरमैन मुकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक पंकज सूद और निदेशक मंडल का आभार जताया है। यूनियन



अध्यक्ष किशन देव ने कहा कि त्योहार से पहले बोनस और डीए एरियर की मंजूरी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों की दिवाली की खुशियां बढ़ेंगी तथा उनका मनोबल मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन ने कर्मचारियों की मेहनत और योगदान का सम्मान करते हुए सराहनीय निर्णय लिया है। यूनियन ने उम्मीद जताई कि कर्मचारी भविष्य में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बैंक की प्रगति में योगदान देते रहेंगे। यह जानकारी यूनियन के महासचिव सचिन पाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

हिमाचल को 320 पीजी सीटों की सौगात व कैंसर दवाएं सस्ती करना ऐतिहासिक कदम



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। विधायक दलीप ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 320 नई पीजी मेडिकल सीटों को मंजूरी देने और कैंसर की दवाओं की कीमतें घटाने के फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि पीजी सीटों के लिए करीब 415 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती देगा। आईजीएमसी शिमला, हमीरपुर, नेरचौक, टांडा, नाहन और चंबा मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ने से युवाओं को विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा के

◆ **मोदी सरकार ने हिमाचल के युवाओं और मरीजों को दी बड़ी राहत, विधायक ने जताया आभार**

अधिक अवसर मिलेंगे। दलीप ठाकुर ने कहा कि एनपीपीए द्वारा 137 प्रकार की कैंसर दवाओं के 543 ब्रांडों की कीमतों में कटौती से मरीजों को आर्थिक राहत मिलेगी। कैंसर का इलाज पहले ही परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डालता है। उन्होंने प्रदेश सरकार से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी करने की मांग भी की।

न्यूज ब्रीफ

राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर बिलासपुर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली एकता और अखंडता की शपथ



अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। राष्ट्रीय संकल्प दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। अतिरिक्त उपायुक्त रूपिंदर कौर ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहने तथा देशवासियों में एकता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को भी याद किया गया। एसडीएम राजदीप सिंह ने उनके दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्रहित में लिए गए साहसिक निर्णयों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कबाड़ फैलाकर रास्ता रोकने पर मामला दर्ज

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। पलैणीघाट में सार्वजनिक सड़क पर कबाड़ का ढेर लगाकर यातायात बाधित करने के आरोप में बिलासपुर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, तहसील झंडूता के गांव धराड़सानी निवासी व्यक्ति ने सड़क किनारे भारी मात्रा में कबाड़ जमा कर रखा था। इससे सड़क संकरी हो गई थी और पैदल चलने वाले लोगों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही थी। सदर थाना पुलिस ने 29 अक्तूबर को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 285 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है।

अपनी जेब भरने के लिए दूसरे राज्यों को बिजली बेच रही सरकार, जनता अंधेरे में: त्रिलोक जम्वाल

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने प्रदेश में अघोषित बिजली कटों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली सरप्लस राज्य होने के बावजूद सरकार प्रदेशवासियों को नियमित आपूर्ति देने के बजाय दूसरे राज्यों को बिजली बेच रही है। उन्होंने दावा किया कि इसी कारण बिलासपुर सहित कई जिलों में लंबे बिजली कट लग रहे हैं। त्योहारी और शादी के सीजन में आम जनता, कारोबारी, कर्मचारी और विद्यार्थी परेशान हैं। जमवाल ने बिजली कटों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने पानी के बिल 100 से बढ़ाकर 441 रुपये करने पर सवाल उठाते हुए सरकार से बढ़े बिल वापस लेने और बिजली-पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।



भाषण प्रतियोगिता में आंचल ने मारी बाजी



भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विजिलेंस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरनजीत सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी और पारदर्शिता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें आंचल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्रेयसी और मीनाक्षी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर ली एकता की शपथ

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में शनिवार को राष्ट्रीय संकल्प दिवस पर उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा इसे सुदृढ़ करने के लिए समर्पित होकर कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। राष्ट्रीय संकल्प दिवस का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रत्येक नागरिक को उसके दायित्वों का बोध करवाना तथा राष्ट्र की एकता और आपसी सद्भाव को बनाए रखने के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना है।

बैंक अधिकारी राहुल बोकरपा के निधन पर विधायक अनुराधा राणा ने जताया शोक

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, केलांग। छेलिंग गांव निवासी एवं बैंक अधिकारी राहुल बोकरपा के आकस्मिक निधन पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत राहुल बोकरपा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को बेहद दुखद और स्तब्ध करने वाला बताया। विधायक ने कहा कि इतनी कम उम्र में उनका दुनिया से चले जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



पंडोह स्कूल में 'साइंस ऑन व्हील्स' कार्यशाला विद्यार्थियों ने सीखे विज्ञान के व्यावहारिक गुर

भारतेन्दु संवाददाता, पंडोह। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह में आईआईटी मंडी, प्लाक्षा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ और आईडीवाईएम के संयुक्त तत्वावधान में 'साइंस ऑन व्हील्स' मोबाइल साइंस लैब कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, स्पेस साइंस और आधुनिक वैज्ञानिक मॉडलों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोगों में भाग लेकर विज्ञान के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझा। प्रधानाचार्य युगल किशोर ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम प्रभारी दीपशिखा सेन ने भी विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।



मंडी शहर में आज लगेगा पावर कट

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। विद्युत उपमंडल मंडी-1 के तहत आने वाले शहर के अधिकांश क्षेत्रों में 1 नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अधिशासी अभियंता नरेश ठाकुर ने बताया कि सर्दियों और दीपावली के मद्देनजर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र समखेतर में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान समखेतर, मोती बाजार, अस्पताल रोड, इंदिरा मार्केट, सेरी बाजार, पैलेस कॉलोनी, टारना हिल, रामनगर, मंगवाईं, सन्यारड़, रवि नगर, जेल रोड, धनेहड़ा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मौसम खराब होने पर कार्य अगले दिन भी जारी रह सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से पहले से आवश्यक तैयारियां करने की अपील की है।

गगन बने जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति वर्ग के उपाध्यक्ष, रिवालसर में खुशी

भारतेन्दु संवाददाता, रिवालसर। रिवालसर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता गगन इन्दौरिया को जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति वर्ग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पवन गुप्ता, योगराज शर्मा, अनिल गुप्ता, लाभ सिंह, अनीता गुप्ता, यशपाल सोनी और कर्म सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। साथ ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि गगन इन्दौरिया नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करेंगे।

प्रदेश पर बढ़ता कर्ज विकास में बन रहा बाधा : शांता कुमार

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार 93 वर्ष की आयु में भी प्रदेश की राजनीति और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय नजर रखते हैं। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति, बढ़ते कर्ज, कांग्रेस सरकार के कामकाज, भाजपा की चुनावी संभावनाओं और कांगड़ा की राजनीतिक भूमिका पर खुलकर बात रखी। भारतेन्दु शिखर की एंकर **'रीत वशिष्ठ'** ने कई विषयों पर उनसे बातचीत की। पेश हैं इस बातचीत के मुख्य अंश :-

सवाल: 93 वर्ष की उम्र में भी आप राजनीति पर नजर रखते हैं। आज हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े मुद्दे क्या हैं?

जवाब: हिमाचल की राजनीति और ब्यूरोक्रेसी का स्तर अन्य राज्यों से बेहतर रहा है। कांग्रेस सरकार ने कुछ अच्छे काम भी किए हैं, जिनकी मैंने सराहना की है। लेकिन आज प्रदेश कर्ज के भारी बोझ तले दबा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से जरूरी विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता भी परेशान है। हिमाचल के भविष्य के लिए इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है।

सवाल: पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में भाजपा की सफलता को आप किस रूप में देखते हैं?

जवाब: पंचायत चुनावों में जनता ने अपना संदेश दे दिया है। पंचायत समिति और जिला परिषद में भाजपा को काफी सफलता मिली है। मेरा मानना है कि इन नतीजों से जनता की भावना सामने आई है। लोगों ने संकेत दिया है कि अब कांग्रेस की विदाई और भाजपा की वापसी का समय आ रहा है। इन चुनाव परिणामों को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए।

सवाल : 93 वर्ष की उम्र में भी आप भाजपा और पालमपुर की जीत देखने की इच्छा रखते हैं। इसकी क्या वजह है?

जवाब: अब मेरे चुनाव लड़ने का सवाल नहीं है, लेकिन मेरी इच्छा है कि जब मैं इस दुनिया से विदा लूं तो मेरी पार्टी और मेरा पालमपुर जीता हुआ हो। संभव है कि अगला विधानसभा चुनाव मेरे जीवन का अंतिम चुनाव हो। मैंने अपना लंबा जीवन पार्टी के साथ बिताया है। इसलिए चाहता हूं कि पार्टी को आने वाले समय में भी सफलता मिले।

सवाल : भारतीय जनसंघ से भाजपा



मुलाकात जो बदले हालात

तक के सफर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सम्मान को आप कैसे देखते हैं?

जवाब: वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय से ही मैं पार्टी के साथ जुड़ा हूं। जनसंघ से जनता पार्टी और फिर भाजपा बनने तक का पूरा सफर मैंने देखा है। आज पार्टी में जो सम्मान मिलता है, उसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाला सम्मान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इतने लंबे समय तक पार्टी के विकास का साक्षी रहना मेरे लिए महत्वपूर्ण अनुभव है।

सवाल : हिमाचल की राजनीति में कांगड़ा को मुख्यमंत्री पद का प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। आप क्या सोचते हैं?

जवाब: कांगड़ा राजनीतिक रूप से कमजोर रहा है। मैं हमेशा अपने लोगों से कहता हूं कि हिमाचल का इतिहास बताता है कि शिमला का रास्ता कांगड़ा से होकर जाता है। जो कांगड़ा नहीं जीतेगा, वह शिमला में नहीं बैठेगा। मैंने अपनी पार्टी को भी कहा है कि कांगड़ा को मजबूत करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। प्रदेश की राजनीति में इस जिले की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

सवाल : आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए कांगड़ा कितना महत्वपूर्ण रहेगा?

जवाब: कांगड़ा प्रदेश का बड़ा और महत्वपूर्ण जिला है। यहां की राजनीतिक स्थिति का सीधा प्रभाव प्रदेश की सत्ता पर पड़ता है। मैंने पार्टी को स्पष्ट रूप से कहा है कि कांगड़ा को मजबूत करने की जरूरत है। यदि पार्टी को प्रदेश में बेहतर सफलता हासिल करनी है तो इस जिले पर विशेष ध्यान देना होगा। कांगड़ा को मजबूत किए बिना सत्ता तक पहुंचना आसान नहीं है।

सवाल: कांगड़ा, पालमपुर और बैजनाथ की जनता को आपका क्या संदेश है?

जवाब: मैं जनता से यही कहना चाहूंगा कि आज पूरे भारत में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। यह हमारी पार्टी का स्वर्णिम युग है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। भाजपा ने देश को ऊंचाई पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसलिए मैं जनता से पार्टी को समर्थन देने की अपील करता हूं।

सवाल : भाजपा के वर्तमान नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को आप क्या सलाह देना चाहेंगे?

जवाब: मैं अपनी पार्टी से यही कहना चाहूंगा कि सेवा की राजनीति को प्राथमिकता दी जाए। राजनीति का उद्देश्य जनता की सेवा होना चाहिए। जनता का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है और इसे बनाए रखने के लिए उसके हित में काम करना जरूरी है। पार्टी को हमेशा याद रखना चाहिए कि जनता ने उसे सेवा का अवसर दिया है। इस अवसर का उपयोग जनकल्याण के लिए होना चाहिए।

नशा तस्करों पर बिलासपुर पुलिस का बड़ा प्रहार, युवती समेत दो जेल भेजे



अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवती समेत दो आदतन नशा तस्करों को पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत निरुद्ध किया है। दोनों को कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मुक्त कारागार जबली भेज दिया गया है।

निरुद्ध आरोपियों की पहचान प्रशांत धरमाणी उर्फ पिस्तू निवासी करनगोरा, घुमारवीं और शीतल कुमारी उर्फ डेजी (26) निवासी मेन मार्केट बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रशांत के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज हैं, जबकि शीतल के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। इनमें एक मामला वर्ष 2024 और चार मामले वर्ष 2026 के हैं।

पुलिस ने बताया कि निरोधक प्राधिकारी के आदेश पर अधिनियम की धारा 3(1) के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

आनी में आंगनबाड़ी के 16 पदों पर भर्ती 7 तक करें आवेदन

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। बाल विकास परियोजना अधिकारी आनी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 16 रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें कार्यकर्ता के 6 और सहायिका के 10 पद शामिल हैं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि भर्ती के लिए निर्धारित वार्षिक आय सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक संबंधित कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों के लिए 19 नवंबर तथा सहायिका के पदों के लिए 19 और 20 नवंबर को साक्षात्कार होंगे। साक्षात्कार उपमंडलाधिकारी (नागरिक) कार्यालय आनी में सुबह 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। भर्ती विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में की जाएगी।

उद्योग विभाग के गेट पर ही बदहाल सड़कें निवेशकों का स्वागत कर रही अव्यवस्थाएं

◆ बद्दी में विकास के दावों की खुली पोल, गड्ढों और गंदे पानी से परेशान लोग: गुरमेल चौधरी

भारतेन्दु संवाददाता, बद्दी। प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में बदहाल सड़कों और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरमेल चौधरी ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बद्दी में उद्योग विभाग के मुख्य कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क पर गहरे गड्ढे, धूल-मिट्टी और गंदगी के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग के बाहर स्थित सिक्का होटल चौक पर सीवरेज और ड्रेनेज की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी जमा रहता है। इससे बद्दी-बरोटीवाला मार्ग पर आवाजाही करना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

गुरमेल चौधरी ने कहा कि उद्योग विभाग के कार्यालय में देश के विभिन्न राज्यों से निवेशक औद्योगिक संभावनाओं को लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में कार्यालय के बाहर की बदहाल व्यवस्था प्रदेश की औद्योगिक छवि पर नकारात्मक असर डालती है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को आमंत्रित करने के साथ उन्हें बेहतर सड़कें, साफ-सफाई, सीवरेज और अन्य मूलभूत सुविधाएं देना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के बजाय चौकों के नामकरण पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो भाजपा की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

हिमालयन स्कूल की काजल का टांडा मेडिकल कॉलेज में चयन, सरकाघाट का नाम किया रोशन

भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट की होनहार छात्रा काजल ने पैरामेडिकल एनेस्थीसिया के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में चयनित होकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने काजल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने बताया कि काजल नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता काजल की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। काजल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और अध्यापकों को देते हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन और सहयोग से ही वह इस मुकाम तक पहुंची हैं।



अमरावती स्कूल में धूमधाम से मनाया इको फेस्ट, विद्यार्थियों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

भारतेन्दु संवाददाता, बद्दी। अमरावती विद्यालय, बद्दी में शनिवार को इको फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स हिमाचल प्रदेश के सलाहकार देवव्रत यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में आशीष ओसवाल एवं स्कूल प्रिंसिपल सुमन शर्मा उपस्थित रही। विद्यालय परिवार की ओर से उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इको फेस्ट के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए। इनमें खाने-पीने के व्यंजनों के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। दिवाली के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से दीये, मोमबत्तियां, लटकन और तोरण सहित कई आकर्षक सजावटी वस्तुएं तैयार कर उनकी बिक्री की।

इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स के स्टॉल भी लगाए, जिनमें अभिभावकों ने



◆ मुख्यातिथि देवव्रत यादव ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह लक्की ड्रॉ में नीलम शर्मा ने जीता पहला पुरस्कार

बढ़-चढ़कर भाग लिया और पुरस्कार जीते। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसके परिणाम सभी के सामने घोषित किए गए। इसमें मिस नीलम शर्मा ने 2000 रुपये का प्रथम पुरस्कार, शकुंतला देवी ने 1500 रुपये का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं ओमा सैनी, ईशान कौशल और नंदिनी को 500-500 रुपये के सांत्वना नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवव्रत यादव ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता और गुरु भगवान के समान होते हैं। उनकी सेवा और आज्ञा का पालन करके ही व्यक्ति जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके हाथों से तैयार किए गए सामान की खरीदारी भी की।

कार्यक्रम में अभिभावकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इको फेस्ट ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया।

दूरदराज सरत्योला गांव से 60 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान शुरू

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के दिशा-निर्देशों के तहत 60 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले चरण का शुभारंभ 30 अक्तूबर को करसोग के दूरदराज सरत्योला गांव से किया गया। यह अभियान 28 दिसंबर 2026 तक चलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विवेक कायस्थ ने बताया कि अभियान के दौरान गांव में प्रत्येक सप्ताह विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर लगाए जाएंगे। इनमें लोगों को कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों और कमजोर वर्गों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पात्र लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 12 के तहत निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के प्रयास होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

मंडी में जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया संकल्प एवं राष्ट्रीय एकता दिवस, इंदिरा-पटेल को किया याद



भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने संकल्प एवं राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। संगठन महासचिव प्रकाश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और सदस्यों ने दोनों नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बैंकों के राष्ट्रीयकरण, 1971 के युद्ध में भारत की विजय और पोखरण परमाणु परीक्षण का उल्लेख किया। वहीं, सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए रियासतों के एकीकरण में उनकी भूमिका की सराहना की।

रोटरी क्लब कुल्लू और भुट्ठी स्कूल के विद्यार्थियों ने सुमा विहाल में रोपे 150 पौधे

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। रोटरी क्लब कुल्लू ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सुमा विहाल (लग वैली) में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पीएमश्री भुट्ठी स्कूल के एनएसएस विद्यार्थियों और रोटरी सदस्यों ने करीब 135 से 150 देयार, बान और मलूक के पौधे रोपे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन राजीव सिंह ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा गया। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह चौहान, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

डीसी ने अधिकारियों-कर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता एवं संकल्प दिवस पर शपथ



भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर शनिवार को उपायुक्त कार्यालय मंडी के वीसी कक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं राष्ट्रीय संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शपथ भी ली।

विदित है कि प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस जबकि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय संकल्प दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ आपसी सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कुल्लू दशहरा 75 स्वयंसेवियों ने 7 दिन तक संभाली व्यवस्था, पेश की सेवा की मिसाल

सहभागिता के स्वयंसेवियों का योगदान सराहनीय



धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में सहभागिता संस्था के 75 स्वयंसेवियों ने लगातार सात दिनों तक निस्वार्थ सेवाएं देकर मानवता, समर्पण और जनभागीदारी की मिसाल पेश की। स्वयंसेवियों ने पुलिस एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और जनसुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को संभालने में अहम योगदान दिया।

उल्लेखनीय है कि सहभागिता संस्था के स्वयंसेवी पिछले कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान प्रशासन के साथ मिलकर सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी स्वयंसेवियों ने भुट्टी चौक, मॉल रोड, वैली ब्रिज, मुख्य ढालपुर चौक, प्रदर्शनी मैदान और रघुनाथ मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। उत्सव के दौरान आश बाल विकास केंद्र के सहयोग से दिव्यांगता के प्रति जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इसके माध्यम से लोगों को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील बनने और समावेशी समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। वहीं, युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए विशेष फ्लैशमॉब प्रस्तुति भी दी गई।

इस सेवा अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्वयंसेवियों ने भी सहयोग दिया। सेवा अवधि के दौरान एसपी सिरमौर निशिंचित सिंह नेगी, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. लाल सिंह, सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वयंसेवियों से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं के अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष बीजू हिमदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा जैसे विश्वविख्यात आयोजन में सेवाएं देना प्रत्येक स्वयंसेवी के लिए गर्व की बात है। स्वयंसेवा समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और सामूहिक प्रयासों से जनहित में योगदान देने का माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवियों, पुलिस, जिला प्रशासन और सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया।

सेवा अभियान के अंतिम दिन जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक एस. ने भी स्वयंसेवियों से मुलाकात कर उनके समर्पण की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सात दिनों तक चली इस पहल ने साबित किया कि किसी भी बड़े आयोजन की सफलता में प्रशासन के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। सहभागिता के युवाओं ने सेवा और समर्पण से जनभागीदारी का प्रेरक संदेश दिया।

ज्वाला का अंदाज निराला

भारत की दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ज्वाला गुट्टा बैडमिंटन की खूबसूरती खिलाड़ियों में एक हैं। 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी ज्वाला गुट्टा ने अपने पार्टनर अश्विनी पोनप्पा के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 में ज्वाला गुट्टा ने स्वर्ण पदक हासिल किया था।



मनीषा की नजरें अब ओलंपिक पदक पर

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पिता का सपना करेंगी पूरा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला पहलवान मनीषा भानवाला ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर दिया। लेकिन उनकी यह जीत सिर्फ एक बड़ी खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि अपने दिवंगत पिता के सपने को पूरा करने की भावुक कहानी भी है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद मनीषा ने दर्शकों के सामने एक सफेद टी-शर्ट लहराई, जिस पर उनके माता-पिता की तस्वीरें छपी थीं। यह उनके पिता सुरेश को समर्पित एक बेटी की भावुक श्रद्धांजलि थी, जो अपनी बेटी को विश्व चैंपियन बनते देखना चाहते थे। भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता हैं, जो उनके दिल में बसते हैं।

29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कश्ती विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा जिसकी उन्हें फायदा मिला। मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है । उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई, लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया। विश्व चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्होंने अपने पिता की याद में एक खास टीशर्ट पहना था। मनीषा ने कहा ,'मैं बता नहीं सकती कि मेरे पिता की कितनी बड़ी भूमिका रही है। मैं उनसे बात करती रहती हूं मानो वह मेरे भीतर हों । वह मेरे दिल में बसते हैं और मेरे जीवन का हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा ,' मेरे पिता ने सिखाया कि या तो कोई काम शुरू मत करो और करो तो पूरा करके ही दम लो। यह मेरे खून में है। कुश्ती मेरे लिएपहला और आखिरी विकल्प है । इसने मुझे जीवन, नाम और जीने का सामर्थ्य दिया।'



'एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया'

मनीषा ने भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा शनिवार को कराई गई बातचीत में कहा ,'एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया। मैं कोच से कुश्ती, अभ्यास और रिकवरी के बारे में पूछती रही। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप होना चाहिए। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा है।' उन्होंने कहा ,'मुझे एशियाई खेलों में पदक जीतने का यकीन था। मुझे पता था कि विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिये काफी कम समय मिलेगा। दस दिन में वजन कम करना कठिन था तो मुझे लगा कि 59 किलो सही रहेगा।'

राष्ट्रपति बोलीं-आपकी शानदार उपलब्धि देश के लिए गर्व का पल

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मनीषा भानवाला को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'मनीषा भानवाला को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने की आपकी शानदार उपलब्धि ने देश को गर्व और सम्मान का पल दिया है।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मनीषा की सराहना की। उन्होंने लिखा, 'भारतीय कुश्ती के लिए एक यादगार दिन। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली इतिहास की पहली भारतीय महिला बनने पर मनीषा भानवाला को हार्दिक बधाई।' वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने भी मनीषा की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा, '0-6 से पिछड़ने के बाद विश्व चैंपियन बनना। आप कितनी शानदार फाइटर हैं, मनीषा। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बधाई हो।' दरअसल, महिलाओं के 59 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में मनीषा का सामना अमेरिका की एबिगेल एलिजाबेथ नेटे से हुआ था।



हांगकांग सिक्सेस : यूएई ने भारत को 6 विकेट से हराया



एजेंसी, हांगकांग

हांगकांग सिक्सेस 2026 के ग्रुप सी मुकाबले में शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में 6 विकेट पर 94 रन बनाए। जवाब में यूएई ने 4.2 ओवर में बिना विकेट खोए 97 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यूएई ने 10 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

नितीश राणा दो गेंदों पर छह रन बनाकर आउट हुए, जबकि राहुल तेवतिया एक रन और शशांक सिंह एक रन ही बना सके। राहुल त्रिपाठी ने सात गेंदों पर 24 रन की तेज पारी खेली, जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल रहे। कप्तान क्रुणाल पांड्या ने आठ गेंदों पर 15 रन बनाए। टी. नटराजन ने 14 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के की मदद से 38 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कुलवंत खेजरोलिया बिना खाता खोले नाबाद रहे। भारत ने अतिरिक्त के रूप में नौ रन दिए। यूएई की ओर से जाहिद अली सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। मुहम्मद फारूक और मोहम्मद फरजुद्दीन को एक-एक विकेट मिला। 95 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। कप्तान खालिद शाह और अंश टंडन ने पहले विकेट के लिए 26 गेंदों पर 97 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। खालिद शाह ने 14 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके और छह छक्के शामिल रहे। अंश टंडन ने 12 गेंदों पर नाबाद 39 रन बनाए, जिसमें दो चौके और पांच छक्के शामिल थे।

स्पोर्ट्स विंडो

अक्षर पटेल के चोटिल होने पर विश्व कप टीम में आएंगे जडेजा : नायर

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं हैं, लेकिन 2027 विश्व कप की योजनाओं में उनकी भूमिका पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर का मानना है कि जडेजा अभी भी भारतीय टीम के लिए एक तरह की 'बीमा पॉलिसी' हैं। यदि विश्व कप से पहले अक्षर पटेल चोटिल होते हैं, तो जडेजा की टीम में वापसी हो सकती है। जियोहॉटस्टार के कार्यक्रम 'आउट ऑर नॉट आउट' में जियोस्टार के विशेषज्ञ अभिषेक नायर और चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय एकदिवसीय टीम में जडेजा के भविष्य, कुलदीप यादव को नियमित मौके नहीं मिलने और बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों की जरूरत पर चर्चा की। नायर ने जडेजा की वापसी की संभावनाओं पर कहा, 'हो सकता है कि जडेजा की टीम में वापसी न हो, लेकिन अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो सबसे पहले उनका नाम ही दिमाग में आएगा। अक्षर पटेल के बाद फिलहाल कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अभी अक्षर इस भूमिका के लिए सबसे आगे हैं और उनके बाद जडेजा आपकी बीमा पॉलिसी हैं। यदि विश्व कप से पहले अक्षर पटेल के साथ कुछ होता है, तो रवींद्र जडेजा टीम में आएंगे। '

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 3 वनडे के लिए आकिब नबी टीम में शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के पहले तीन मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने शनिवार को टीम में बदलाव की घोषणा की। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब को शुरुआत में श्रृंखला के चौथे और पांचवें एकदिवसीय मुकाबले के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई थी। अब चयन समिति ने उन्हें पहले तीन मैचों के लिए भी टीम में शामिल कर लिया है। इस बदलाव के बाद वह श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से ही भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। पहले तीन एकदिवसीय मुकाबलों के लिए संशोधित भारतीय टीम में शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कंबोज, गुरनूर बरार, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी और आकिब नबी शामिल हैं। वहीं, श्रृंखला के चौथे और पांचवें एकदिवसीय मुकाबलों के लिए घोषित भारतीय टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। इस टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन (उपकप्तान और विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, गुरनूर बरार, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।

मेदवेदेव वियना ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी, वियना। रूसी टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव ने वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने शुक्रवार रात को फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराया। अब सेमीफाइनल में मेदवेदेव का सामना स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-4, 7-6 (7-2) से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। 30 साल के मेदवेदेव ने इस जीत के साथ सीजन के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। यह टूर्नामेंट 15 से 22 नवंबर तक इटली के ट्यूरिन में खेला जाएगा। मेदवेदेव ने दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी मन्नारिनो के खिलाफ शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहला सेट 6-2 और दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। रूसी खिलाड़ी ने मन्नारिनो की सर्विस पर दूसरे मैच पॉइंट पर जीत दर्ज की।



पांचवें टी20 में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है भारत

एजेंसी, हैमिल्टन। अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम पांच मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है । सैमसन ने इस श्रृंखला में 67 , 14 , 18 , 4 रन बनाये हैं । टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं। हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले आठ मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाये । यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे । अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतिश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया ।

विश्व आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में भारत ने हासिल किए 20 पदक

4 स्वर्ण, 2 रजत व 14 कांस्य के साथ पाया चौथा स्थान

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने 47वीं विश्व आर्मरेसलिंग और 28वीं विश्व पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के शुरुआती दो दिन के फाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और 14 कांस्य सहित कुल 20 पदक जीते। दिल्ली के ईस्ट दिल्ली स्थित लीला एम्बियंस कन्वेंशन होटल में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत कुल पदकों के आधार पर रूस, कजाखस्तान और तुर्किये के बाद चौथे स्थान पर है। चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 1,700 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

भारत में पहली बार आयोजित इस विश्व चैंपियनशिप का उद्घाटन वीरवार को केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ के तत्वावधान में पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पाफी) कर रहा है। पाफी की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी और प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन समारोह में विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ के अध्यक्ष असेन हदजीतोदोरोव, महासचिव मिर्सिया सिमिओनेस्कु-सिमिसेल, एशियाई आर्मरेसलिंग महासंघ के अध्यक्ष जीनबेक मुकाम्बेतोव और आर्मरेसलिंग ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष फिल रासमुसेन भी मौजूद रहे।



आकाश ने सूर्यवंशी को नहीं खिलाने पर उठाए सवाल

एजेंसी, नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ओपनर आकाश चोपड़ा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में वैभव सूर्यवंशी को बाहर रखने पर सवाल उठाया है। चोपड़ा ने पूछा कि 'क्या आप वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ तभी खिलाएंगे, जब कोई चोटिल होगा? या जब कोई उपलब्ध नहीं होगा?' ईशान किशन के फिट होकर लौटने के बाद सूर्यवंशी को चौथे मैच की प्लेइंग-11 से बाहर किया गया था। वे चोटिल ईशान की गैरमौजूदगी में दूसरे और तीसरे टी-20 में उतरे थे। सूर्यवंशी ने 2 मैचों में 49 रन बनाए।

उन्होंने दूसरे मैच में 4 और तीसरे मैच में 45 रन बनाए। सूर्यवंशी ने 2 मैचों में 49 रन बनाए। उन्होंने दूसरे मैच में 4 और तीसरे मैच में 45 रन बनाए। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'पिछले मैच में अभिषेक ने 100 रन बनाए। जबकि, वैभव फिफ्टी चूक गए। लेकिन बैटिंग बहुत अच्छी रही। सवाल यह था कि ईशान के फिट होने पर बाहर कौन जाएगा।'

भारत-ए के 7 विकेट पर 291 रन

देवदत्त पडिक्कल ने बनाए 80 रन और कप्तान ध्रुव जुरेल 99 रन पर नाबाद

एजेंसी, क्राइस्टचर्च

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को सात विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं । दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया।

लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरा किया। भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने सात रन के भीतर तीन विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा । रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की । जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।



जायसवाल ने 4 गेंद खेलीं पर खाता नहीं खोल सके

यशस्वी जायसवाल इस पारी में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वे पहले ओवर में फ्रैजर शीट की चौथी गेंद पर आउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। पहले अनऑफिशियल टेस्ट की दोनों पारियों में जायसवाल ने 17 और 5 रन बनाए थे। अब वे लगातार तीसरी पारी में नाकाम रहे। अब दूसरी इनिंग में उनसे रन बनाने की उम्मीद है।

केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से 490 पुलिसकर्मी-अधिकारी होंगे सम्मानित

एजेंसी नई दिल्ली

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' की घोषणा कर दी है। इस वर्ष देशभर के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के कुल 490 अधिकारियों और जवानों को इस प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, यह सम्मान पुलिसिंग, जांच, खुफिया सेवा और फोरेंसिक विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जाता है। इसका उद्देश्य सुरक्षा और जांच एजेंसियों में बेहतर कार्य प्रदर्शन को प्रोत्साहित करना और उत्कृष्ट सेवाओं को पहचान देना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक फरवरी, 2024 को जारी अधिसूचना के माध्यम से 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' की स्थापना की थी। इस पुरस्कार के तहत पुलिस और सुरक्षा संगठनों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इसमें राज्य पुलिस बलों, केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस, विशेष खुफिया शाखाओं, केंद्रीय पुलिस संगठनों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और असम राइफल्स के अधिकारी एवं जवान शामिल हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक मुख्य रूप से चार क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। पहला पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा विभिन्न अभियानों में असाधारण प्रदर्शन और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए। दूसरा गंभीर और जटिल मामलों की जांच में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए। तीसरा केंद्रीय और राज्य स्तर पर अदम्य साहस, समर्पण और उत्कृष्ट खुफिया कार्य करने वाले कर्मियों के लिए और चौथा केंद्र और राज्य सरकारों के अधीन फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सरकारी वैज्ञानिकों को दिया जाता है।

बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध

विपक्षी नेता बोले- देश की जमीन भारत को नहीं देंग, गंगा जल समझौते का भी विरोध

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश में भारत के ट्रांजिट कॉरिडोर का विरोध हो रहा है। विपक्षी नेता नाहिद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में एक रैली के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बांग्लादेश में भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की जमीन भारत को नहीं दी जाएगी। ट्रांजिट कॉरिडोर का मतलब एक देश की जमीन और सड़क का इस्तेमाल करके दूसरे देश के किसी हिस्से तक सामान पहुंचाना है। इससे दूरी और सामान पहुंचाने में लगने वाला समय कम हो सकता है।

नाहिद ने गंगा जल समझौते को लेकर भी सरकार से सख्त रुख अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर समझौते को नए सिरे से करते समय बांग्लादेश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया, तो लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे।

दरअसल, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान 26 से 29 अक्टूबर तक जापान के दौरे पर थे। इस दौरान जापान और बांग्लादेश के बीच बंगाल की खाड़ी के आसपास व्यापार और आवाजाही बढ़ाने पर सहमति बनी। जापान बांग्लादेश में मातरबाड़ी नाम का एक बड़ा बंदरगाह भी बना रहा है। इसके जरिए समुद्र के रास्ते सामान लाने-ले जाने की सुविधा बढ़ेगी।

जापान की एक योजना के मुताबिक, इस बंदरगाह को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए बांग्लादेश के रास्ते सड़क और दूसरे संपर्क मार्गों का इस्तेमाल होगा। इससे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों तक सामान पहुंचाना आसान हो सकता है।



नाहिद इस्लाम की रैली में भारत विरोधी नारे

नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम की अगुआई में तारिक रहमान सरकार के खिलाफ ढाका में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन भी हुआ । प्रदर्शनकारी बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और पेट्रोल-डीजल व गैस की कमी से नाराज थे। उन्होंने गृह मंत्री और ऊर्जा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारत विरोधी नारे भी लगाए। रैली में 'दिल्ली नहीं, ढाका ढाका' के नारे लगाए गए।


सैटेलाइट भारतीय सेना को बॉर्डर से 1500 किमी दूर लोकेशन की जानकारी देगा उपग्रह

इसरो का नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 लॉन्च

एजेंसी, श्रीहरिकोटा

इसरो ने अपना नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 लॉन्च किया है। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार रात 11 बजकर 51 मिनट पर लॉन्च किया गया। उड़ान के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट के तीनों चरण सफल रहे। इसके बाद 2,232 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट रॉकेट से अलग होकर अपने तय ऑर्बिट में पहुंच गया। यह पूरे भारत और सीमा से 1,500 किलोमीटर दूर तक सटीक लोकेशन और नेविगेशन की सुविधा देगा।

इसे बनाने की जरूरत 1999 के कारगिल युद्ध के बाद महसूस हुई थी। उस समय भारत ने अमेरिकी जीपीएस से सैन्य क्षेत्र की लोकेशन संबंधी जानकारी मांगी थी, लेकिन अमेरिका ने मना कर दिया था। इसके बाद भारत ने अपना जीपीएस तैयार कर लिया।



यह सैटेलाइट एनएवीआईसी मिशन का हिस्सा

यह सैटेलाइट एनएवीआईसी मिशन के तहत लॉन्च हुई है। एनएवीआईसी का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन है। यह भारत का अपना क्षेत्रीय सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है, जिसे इसरो ने विकसित किया है। इस मिशन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी है।

एनवीएस-03?

एनवीएस-03 भारत की दूसरी पीढ़ी के एनएवीआईसी सैटेलाइट्स की श्रृंखला का तीसरा सैटेलाइट है। इसे एनएवीआईसी की सेवाओं को मजबूत करने और नई तकनीकी सुविधाएं जोड़ने के लिए विकसित किया गया है। इसमें स्वदेशी एटॉमिक क्लॉक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह एल1, एल5 और एस बैंड पर सेवाएं देने में सक्षम होगा। एल1 बैंड के जुड़ने से एनएवीआईसी को सपोर्ट करने वाले उपकरणों की संख्या बढ़ाने में मदद मिल सकती है। नेविगेशन उपग्रह की नई पीढ़ी में विशेष रूप से प्रतिबंधित उपयोगकर्ताओं के लिए उपग्रह के संचार को मजबूत करने के लिए एक नई और बेहतर एन्क्रिप्शन प्रणाली है।

एनटीपीसी को दूसरी तिमाही में 5320 करोड़ रुपए का लाभ

एजेंसी, नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। जुलाई से सितंबर 2026 के दौरान कंपनी को एकल आधार पर 5,320 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4,653 करोड़ रुपये की तुलना में 14.33 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने शनिवार को हुई बैठक में तिमाही नतीजों को मंजूरी दी।

कंपनी का एकल आधार पर राजस्व भी 16.81 प्रतिशत बढ़कर 45,752 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 39,167 करोड़ रुपये था।

हरित ऊर्जा क्षमता में एनटीपीसी ने 602 मेगावाट की बढ़ोतरी की

क्षमता बढ़ाने पर एनटीपीसी का जोर

निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तीन रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। इसका भुगतान 25 नवंबर से किया जाएगा। लाभांश के लिए छह नवंबर 2026 की शेयरधारिता को आधार बनाया जाएगा। कंपनी के शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये है। शुक्रवार को कारोबार के अंत में एनटीपीसी का शेयर 316 रुपये पर बंद हुआ। इस तिमाही में कंपनी की समेकित हरित ऊर्जा क्षमता में 602 मेगावाट की वृद्धि हुई।